CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, शनिवार 3 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

तापमान — अधिकतम :35°C न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स 80,501.99 निफ्टी 24,346.70

सोना 96,750 चांदी 98,000

shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 जिलकदा 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# गंगा एक्सप्रेस-वे पर गरजे भारतीय सेना के विमान



**शाहजहांपुर।** उप्र में शाहजहांपुर के जलालाबाद में बनी हवाई पट्टी पर शुक्रवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने लैंडिंग ट्रायल करते हुए अपना दम दिखाया।

शाहजहांपुर के गंगा एक्सप्रेसवे पर साढ़े तीन किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है। यह देश की पहली ऐसी हवाई पट्टी है, जहां वायुसेना के लड़ाकू विमान दिन और रात में उतर सकेंगे। भारतीय वायुसेना के जंगी जहाजों ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपनी ताकत दिखाई। शाहजहांपुर स्थित साढ़े तीन किलोमीटर एयर स्ट्रिप पर राफेल, मिराज और जगुआर ने एयर शो किया। इन लड़ाकू विमानों ने गंगा एक्सप्रेसवे पर टच एंड गो प्रैक्टिस की। इस एयर शो का उद्देश्य युद्ध या आपदा के समय इस एक्सप्रेसवे को वैकल्पिक रनवे के रूप में इस्तेमाल करना है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाले निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे का बदायूं से लेकर प्रयागराज तक 464 किलोमीटर के एक्सप्रेसवे का निर्माण अग्रणी औद्योगिक समूह अदाणी ग्रुप के द्वारा किया जा रहा है। बदायूं से हरदोई तक 151.7 किमी, हरदोई से उन्नाव तक 155.7 किमी और उन्नाव से प्रयागराज तक 157 किमी के तीन समूहों का निर्माण कर रहा है, जिस से आठ लेन तक बढ़ाया जा सकता है। गंगा एक्सप्रेस का लगभग 80 प्रतिशत से ऊपर काम पूरा हो गया है। जलालाबाद तहसील के गांव पीरू के पास गंगा एक्सप्रेस वे 3.5 किलीमीटर लंबी आधुनिक नवनिर्मित नाइट लैंडिग हवाई पट्टी पर शुक्रवार को मौसम खराब होने के कारण अपराह्न 12:47 मिनट पर भारतीय वायुसेना ने ऐतिहासिक शौर्य दिखाते हुए मालवाहक विमान सहित राफेल, मिराज, जगुआर मिग-24 समेत 16 लड़ाकू विमानो को हवाई पट्टी पर लैंडिंग करके यहां से उड़ान भरी। नाइट लैंडिंग शो के लिए कटरा जलालाबाद राज्य मार्ग शाम 7:00 बजे से रात्रि 10 बजे तक पूरी तरह से बंद किया गया है। यहां सुरक्षा के लिए इस पूरे क्षेत्र में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। भारतीय वायुसेना का शक्ति प्रदर्शन देखने के लिए स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों भारी संख्या में जुड़े।

**■ वायुसेना के जंगी जहाजों ने किया लैंडिंग ट्रायल**

# वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान से खुले बाबा केदार के कपाट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे 20 हजार से अधिक भक्त**

**■ पहली पूजा पीएम मोदी के नाम की हुई संपन्न**

**■ कपाट खुलने की मुख्यमंत्री धामी ने दी देशवासियों को बधाई**

**रुद्रप्रयाग।** पौराणिक परंपराओं, रीति-रिवाजों व विधि-विधान के साथ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ के कपाट शुक्रवार प्रात: सात बजे आम भक्तों के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलने के साक्षी बीस हजार से अधिक भक्त बने। कपाट खुलने के बाद समाधि में लीन बाबा केदार को जागृत किया गया और फिर विशेष पूजा-अर्चना की गई। अब भक्त धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शनों का पुण्य अर्जित कर सकते हैं।

शुक्रवार प्रात: सात बजे केदारनाथ भगवान के कपाट आम भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। मंदिर समिति के अधिकारी- कर्मचारियों की मौजूदगी में केदारनाथ धाम के रावल भीमा शंकर लिंग और पुजारी बागेश लिंग ने कपाट खोलने की प्रक्रिया पूरी। इस दौरान सम्पूर्ण केदारनगरी जय श्री केदार के उदघोषों से गूंज उठी। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कपाट खुलने पर केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। केदारनाथ धाम में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कपाट खुलने पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य के साथ ही संपूर्ण देश को इस पल की प्रतीक्षा रहती है। केदारनाथ धाम सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र होने के साथ ही भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का भी प्रतीक है। हमारे राज्य के लिए यह उत्सव का समय है। मुख्यमंत्री ने बाबा केदार से सभी यात्रियों की मंगलमयी यात्रा की प्रार्थना की।



## इजरायल ने दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट किया हमला

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## केसीए पर विवादित टिप्पणी: श्रीसंत पर लगा तीन साल का प्रतिबंध

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## छह लोगों के पाकिस्तान डिपोर्टेशन पर सुप्रीम रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को श्रीनगर के अहमद तारिक बट्ट के परिवार के 6 सदस्यों को पाकिस्तान डिपोर्ट करने पर रोक लगा दी। कहा कि जब तक इन लोगों के आइडेंटिटी डॉक्यूमेंट्स वेरिफाई नहीं हो जाते, तब तक उनको डिपोर्ट नहीं किया जाए। दरअसल, पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया था। बट्ट परिवार को भी देश छोड़ने का नोटिस मिला। इसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने परिवार को यह स्वतंत्रता दी कि यदि वे डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन आदेश से खुश नहीं हैं, तो जम्मू-कश्मीर हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं। कोर्ट ने ये भी कहा है कि इस मामले में दिया कोर्ट का आदेश मिसाल के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाए।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में बादल फटा, एनएच-44 बंद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रामबन में शुक्रवार को बादल फट गया। सड़क पर मडस्लाइडिंग (कीचड़) के चलते जम्मू- श्रीनगर हाईवे (एनएच-44) दोनों तरफ से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि हाईवे क्लियर हुआ या नहीं, सोशल मीडिया पर इसका स्टेटस चैक करके ही निकलें। इससे पहले दिल्ली-एनसीआर-यूपी और छत्तीसगढ़ में गुरुवार रात आंधी-बारिश और बिजली-पेड़ गिरने की घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली, उत्तर प्रदेश में 4-4 और छत्तीसगढ़ में 2 लोगों ने जान गंवाई है। दिल्ली-एनसीआर के निचले इलाकों में जलभराव हो गया। दिल्ली एयरपोर्ट से 200 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हो गई हैं। 3 को डायवर्ट भी करना पड़ा। 2 को जयपुर और एक को अहमदाबाद में लैंड करवाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेट करने वाली कंपनी दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि फ्लाइट ऑपरेशन नार्मल है। दिल्ली एयरपोर्ट से रोज करीब 1,300 उड़ानों की आवाजाही होती है।

# पाक पीएम शहबाज का यूट्यूब चैनल ब्लॉक

## पाक ने दो दिन बाद खोला वाघा बॉर्डर, 21 पाक नागरिक लौटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

इस बीच, पाकिस्तान ने 2 दिन बाद शुक्रवार को वाघा बॉर्डर खोल दिया है। 30 अप्रैल से बॉर्डर बंद कर दिया था। इसके बाद कई पाक नागरिक स्वदेश नहीं लौट पाए थे। शुक्रवार को 21 पाक नागरिकों को देश लौटने की इजाजत दी गई। ये लोग वीजा सस्पेंड होने के बाद भारतीय सीमा में फंसे थे। पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों की गोलीबारी में 26 पर्यटकों की मौत हो गई थी। पहलगाम की बैसरन घाटी में एनआईए और फोरेंसिक टीम शुक्रवार को जांच करने पहुंची। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर



**चार क्रिकेटरों के इंस्टाग्राम अकाउंट भी किए बंद, नौ को वापस लेने से किया इन्कार, बैसरन में NIA जांच जारी**

**पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक, वेबसाइट व पोर्टल्स को टारगेट किया**

## सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइट हैक करने की पाकिस्तान की कोशिश लगातार विफल

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत की घेराबंदी से हताश पाकिस्तान भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की वेबसाइटों को हैक करने की निरंतर कोशिश कर रहा है, लेकिन भारत की साइबर सुरक्षा एजेन्सियां इन कोशिशों को निरंतर विफल कर रही हैं। सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत द्वारा निरंतर उठाए जा रहे कदमों से बौखलाए पाकिस्तान प्रायोजित हैकर समूह , 'साइबर ग्रुप एचओएएक्स1337' और 'नेशनल साइबर क्रू' भारतीय वेबसाइटों पर निरंतर साइबर हमले कर रहे हैं।

# नैनीताल: दुष्कर्म के आरोपी के घर पर नहीं चलेगा बुलडोजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ नैनीताल हाईकोर्ट ने दी राहत, पालिका व पुलिस को लगाई फटकार**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट से नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद उस्मान व रुक्कुट वासियों को बड़ी राहत मिली है। अब नगर पालिका मोहम्मद उस्मान व अन्य को अतिक्रमण हटाने के सम्बंध में दिए गए नोटिस को वापस लेगी। नगर पालिका ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का पालन न करने पर अपनी गलती स्वीकार की है।

मोहम्मद उस्मान के अधिवक्ता डा. कार्तिकेय हरि गुप्ता ने नगर पालिका नैनीताल द्वारा मोहम्मद उस्मान को दिए नोटिस को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देश हैं कि अतिक्रमण हटाने से पूर्व 15 दिन का नोटिस देना होता है, लेकिन नगर पालिका ने केवल तीन दिन का समय दिया जबकि आरोपी जेल में है। इसके अलावा क्षेत्र के कई दर्जन अन्य लोगों को नोटिस दिए हैं। यह अपने आप में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवमानना है। इस मामले की सुनवाई के लिए मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र व न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की स्पेशल बेंच बनी थी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग व नैनीताल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रथम व द्वितीय कोर्ट में पेश हुए थे। सुनवाई के दौरान तीन दिन का समय दिए जाने के नोटिस पर नगर पालिका ने अपनी गलती -शेष पृष्ठ दो पर

# सोनिया व राहुल गांधी को कोर्ट का नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नेशनल हेराल्ड केस**



**■ अदालत ने कहा- आरोपियों का पक्ष भी सुना जाएगा, मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी**

**नई दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया। कोर्ट में मामले की दूसरी सुनवाई हुई थी।

कोर्ट ने मामले में सैम पित्रोदा, सुमन दुबे, सुनील भंडारी, मेसर्स यंग इंडिया और मेसर्स डोटेक्स मर्केंडाइज प्राइवेट लिमिटेड को भी नोटिस दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने कहा कि किसी भी स्तर पर बात सुने जाने का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई में जान फूंकता है। मामले की अगली सुनवाई अब 8 मई को होगी। 25 अप्रैल को कोर्ट ने कहा था कि चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स गायब हैं, दाखिल करें। 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इन्कार कर दिया था।

## रामदेव ने वीडियो सिर्फ प्राइवेट किया

**नई दिल्ली।** योग गुरु रामदेव के शरबत जिहाद मामले पर शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। हमदर्द ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया कि रूह अफजा के खिलाफ रामदेव का वीडियो यूट्यूब से हटाया नहीं गया है, बल्कि उसे प्राइवेट किया गया है यानी कि यूट्यूब चैनल सब्सक्राइबर इसे अभी भी देख सकते हैं। रामदेव की तरफ से पेश वकील ने कहा कि कोर्ट की तरफ से दिए गए 24 घंटे के समय के भीतर वीडियो हटा दिया जाएगा। हालांकि, हमदर्द ने यह भी दलील दी कि वीडियो को आस्था चैनल पर भी दिखाया जा रहा है। इस मामले पर कोर्ट में अब 9 मई को सुनवाई होगी। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने योगगुरु के दूसरे वीडियो पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि रामदेव किसी के नियंत्रण में नहीं हैं।




# प्रेस फ्रीडम इंडेक्स: 180 देशों में भारत 151वीं रैंकिंग पर

पेरिस, वार्ता

**■ चीन में मीडिया की हालत अफगानिस्तान से भी खराब**

**पेरिस स्थित** इंटरनेशनल एनजीओ रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (आरडब्ल्यूबी) ने 2025 के वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 180 देशों में 151वीं रैंकिंग पर रखा है। इस लिस्ट में पिछले साल भारत की रैंकिंग 159 थी।

इंडेक्स में इरीट्रिया सबसे निचले पायदान पर और नॉर्वे पहले पायदान पर है। भूटान, पाकिस्तान, तुर्की, फलस्तीन, चीन, रूस, अफगानिस्तान, सीरिया और उत्तर कोरिया को भारत से नीचे रखा गया है। आरडब्ल्यूबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स के आज तक के इतिहास में इकोनॉमिक इंडिकेटर अपने सबसे निचले स्तर पर है। दुनिया भर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। इंफर्मेशन के संसाधनों पर गूगल, एपल, फेसबुक, अमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसी टेक कंपनियों के दबदबे की वजह से मीडिया को और ज्यादा आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले जो विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे, अब उनका एक बड़ा हिस्सा इन टेक प्लेटफॉर्म्स को मिल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कई देशों में मीडिया पर पॉलिटिकल नेताओं का कंट्रोल है।



## एक नजर

### शिविर में 125 मरीजों के नेत्रों की जांच



**हल्दौर।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल बिलाई में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन मुरादाबाद के सीएल गुप्ता आई इंस्टीट्यूट के सहयोग से किया गया। शिविर का शुभारंभ सैयद मसूद रजा, प्रेसिडेंट (सेल्स एवं मार्केटिंग) और यूनिट हेड विजयवीर सिंह ने किया। कैंप में मुरादाबाद के डॉ. रमनीत कौर, एमएस (ऑप्थल्मोलॉजी) व उनकी मेडिकल टीम द्वारा मिल में कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी व मिल कॉलोनी में रहने वाले करीब 125 मरीजों के नेत्रों का निशुल्क परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर पंकज अग्रवाल महाप्रबंधक (उत्पादन), गोपाल त्यागी इंजीनियरिंग हेड, संजय गोयल एचआर हेड, अनुज शर्मा आईटी हेड, संजय गुप्ता अकाउंट हेड आदि मौजूद रहे।

### फार्मासिस्ट ने दवाईयां जलाई



**हल्दौर।** हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिसौना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है। इस केंद्र पर फार्मेसिस्ट सुधीर कुमार तैनात है। कृपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, राजवीर सिंह, हरपाल सिंह आदि ग्रामीणों के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र के पास रोगियों उपचार संबंधी व एक्सपायरी डेट वाली भारी मात्रा में दवाई जली हुई मिली है। रोगियों को दवाई वितरण न कर दवाई जलाने पर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ओमप्रकाश सिंह, जागेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, हरिओम, वेदपाल, नफीस, निसार, मोमिन आदि ग्रामवासियों ने मामले की शिकायत विभागीय अधिकारियों से करने की बात कही है। फार्मेसिस्ट सुधीर कुमार ने फोन पर भूलवश दवाई जलाने की बात कही है।

### विदेशी पर्यटकों ने वन्य जीव किए कैमरे में कैद



**रेहड़।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में इंग्लैंड से आए पर्यटक ने जंगल सफारी का आंनद लिया। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकार अंकिता किशोर ने बताया कि शुक्रवार को इंग्लैंड से पर्यटक रॉबफार्गसन अपनी पत्नि सारा व्हाइट के साथ अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी करने आए थे। जंगल सफारी के दौरान दोनों विदेशी पर्यटकों को दो टाईगर और हाथियों का झुंड दिखाई दिए, जिन्हें उन्होंने अपने कैमरे में कैद कर लिया। वन्य जीवों को देखकर विदेशी पर्यटक खुश हो गए। गौरतलब है की इससे पूर्व भी तमाम विदेशी पर्यटक अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी कर चुके हैं।

### सभासद का उपचुनाव शांतिपूर्वक संपन्न



**स्योहारा।** नगर के वार्ड नंबर दो निवासी हाजी कदीर मंसूरी को वार्ड वासियों ने अपना सभासद चुनते हुए सभासद बनाया था। करीब एक वर्ष पूर्व में अचानक हाजी कदीर मंसूरी का निधन हो गया। जिसको लेकर नगर पालिका के वार्ड नंबर दो में चुनाव कराए गए। जिसमें कुल चार लोगों ने नाम जग्गी कराई, तो वहीं पूर्व मृतक सभासद हाजी कदीर मंसूरी की पत्नी आयशा ने भी नामजदगी करते हुए सभासद का उपचुनाव लड़ा। इस वार्ड में करीब 1190 वोट है। जिसमें से लगभग 693 के करीब वोट डाले गए। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन तैनान रहा। नगर पालिका प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार ने बताया कि इसका रिजल्ट पांच तारीख को आएगा, तो वहीं आपको पता चले की पूर्व सभासद हाजी कदीर मंसूरी की जीत को लेकर पूरे वार्ड में चर्चाएं हो रही हैं। जबकि कुछ छुटभैया नेता कह रहे थे कि हम भी सपोर्ट पूर्व सभासद की पत्नी को ही कर रहे हैं।

# गोमांस बेचने के आरोप में महिला गिरफ्तार

### तराजू, बाट व मांस भी बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** पुलिस ने एक महिला को गौवंशीय मांस काटकर बेचने के आरोप में मुखबिर की सूचना के आधार पर मय गौवंशीय मांस के साथ गिरफ्तार किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महजबी पत्नी मौहम्मद यूसुफ निवासी ग्राम खेड़की, थाना चांदपुर निवासी को पचास किलो ग्राम गौवंशीय मांस व एक तराजू, बाट आदि के साथ गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध मुकदमा कायम कर उसका चालान कर दिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उसके साथ माजिद उर्फ भूरा व उसका भाई साजिद पुत्रगण नसीम अहमद निवासीगण ग्राम मसीत थाना, हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर अपने क्षेत्र में घूमंतू गौवंशीय पशु को काटकर उक्त मांस को बेचने के लिए अभियुक्तों को लाकर देते है। गत रात्रि में भी इन्हीं ने गौवंशीय पशु के मांस को बेचने के लिए इन्हें दिया था। माजिद उर्फ भूरा, साजिद पुत्रगण नसीम अहमद निवासी ग्राम मसीत, थाना हीमपुद दीपा की गिरफ्तारी हेतु चांदपुर पुलिस टीम गठित कर खोज में जुट गई हैं। पुलिस ने गिरफ्तार महिला महजबी पत्नी मौहम्मद यूसुफ निवासी ग्राम खेड़की, थाना चांदपुर, जनपद बिजनौर के पास से पचास किलो गौवंशीय मांस, एक तराजू लोहे का बाट, लकड़ी का गुटका एक चापड़, एक छुरी बरामद कर उसका चालान कर दिया।



पुलिस वांछित दोनों अभियुक्त माजिद उर्फ भूरा व साजिद पुत्रगण नसीम निवासीगण ग्राम मसीत, थाना हीमपुर दीपा, जनपद बिजनौर की खोज में जुट गई है।

## अस्पताल की लापरवाही से महिला की जान को खतरा



### एसीएमओ ने किया हॉस्पिटल का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** जीवन में माँ बनने का पल हर महिला के लिए सबसे खास होता है, लेकिन यही खुशी एक महिला के लिए दर्द और अपमान की दास्तान बन गई। ग्राम मुकीमपुर पदारथ छितावर की राखी पत्नी रामकरण जब कुंदीर हॉस्पिटल में अपने नवजात शिशु को जन्म देने पहुंचीं, तो उन्हें क्या पता था कि चिकित्सा सुविधा के नाम पर उन्हें असंवेदनशीलता और लापरवाही ही मिलेगी।

आरोप है कि ऑपरेशन के बाद जब राखी को टांके लगाए गए, तो वह नई पीड़ा का कारण बन गए। राखी ने बताया कि स्टाफ नर्स अजरा द्वारा लगाए गए टांकों में संक्रमण फैल गया, जिससे वह सैप्टिक जैसी गंभीर स्थिति में पहुंच गईं। जब उन्होंने साहस जुटाकर अपनी तकलीफों की शिकायत हॉस्पिटल में की तो बदले में उन्हें तसल्ली नहीं, बल्कि उनके साथ अभद्र भाषा और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। एक मां, जो अपने नवजात के साथ जीवन की नई शुरुआत करना चाहती थी, अब अस्पताल की लापरवाही और असंवेदनशीलता के खिलाफ इंसाफ की लड़ाई लड़ रही है। इस दर्दनाक शिकायत पर संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद विजय शंकर सिंह और एसीएमओ पीआर नायर ने कुंदीर हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल की मालि. कन डॉ. शाहाना उस समय मौजूद नहीं थीं, वहां पर मौजूद स्टाफ ने बताया कि वे देहरादून में प्रैक्टिस करती हैं। जांच के लिए आए अधिकारियों ने बताया कि जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी?

## गन्ना फसल को कीटों से बचाव के लिए चलाया जा रहा अभियान



### उपायुक्त गन्ना ने किया गन्ना बीज का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उपायुक्त गन्ना मुरादाबाद परिक्षेत्र सरदार हरपाल सिंह के निर्देशानुसार चलाया जा रहा गन्ना सर्वे नीति के अनुपालन में मुरादाबाद परिक्षेत्र में पौधा / पेड़ी को कीट से बचाव और गन्ना फसल सर्वे अभियान के अंतर्गत जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह के नेतृत्व में सहकारी गन्ना विकास समिति से सीनियर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक वीएम पाठक ने ग्राम फीना मे जाकर खेत में पौध संरक्षण उपाय देखा।

गांव के ही किसान योगेश कुमार पुत्र दिलावर सिंह के प्लॉट में फेरोमोन ट्रैप मशीन के फनेल में बोरर मक्खी को इकट्ठा करने के लिए काम कर रहा था। किसान ने फीडबैक दिया। यह फनेल ट्रैप बहुत कारगर साबित हो रहा है और इसकी कीमत 30 रुपये प्रति पीस है। लाइट ट्रैप भी काम करते हुए देखा गया। पेड़ी की फसल में किसान ने आरएमडी का इस्तेमाल किया और 5 फिट की दूरी पर फसल बोई। उपायुक्त गन्ना एवं चीनी मिल हरपाल सिंह के दिशा निर्देश पर एस. सी.डी.आई. चांदपुर विश्वामित्र पाठक ने किसानों को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार गन्ना किसानों के हित में कार्य कर रही है और गन्ना किसानों को उनकी गन्ना फसल को कीटों से बचाव के लिए उपाय बताए जा रहे हैं ताकि किसान अपनी गन्ना फसल की अच्छी उपज पैदावार कर सके और अच्छा लाभ कमा सके। इससे पहले उपायुक्त गन्ना मुरादाबाद परिक्षेत्र सरदार हरपाल सिंह ने चांदपुर पहुंच कर क्षेत्र के कई गन्ना किसानों के खेतों में एवं प्रयोगशालाओं में गन्ना बीज का भी निरीक्षण किया था।

## पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान व शमशाद अंसारी के आने से सपा हुई मजबूत : शमशाद रशीद

**नगीना।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव (अल्पसंख्यक सभा) शमशाद रशीद ने कहा कि ठाकुर मूलचंद चौहान और शमशाद अंसारी तो पार्टी के पुराने नेता हैं। किसी वजह से उन्होंने पार्टी से दूरी बना ली थी, लेकिन अब वे पार्टी में वापस आ गए हैं। वे समाजवादी पार्टी के हमारे परिवार के बड़े नेता हैं। आने वाले 2027 में समाजवादी पार्टी को इसका फायदा होगा। उन्होंने कहा कि बहुत जल्दी पार्टी दफ्तर जिला हेड क्वार्टर पर उनका स्वागत भी किया जाएगा। इन दोनों नेताओं की वापसी पर पार्टी का हर कार्यकर्ता बहुत खुश है।

# पहलगाम में आतंकी हमले की निंदा

### जमीयतुल उलेमा ने एसडीएम को सौंपा मांग पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जमीयतुल उलेमा चांदपुर की ओर से एक मांग पत्र प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को सौंपा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मांग पत्र में कहा गया कि गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में घटित हृदयविदारक एवं मानवता को झकझोर देने वाली घटना की कड़ी निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों को पकड़वाने और उन्हें कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है। मांग पत्र में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष नागरिकों व सैलानियों पर जिस प्रकार से अत्याचार व बर्बरता हुई है, वह न केवल मानवीय है, बल्कि अधिकारों का घोर उल्लंघन है। बल्कि हमारे देश की एकता, अखण्डता और सामाजिक सद्भावना को भी ठेस पहुंचाने वाला है। हम इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते है और घायलों के शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ की कामना करते है। हम इसे आपसे इस माध्यम से केन्द्र सरकार व सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से पुरजोर मांग करते है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों को अविलम्ब गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाये और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा व सुरक्षा सहायता प्रदान की जाए। साथ ही साथ कश्मीर घाटी में शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु प्रभावी कदम उठाया जाए। मांग पत्र देते समय पूर्ण विश्वास के साथ कहा गया कि आतंकबादी का कोई धर्म जाति नहीं होती वह सिर्फ आतंकि होता है। ऐसे आतंकियों की जमीन पर कोई जगह नहीं है। मांग पत्र देने वालों में चांदपुर उलमा कमेटी के सदर मुफ्ती यासीन, सचिव कारी मौहम्मद अजीम, मौलाना शरीफ अहमद, मौलना फहीम, मौलाना महताब, कारी मौहम्मद यूसुफ, मौलाना मौहम्मद एजाज, कारी बदई उज्जमा आदि उलेमा शामिल रहे।



## एक नजर

### गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार वितरित



**स्योहारा।** मौहल्ला पटवारीयान वार्ड 14 में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शैली और सभासद पति वसीम उर्फ बबलू कुरैशी द्वारा गर्भवती व धत्री महिलाओं को रिफाइंड, चना दाल व दलिया वितरित किया गया। सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी ने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं और इसी के अंतर्गत महिलाओं को रिफाइंड, दलिया व दाल वितरित किया गया है। महिलाओं व बच्चों को भी टीकाकरण करने के लिए प्रेरित किया गया। सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाने में सभासद पति वसीम उर्फ बबलू कुरैशी व आंगनबाड़ी कार्यकत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसलिए हम लोगों को उनका सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर लाभार्थियों को सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी द्वारा लगातार पूरे वार्ड में सरकार की योजनाओं का लाभार्थियों को प्रमुखता से लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं और पालिका द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों में भी अपने वार्ड की छोटी से लेकर बड़ी समस्या तक प्रमुखता के साथ उसका निस्तारण कराने में सभासद पति वसीम उर्फ बबलू कुरैशी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर सिमरा राशिद, चांदनी, सायरा, दिलशाद, तानिया, सोनू, फहीम, सुरभि, प्रशांत आदि महिलाओं एवं बच्चों को पोषक आहार वितरित किया गया।

### आतंकी हमले की कड़ी निंदा



**चांदपुर।** जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डॉ. विकास तोमर ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को भारत के 26 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या कर दिए जाने पर मरने वालों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों और पाकिस्तान को इस घटना का कड़ा से कड़ा जवाब देने और कार्रवाई करने की मांग की है। डॉ. विकास तोमर ने कहा कि आतंकवादी का कोई धर्म जात-पात नहीं होता, यह सिर्फ आतंकी होते हैं। उन्होंने 22 तारीख को हुई इस आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और भारत सरकार से अनुरोध करते हुए कहा कि भारत सरकार आतंकवादियों का नाम और निशान मिटा दे और पाकिस्तान को इसका करारा जवाब दे। उन्होंने कहा कि मैंने इस घटना से बुरी तरह आहत होकर पूरे एक दिन अन्न जल का त्याग किया।

### रिटायर्ड फौजी का तीसरा हत्यारोपी गिरफ्तार



**हल्दौर।** गांव सुमालखेड़ी निवासी पूर्व रिटायर्ड फौजी बिजनौर रहता था। उसकी गांव में खेती बाड़ी है। ग्रामवासियों के अनुसार यशपाल सिंह करीब एक सप्ताह पहले अपने ही जंगल में पानी दे रहा था। परिवार के तीन लोगों से जंगल में ट्यूबवेल से फसलों की सिंचाई करने को लेकर मारपीट हो गई थी। सिर में डंडा लगने से गंभीर रुप से घायल हुए यशपाल सिंह की ऋषिकेश के एम्स अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतका की पत्नी अंजू देवी की तहरीर पर मृतक के भतीजे राहुल, हरदीप पुत्रगण आंनदपाल व पौत्र दिव्यांशु के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की थी। हत्या के बाद आरोपी फरार थे। पुलिस इस मामले तीनों आरोपियों में से हरदीप को पहले ही पकड़कर उसका चालान कर चुकी है। शुक्रवार को पुलिस ने राहुल को गांव नवादा तुल्ला की नहर पर पकड़कर उसका चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला ने बताया कि तीसरे आरोपी को भी शीघ्र पकड़ने की बात कही है।

### स्योहारा की बेटी चढ़ी दहेज की भेंट



**स्योहारा।** मौहल्ला जुमरात का बाजार स्थित प्रीति चंद्र पुत्री मनोज चंद्रा की शादी मुरादाबाद में मौहल्ला कटघर प्रताप चंद्र पुत्र भूकन चंद्र के साथ करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी। बताया जा रहा है कि प्रीति के पति व ससुराल वाले दहेज को लेकर लगातार उसे परेशान कर रहे थे। प्रीति के परिजनों को सूचना मिली कि उनकी पुत्री ने फांसी के फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा ससुरालजनों पर अपनी पुत्री की हत्या करने की तहरीर थाने में सौंप दी।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**पाक पीएम...**

पहलगाम हमला करने वाले आतंकी दक्षिण कश्मीर के जंगलों में छिपे हैं। उनके पास राशन-पानी है, ऐसे में ये इन पहाड़ी इलाकों में लंबे समय तक रह सकते हैं। 21 पाकिस्तानी नागरिक 2 मई को अटारी-वाघा बॉर्डर से अपने देश पहुंच गए। पाकिस्तानी नागरिकों के भारत छोड़ने की डेडलाइन खत्म होने के बाद ये लोग बॉर्डर पर फंसे हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तानी नागरिकों के हर तरह के वीजा रद्द कर दिए थे। उन्हें 30 अप्रैल तक भारत छोड़ने का आदेश था। इस बीच पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं।

पाकिस्तानी क्रिकेटरों बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन आफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भारत में ब्लॉक कर दिए गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अटारी बॉर्डर पर पहुंचे 9 नागरिकों को वापस लेने से इन्कार कर दिया। भारत सरकार के आदेश के बाद ये लोग अटारी बॉर्डर से पाकिस्तान वापस जाने के लिए पहुंचे थे। पाकिस्तानी अधिकारियों ने इसका कारण नहीं बताया है। वहीं महाराष्ट्र साइबर ने शुक्रवार को बताया कि पहलगाम हमले के बाद इंडियन सिस्टम पर 10 लाख साइबर अटैक हुए हैं। महाराष्ट्र पुलिस की साइबर क्राइम डिटेक्शन विंग ने कहा कि 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद साइबर अटैक में तेजी आई है। महाराष्ट्र साइबर डिपार्टमेंट के डीजीपी यशस्वी यादव ने कहा कि इन अटैक्स में भारतीय वेबसाइट और पोर्टल्स को टारगेट किया गया। ज्यादातर हैकिंग ग्रुप्स ने खुद के इस्लामिक ग्रुप होने का दावा किया।

**नैनीताल: दुष्कर्म...**

स्वीकार करते हुए नोटिस वापस लेने की जानकारी कोर्ट को दी। हाईकोट ने दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी के बाद नैनीताल में हुए विरोध प्रदर्शन पर कड़ी नाराजगी जताई और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल सहित पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने ऐसे मामले ने सख्ती से निपटने की सलाह दी है। मामले की अगली सुनवाई की तिथि 6 मई (मंगलवार) को होगी। उस दिन पुलिस व नगर पालिका कोर्ट के आदेशों के पालन की रिपोर्ट देनी है। कोर्ट ने उस उस दिन महाधिवक्ता तथा मुख्य स्थायी अधिवक्ता तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सहित ईओ नगर पालि. का से भी पेश होने को कहा है।

सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि गाड़ी पड़ाव में घटना के समय लोग एक दूसरे की जान लेने के लिए उतारू थे लेकिन पुलिस उन्हें शांत करने के बजाय घूम रही थी। पुलिस के उच्चाधिकारी व प्रसाशन कई समय तक वहां मौजूद नहीं था। कोर्ट ने ईओ को फटकार लगाते हुए कहा कि आपको एक मई को ही कैसे पता चला कि मकान अवैध भूमि पर बना है। कोर्ट ने जब आरोपी को पेशी के लिए हल्द्वानी कोर्ट में पेश किया, तो अधिवक्ताओं ने वहां भी विरोध प्रदर्शन किया, जबकि आरोपी पुलिस की कस्टडी में पकड़ा गया है। अब धरना प्रदर्शन करने की क्या जरूरत थी?

# श्रेय लेना अखिलेश का बचकाना प्रयास: अंसारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



### जातिगत जनगणना पर बोले यूपी के मंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जातिगत जनगणना के केंद्र सरकार के ऐतिहासिक फैसले का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं, जो निहायत ही बचकाना है।

अंसारी ने शुक्रवार को कहा कि जातिगत जनगणना का केंद्र सरकार का फैसला पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय को मजबूती देगा और समाज के सभी वर्गों के उत्थान और प्रगति में मददगार होगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का यह कहना कि पीडीए के दवाब में सरकार को यह फैसला लेना पड़ा, निहायत बचकाना और राजनीतिक स्वार्थ से परिपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि दलित, पिछड़ा अल्पसंख्यकों के हितचिंतक बनने का ढोंग करने वाले अखिलेश को पता होना चाहिए कि 2009 में केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार सपा और बहुजन समाज पार्टी के सहयोग से बनी थी, उस समय जातिगत जनगणना का फैसला क्यों नहीं लिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास के संकल्प के साथ देश को विकास के पथ पर ले जा रही है, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में समाज के सभी तबकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर पारदर्शिता के साथ अमल हो रहा है और प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

### अच्छी नीति का विरोध करती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को जातिगत जनगणना को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा जातिगत जनगणना पर सरकार का फैसला उसके उन तरीकों के जैसा है, जिसमें पहले तो वो हर अच्छी योजना या नीति का विरोध करती है, उन्हें बदनाम करती है और फिर जनता के दबाव एवं हकीकत का सामना करने पर उन्हीं नीतियों को अपना लेती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि मोदी सरकार के पास न तो अपना कोई दृष्टिकोण है और न ही समस्याओं को हल करने की कोई दिशा है, बल्कि वो सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने, असल मुद्दों से भागने और अपने विभाजनकारी एजेंडे को आगे बढ़ाने में माहिर है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

Cipzer

HEALTH WITH CARE

जॉन्डिस क्योर

लिवर का जिगरी दोस्त

खून की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**

**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक

**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

☎ 0591-2313314

मुख्यालय:

मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राकेश टिकैत पर हमले के विरोध में प्रदर्शन

## हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : बाबूराम तोमर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुजफ्फरनगर में जनआक्रोश रैली निकाले जाने के दौरान भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हमला करते हुए उनकी पगड़ी उछाले जाने का भारी विरोध शुरू हो गया है। यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद क्षेत्र में प्रदर्शन कर हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के पदा. धिकारियों व कार्यकर्ताओं को जैसे ही मुजफ्फरनगर में पहलगाम की घटना के विरोध में निकाली जा रही जनआक्रोश रैली में शामिल राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हमले एवं उनकी पगड़ी गिराए जाने का पता चला, तो उनमें गुस्सा पैदा हो गया। किसान यूनियन के नेताओं ने मुजफ्फरनगर में मौजूद संगठन के पदाधिकारियों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। नागपुरिया गैंग के द्वारा अंजाम दी गई इस घटना को लेकर निंदा का दौर शुरू हो गया।



दूसरी तरफ नजीबाबाद में ग्राम मोचीपुरा के सामने यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्र हुए। उन्होंने प्रदर्शन कर राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत पर हुए हमले का विरोध करते हुए कहा कि यह सम्पूर्ण किसान समाज का अपमान है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए।

उन्होंने कहा कि यूनियन के कार्यकर्ताओं व किसानों को कमजोर समझने की भूल न की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत हमारे नेता है और उन पर हमला व अपमान किसानों पर हमला व उनका अपमान है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर में पदाधिकारियों की आपात बैठक बुलाई गई है। जो भी रणनीति बनेगी, उस पर पूरा अमल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि साजिश करने वालों को समाज में बेनकाब किया जाएगा।

इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद अवनीश कुमार, योगेन्द्र सिंह, विरेश राणा, युवा मुख्य महासचिव अंकित चौधरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशवीर सिंह, ब्लॉक सचिव सोनू गिरिराज, ब्लॉक मीडिया प्रभारी रोहित कुमार, सोमवीर सिंह, ऋषभ चौधरी, सरदार कुलदीप गिल, ब्रजपाल सिंह, अफजाल हुसैन, जय सिंह प्रधान, मौहम्मद दिलशाद, अहसान अहमद, संजीव चौधरी आदि मौजूद थे।

दूसरी तरफ मुजफ्फरनगर की घटना को लेकर किसानों में भी गुस्सा देखा जा रहा है। किसानों का मानना है कि मोदी सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर आंदोलन करने की वजह से यह हमला किया गया है। किसानों का कहना है कि संगठन के द्वारा जो आदेश दिया जाएगा, उस पर अमल करते हुए ऐसा आंदोलन किया जाएगा कि हमला करने वाले एवं उन्हें संरक्षण देने वाले भी घरों से बाहर नहीं निकलेंगे। उनका कहना है कि यह सीधे-सीधे किसानों को चुनौती है। किसान इस चुनौती को स्वीकार करते हैं।

## किरतपुर में आकाश शर्मा गिरफ्तार

**बिजनौर।** किरतपुर पुलिस ने ग्राम इस्लामपुर सादात निवासी आक. ाश शर्मा पुत्र राजकुमार शर्मा सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। किरतपुर के मौहल्ला ढोलकियान निवासी फारूक पुत्र हसीनुद्दीन की 28 अप्रैल को हत्या कर दी गई थी। मौहल्ला अफगानान निवासी मेहरबान पुत्र अहसान एवं उमर पुत्र जुल्फकार मृतक फारूक को उसके घर से बुलाकर ले गए थे। उन्होंने रामपुर आशा के जंगल में ले जाकर उसे गोली मार दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और उसके द्वारा लाश की शिनाख्त कराई गई थी। पुलिस ने इस मामले में मेहरबान व उमर को उसी दिन पकड़ लिया था। पुलिस ने दोनों को मुठभेड़ में गिरफ्तार दिखाया था। पुलिस ने मृतक फारूक की पत्नी और हत्यारोपी मेहरबान की प्रेमिका अमरीन को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस इस बात का पता लगा रही थी कि हत्यारोपियों को तमंचा किसने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए दो आरोपियों को उठाया था। आरोपियों को छुड़ाने के लिए पुलिस को बड़ा ऑफर दिया गया था। लेकिन पुलिस ने ईमानदारी दिखाई। पुलिस ने आकाश कुमार शर्मा व एक अन्य का चालान भी कर दिया है। उनसे मोबाइल भी बरामद किया गया है।

# राहुल गांधी के सम्मान में आज कांग्रेस का धन्यवाद जुलूस

### जातीय जनगणना कांग्रेस की बड़ी जीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सम्मान में कल (आज) कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा जनपद मुख्यालय पर धन्यवाद जुलूस निकाला जाएगा। जातीय जनगणना कराए जाने की मांग को लेकर संसद से लेकर सड़क तक आवाज उठा रहे विपक्ष के नेता राहुल गांधी की मांग पर केन्द्र सरकार के द्वारा दिए गए आदेश से कांग्रेस कार्यकर्ता खुश है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कांग्रेस की जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के द्वारा केन्द्र की भाजपा सरकार पर जातीय जनगणना कराने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। संसद से लेकर सड़क तक राहुल गांधी जातीय जनगणना कराने के लिए जोरदार ढंग से आवाज उठा रहे थे। जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं, वहां पर जातीय जनगणना कराई भी गई हैं। लेकिन पिछड़ी जातियों, दलितों व अन्य गरीब एवं मजदूर वर्ग के लोगों के अधिकारों पर डाका डालने वालों को संरक्षण देने की वजह से भाजपा सरकार द्वारा जातीय जनगणना नहीं कराई जा रही थी।



लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भारी दबाव की वजह से भाजपा सरकार को झुकना पड़ा है और उसने जातीय जनगणना कराने का आदेश दिया है। लेकिन सवाल यह उठता है कि जातीय जनगणना कब से शुरू कराई जाएगी और कब पुरी होगी, इस बारे में भी सरकार स्थिति स्पष्ट करें। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि सामंतवादी नहीं चाहते थे कि जातीय जनगणना कराई जाए और वह दबे कुचले समाज का हक मारते रहे। उन्होंने कहा कि इसी क्रम में कल (आज) सुबह जिला कांग्रेस कार्यालय पर 11 बजे मासिक बैठक होगी और दोपहर 12 बजे विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सम्मान में धन्यवाद जुलूस निकाला जाएगा। उनकी वजह से ही विभिन्न जातियों को न्याय मिलेगा।

# सपा को मजबूत करने के प्रयास में पूर्व जज मनोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भले ही लोकसभा चुनाव में साजिशों के चलते सपा के प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार को चुनाव हरवा दिया गया था, लेकिन वह हिम्मत नहीं हारे है। राजनीति के मैदान में मजबूती के साथ डटे पूर्व जज मनोज कुमार सपा को मजबूत करने के प्रयास में गंभीर के साथ लगे हुए है। उनका पूरा प्रयास है कि विभिन्न कारणों से पार्टी छोड़ कर गए नेताओं को वापस लाया जाए और आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन व पार्टी को मजबूत कर लिया जाए। उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए प्रयास भी शुरू कर दिए हैं। जिसके परिणाम भी सामने आने लगे हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीडीए को न्याय दिलाने के लिए पूर्व जज मनोज कुमार ने अपनी शानदार व जानदार नौकरी छोड़ दी थी। उन्होंने मिशन को मजबूत करने एवं दबे-कुचले समाज को न्याय दिलाने के लिए बाबा साहब के संविधान की पृष्ठभूमि में जो मुहिम शुरू की थी, वो सपा में ही मौजूद कुछ सामंतवादियों को पसंद नहीं आ रही थी। उन्होंने सपा के टिकट पर नगीना लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। पार्टी नेतृत्व ने नगीना लोकसभा क्षेत्र में आकर उनके लिए चुनाव प्रचार कर वोट भी मांगे थे। लेकिन सपा के ही कुछ ऐसे नेता भी रहे, जिन्हें पूर्व जज मनोज कुमार की जीत में अपनी हार दिखाई दे रही थी। उन्होंने साजिश रचते हुए वोटों का बंटवारा करा दिया। कई नेता तो चुनाव प्रचार में दिखाई ही नहीं दिए और उन्होंने अपनी टीम को दूसरे लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार के लिए भेज दिया था। साजिशों की वजह से पूर्व जज मनोज कुमार चुनाव हार गए थे। साजिश करने वालों को लग रहा था कि चुनाव हार कर पूर्व जज मनोज कुमार मैदान से गायब हो जाएंगे और वह पूर्व की तरह पार्टी पर जनपद में



कब्जा जमाए बैठे रहेंगे। लेकिन पूर्व जज मनोज कुमार हिम्मत नहीं हारे और वह पार्टी के साथ पहले से ज्यादा मजबूती से जुड़े रहे। उन्होंने जन सुनवाई कार्यक्रम चलाया और पीडीए को पार्टी से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने विभिन्न कारणों से पार्टी छोड़कर गए पुराने नेताओं व कार्यकर्ताओं को पार्टी में वापस लाने की मुहिम शुरू की। उनकी मुहिम ने असर भी दिखाना शुरू कर दिया है और जनाधार वाले बड़े नेता व कार्यकर्ता वापस पार्टी में आ रहे है। सपा का कुनबा बढ़ रहा है। अपने स्वार्थों के लिए पार्टी को कमजोर करने वाले एवं गुटबाजी को बढ़ावा देने वाले नेता उनकी इस मुहिम से खौफजदा है। वह अब घरों से बाहर निकलने को मजबूर हो रहे है। माना जा रहा है कि पूर्व जज मनोज कुमार ने जो मुहिम शुरू की है, उससे जनपद में सपा को आठों विधानसभा सीटों पर सफलता मिल सकती है। सपा कार्यकर्ताओं में भी जोश पैदा हो गया है।

### पार्टी छोड़कर गए नेताओं को वापस लाने में अहम भूमिका

# पालिका द्वारा लगाये गये ठंडे पानी के फ्रिज बने शोपीस

### खराब फ्रिज जल्द चालू कराए जाएंगे : ईओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए नगर में अलग अलग स्थानों पर लगे ठंडे पानी के फ्रिज शोपीस बने हुए हैं। इनमें अधिकांश खराब पड़े हैं, जिनकी टोंटियां तक गायब हो चुकी हैं। कुछ ठीक हैं तो उन्हें आज तक चालू ही नहीं किया गया।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए मुख्य मार्गों पर लगाए गए ठंडे पानी के फ्रिज खराब पड़े हैं। नगरा पालिका परिषद की लापरवाही के चलते वार्ड संख्या 12 क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला सरायमीर में फातिमा मस्जिद के बाहर लगा फ्रिज वर्षो से खराब पडा है, जिसकी टोटियां तथा दरवाजा तक गायब हो चुका है। जबकि नगीना तहसील व कोतवाली में रोजाना हजारों लोगों आना जाना होता है लेकिन भीषण गर्मी में ठंडा पानी तो क्या उन्हे कई जगह नलके का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है।

मौहल्ला सराय मीर के सभासद शानू मालिक का कहना है कि कई बार पालिका परिषद को मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है लेकिन पालिका परिषद की ओर से कोई कार्यवाही नहीं रही है। वहीं मोहल्ला पंजाबियान में दौलाशाह वाली मस्जिद के बाहर लगा फ्रिज पालिका द्वारा हटा लिया गया है। इसके अलावा कई जगहों पर लगे कई फ्रिज काफी समय से खराब पड़े हैं। गर्मी का मौसम शुरु होने के बाद भी आज तक इन्हें ठीक नहीं कराया गया। कई फ्रिज तो ऐसे हैं, जिनकी मशीन से लेकर टोंटियां तक चोरी हो चुकी हैं। वहीं पालिका के अधिशासी अधिकारी संदीप सक्सेना का कहना है कि जहां भी फ्रिज खराब पड़े हैं, उन्हें जल्द ही ठीक कराकर चालू कराया जाएगा।



## एक नजर

### झालू के अंकुश व सचिन गिरफ्तार



**बिजनौर।** हल्दौर पुलिस ने झालू के मौहल्ला जोशियान निवासी अंकुश व सचिन पुत्रगण पुनीत को गिरफ्तार किया है। उनसे लोहे की दो रॉड बरामद की गई हैं। 26 अप्रैल को झालू के ही मौहल्ला जोशियान निवासी राजबाला पत्नी राजपाल ने हल्दौर थाने में तहरीर दी थी कि अजय, अंकुश व सचिव पुत्रगण पुनीत एवं पुनीत पुत्र डिग्गी ने जान से मारने की नीयत से उनके पुत्र राहुल उर्फ बिट्टू, देवर बॉबी व रिश्तेदार रूपेश के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। साथ ही जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। उप निरीक्षक मीर हसन ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

### पुलिस प्रति. का उद्घाटन आज

**बिजनौर।** स्थानीय रिजर्व पुलिस लाइन में कल (आज) से अन्तर्जनपदीय पुलिस बॉस्केटबाल एवं हैडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बरेली जोन की इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कल (आज) मुरादाबाद परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक मुनिराज के द्वारा किया जाएगा। जबकि समापन बरेली जॉन के अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा के द्वारा पांच मई को किया जाएगा।

### परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण



**बिजनौर।** रविवार को होने वाली नीट परीक्षा के मद्देनजर आज अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं सीओ सिटी के द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केन्द्रों पर तैयारियों का जायजा लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था के संबंधम में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### दिव्यांग पार्टी ने फूंका पुतला

**बिजनौर।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के द्वारा पहलगाम हमले को लेकर आज आतंकवाद का पुतला फूंका गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि इस घटना से देश में दहशत का माहौल है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। साथ ही इस घटना में शहीद हुए लोगों के आश्रितों को 50-50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार चौहान, नसीम, नीरज, चौधरी नरेन्द्र पाल सिंह, संजीव कुमार, विनोद कुमार, राजेन्द्र राठी, निपेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।



# मेधावी विद्यार्थियों को मिलना चाहिए आगे बढ़ने का अवसर: अजमल एड.

### मण्डावर में शिक्षा व्यवस्था में सुधार की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पंचायत चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी अजमल उमर एड. ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। ताकि वह अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

प्राप्त समाचार के अनुसार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर पंचायत चेयरमैन पद के पूर्व प्रत्याशी अजमल उमर एड. ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। हमें अपने भविष्य को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो विद्यार्थी अच्छे नम्बरों से परीक्षा उत्तीर्ण कर रहे है, उन्हें प्रोत्साहन मिलना चाहिए। ताकि वह आगे अपनी प्रतिभा में निखार ला सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया व मोबाइल से दूरी बनानी चाहिए। मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ उतना किए जाए, जितना पढ़ाई के लिए जरूरी है।

उन्होंने कहा कि मण्डावर में शिक्षा के क्षेत्र में विकास नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि मण्डावर के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सरकार व समाजसेवियों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चियों की शिक्षा के लिए भी उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना की जानी चाहिए। शिक्षण संस्थानों में सिर्फ पढ़ाई का माहौल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को राजनीति से दूर रहना चाहिए। उन्हें अपने भविष्य की चिंता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में काफी सुधार किए गए है। लेकिन अभी भी सुधार की जरूरत है।



### सड़क हादसे में दो गंभीर घायल

**कोतवाली देहात।** हरिद्वार- नैनीताल हाईवे पर कस्बे में गौसपुर चौराहे पर बाइक सवार सचिन पुत्र चरन सिंह निवासी कीकर थाना नूरपुर व गोलू पुत्र राकेश निवासी सदरुद्दीननगर थाना नहटौर रिश्ते में मठेरी जा रहे थे। नगीना की ओर से आ रही कार ने बाइक सवार सचिन को टक्कर मार दी, जिससे सचिन व गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। सचिन व गोलू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली लाया गया। वहां से दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया। कार चालक आदित्य शर्मा निवासी ज्वाला नगर सिविल लाइन रामपुर को पुलिस थाने ले आई है।

# वैक्सीनेशन के कार्य में लापरवाही न बरतें : डीएम

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज अपराह्न चार बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का एब्डोमिनल चेकअप किसी भी अवस्था में खुले स्थान पर न किया जाए। इसकी व्यवस्था सख्ती के साथ करना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिन आशाओं अथवा एंबुलेंस ड्राइवर द्वारा गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए सरकारी अस्पताल के बजाय प्राइवेट अस्पताल ले जाया जाए, उनका चिन्हांकन कर उनके विरुद्ध कार्यवाही करें तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने अपने दायित्वों का मानक के अनुरूप निर्वहन न करने वाली आशाओं को चेतावनी जारी करने तथा उनके कार्य में सुधार न होने पर उनको निलंबित करने के भी निर्देश दिए। परिवार नियोजन कार्यक्रम में प्रगति कम पाए जाने पर उन्होंने संबंधित नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और लक्ष्य के सापेक्ष आपूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक से कम से कम दो कुपोषित बच्चे भर्ती कराएं ताकि उनका समुचित उपचार किया जाना संभव हो सके।




जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में कदापि लापरवाही न बरती जाए, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण की स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि शासन के मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नि:शुल्क रूप में पूर्ण गुणवत्ता के साथ जनसामान्य को प्राप्त हो और स्वास्थ्य मानकों के आधार पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और वैक्सीनेशन के महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने ब्लॉकवाइज डिलीवरी रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मंत्रा पोर्टल के अंतर्गत आधार वेरिफिकेशन को सही से करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बिजली, पानी, शौचालय आदि आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से अपडेट रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी स्वास्थ्य केंद्र ऐसा न पाया जाए जहां गर्भवती महिलाएं भोजन से वंचित रहें। उन्होंने सभी सीएचसी पीएचसी एवं सब सेंटर में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिये।

उन्होंने किरतपुर एवं नूरपुर स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारियों को निर्देश दिए कि टीकाकरण सेशन की पोर्टल पर फीडिंग का कार्य अन अपडेट सहित अन्य इंडिकेटर्स खराब प्रगति पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने तथा आगामी बैठक में लापरवाही बरतना प्रकाश में पर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की समीक्षा सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अन्तर्गत जिले में संचालित कार्यक्रमों/योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज सेन, डॉ. उर्मिला कार्या, महिला अस्पताल डॉक्टर प्रभा रानी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक फारूक अजीज सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बाबा साहब के साथ फोटो जोड़ने के विरोध में प्रदर्शन

## तस्वीर से छेड़छाड़ निंदनीय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने बाबा साहब की तस्वीर से छेड़छाड़ को निंदनीय बताते हुए विरोध जताया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाजपा कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पूर्व विधायक सतीश गौतम के आवास पर एकत्र होकर सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ प्रदर्शन किया और बाबा साहब के साथ अखिलेश यादव का चेहरा जोड़कर फोटो शेयर करने को लेकर विरोध जताया। नगीना भाजपा नेता रोहित रवि के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी द्वारा जारी एक पोस्टर जिसमें समाजवादी पार्टी द्वारा सपा मुखिया अखिलेश यादव की तुलना बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ की गई है के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ व भाजपा नेता रोहित रवि ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को दलित समाज भगवान की तरह पूजता है। ऐसा कुकृत्य कर कर समाजवादी पार्टी ने न सिर्फ दलित समाज की भावनाएं आहत की हैं बल्कि इस देश के सभी गरीब, पिछड़े, वंचित, महिला किसान और नौजवान सभी का अपमान किया है। हम आज नगीना से सपा मुखिया अखिलेश यादव से मांग करते हैं। समाजवादी पार्टी के अंदर जिसने भी यह अपमानजनक कुकृत्य किया है के ऊपर कठोर कार्यवाही करें तथा देश की जनता से दलित समाज की भावनाएं आहत करने हेतु माफी मांगे। पूर्व विधायक सतीश गौतम ने कहा बाबा साहब भगवान की तरह हैं कोई भी राजनेता उनका स्थान नहीं ले सकता। प्रमोद चौहान ने कहा कि सपा द्वारा किया गया यह कार्य बेहद निंदनीय है।

कार्यक्रम में सैकड़ों दलित समाज के लोगों सहित मुख्य रूप से पूर्व विधायक सतीश गौतम, जिला उपाध्यक्ष भाजपा प्रमोद चौहान, कार्यक्रम संयोजक रोहित रवि, मंडल अध्यक्ष सौरभ मित्तल, मंडल महामंत्री अरुण शर्मा, पंडित सचिन शर्मा, जिला महामंत्री अल्प संख्यक मोर्चा कयूम राइन, संतोष देवी, मिथलेश देवी, शीला देवी, मास्टर जयकरण सिंह, मास्टर राजकुमार, अमन कुमार, सीताराम सिंह, आकाश कुमार, नीरज कुमार, अमूल नंदा दीपक भाऊ, गोलू कुमार, गौतम कुमार, करण सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राजकुमार सिंह, कमल कुमार, छोटू कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# बढ़ी ब्याज दरों से किसान आक्रोशित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** किसान सेवा सहकारी समितियों में 3% के ब्याज दर के स्थान पर 7% वसूले जाने से आक्रोशित किसानों ने एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा को देकर वापस 3 परसेंट किए जाने की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान सेवा सहकारी समितियों में ब्याज दर 3% पर किसानों को ऋण वितरण किया गया था जो अब 7% की ब्याज दर से लिया जा रहा है, जिसका भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने विरोध करने के लिए शुक्रवार की दोपहर मंडी समिति परिसर में एक सभा की। चौधरी नामेंद्र सिंह ने घोषणा की कि किसान सेवा सहकारी समितियों द्वारा लिए गए इस निर्णय को यदि वापस नहीं लिया जाता है तो भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। किसानों द्वारा एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा को दिया गया।

इस अवसर पर चौधरी नामेंद्र सिंह तहसील अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक, ब्लॉक कोतवाली अध्यक्ष ओम प्रकाश, कुंवर हर्षवर्धन, वरिष्ठ किसान नेता सर पाल सिंह, मुकुल, कृष्ण त्यागी, नागेंद्र, नागेंद्र सिंह, डॉक्टर देवेंद्र सिंह, संजीव कुमार, सुखराम सिंह, पवन कुमार, मुन्नू, रोहित पदम सिंह, टिकेंद्र सिंह, सुशील आदि किसान उपस्थित रहे।

# पूर्व भारतीय नौसैनिक भूपेन्द्र से करोड़ों की ठगी, रिपोर्ट दर्ज

## सनसनीखेज मामले से हड़कम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व भारतीय नौसैनिक से करोड़ों की ठगी के मामले में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। साइबर क्राइम थाने में धारा 318 (4) एवं 66 बी सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2008 में यह रिपोर्ट दर्ज की गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कोतवाली देहात के ग्राम लालपुर निवासी भूपेन्द्र सिंह पुत्र आशाराम ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह भारतीय नौसेना से रिटायर्ड है और वर्तमान में वह अपने ग्राम में रह रहे हैं। उन्हें करीब दो माह पहले एक वाट्सएप ग्रुप से जोड़ा गया। जिसका एडमिन अरूण कुमार व चित्रा थी। ग्रुप में ट्रेडिंग के संबंध में जानकारी दी जा रही थी और शेयर खरीद कर उन्हें अच्छे प्रोफिट में बेचने के बारे में बताया जा रहा था। इस वाट्सएप ग्रुप का नाम एएन 222 है। गुप्र के एडमिन ने मुझे एक लिंक भेज कर मुझ से एक एप डाउनलोड कराई और मुझे एप के माध्यम से शेयर खरीदने के लिए कहा। इस एप का नाम बीएन फास्ट ट्रेक पोर्टल है। मैं उनकी बातों में आ गया और दस मार्च 2023 से 23 अप्रैल 2025 तक 51 ट्रांजेक्शन में 84,90,281 रुपए और एक अन्य खाते में 12 मार्च 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक 32 ट्रांजेक्शन में 1,23,44,600 रुपए डाले गए। उस एप ने मुझ उन शेयरों के रुपए बढ़े हुए दिखाए। लेकिन मैं उस रुपए को नहीं निकाल पाया। तब जाकर मुझे अपने साथ धोखाधड़ी का अहसास हुआ।

# कैंटर ने दो बाइकों में मारी टक्कर

## एक बाइक सवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** झालू चौराहे पर सीएनजी सिलेंडर से लदे एक कैंटर ने दो बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें एक बाइक सवार घायल हो गया और एक बालक सहित तीन लोग बाल बाल बच गए। भाग रहे कैंटर चालक को युवकों ने पीछा करते हुए हल्दौर चौराहा पुलिस चेक पोस्ट पर पकड़ लिया। मौके पर मौजूद पुलिस आरोपी कैंटर चालक को थाने ले गई।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सांय करीब सात बजे नहटौर के झालू चौराहे पर एक कैंटर सीएनजी सिलेंडर लेकर जा रहा था। बताया जाता है कि उसने एक बाइक को झपक मार दी और भागते समय दूसरी एक अन्य बाइक को भी अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद कुछ युवक कैंटर पर पीछा करते हुए पीछे से कैंटर पर चढ़ गए और शोर शराबा करते हुए उन्होंने हल्दौर चौराहा पर स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर उसे रोक लिया। मौके पर मौजूद पुलिस कैंटर चालक को थाने ले गई। गांव अकबरपुर देवमल निवासी शुभम कुमार घायल हो गए। उन्हें निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया है। जबकि दूसरी बाइक पर सवार प्रद्युमन व एक बालक और एक महिला कैंटर की चपेट में आने से बाल बाल बच गए। कस्बा इंचार्ज अशोक मलिक का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# बंद रहा पूरा बाजार रैली निकाली जोरदार

## व्यापारियों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** व्यापारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला कर उनकी हत्या के विरोध में आज नजीबाबाद का बाजार पूरी तरह से बंद रहा। व्यापारियों ने आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका तथा शहर में रैली निकाली।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ, व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष शिव कुमार माहेश्वरी, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पहलगाम में आतंकी घटना के विरोध में आज शुक्रवार दो मोई को नजीबा. बाद बंद का आह्वान किया था। इसके लिए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ व व्यापारी सुरक्षा फोरम के प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने नजीबाबाद के साथ जलालाबाद व साहनपुर के बाजारों में घूमकर व्यापारियों से आज के बाजार बंद को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रखने की अपील की थी। व्यापारी नेता कपिल सर्राफ को सभी व्यापारियों ने आतंकवाद के विरोध में अपनी दुकानें बंद रखने का भरोसा दिलाया था। नगर के मुख्य बाजार कल्लूगंज, चौक बाजार, मछली बाजार, रेलवे स्टेशन रोड, जगन्नाथ का चौराहा, रम्पुरा, मुगलूशाह, पठानपुरा, जाब्तागंज के साथ कस्बा जलालाबाद व साहनपुर में भी बाजार पूरी तरह से बंद रहा। सब्जी मंडी, मेडिकल स्टोर आदि जरूरी सामानों की दुकानें भी बंद रही। व्यापार संगठन व टैक्सी यूनियन के संचालक अली शेर कुरैशी ने बताया कि आतंकवाद के विरोध में नगर के हरिद्वार व कोटद्वार मार्ग पर चलने वाली टैक्सियां भी पूरी तरह से आज बंद रही।

चौक बाजार में पुतला फूंकने वालों में प्रदेश मंत्री राजन टंडन गोल्डी, मोनिका यादव, अंकित राजपूत, रूस्तम यादव, प्रदीप डेजी, इंदू राजपूत, नमन गुप्ता, आशु अग्रवाल आदि शामिल रहे। रैली निकालने वालों में संजीव अग्रवाल, उमापति गर्ग, कमल बंधु, जैनुल आबेद्दीन, शहजाद अंसारी, प्रदर्शन करने वालों में शाहिद सिद्दीकी, मोनू टाटा, बिंदू सर्राफ आदि शामिल रहे।

## कब्रिस्तान में लाश मिलने से सनसनी

**बिजनौर।** मौहल्ला काजीपाड़ा में धोबी घाट के सामने वाले कब्रिस्तान में गली सड़ी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शहर कोतवाल उदय प्रताप के साथ मौके पर पहुंचे और लाश की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कोई उसे पहचान नहीं सका। फिलहाल पुलिस ने लाश को पीएम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। लाश को देखने के लिए कब्रिस्तान में लोगों की भीड़ लग गई। लाश कई दिन पुरानी लगती है। लाश से भारी बदबू आ रही थी। लाश को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि शव कई पुराना हो सकता है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिन पहले इसी कब्रिस्तान में एक जनाजा गया तब वहां ऐसा कोई शव नहीं देखा गया था। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# युवक ने प्रेमिका की मां का सिर फोड़ा

## हालत गंभीर सीएचसी में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम निवासी जटपुरा निवासी एक महिला ने ग्राम के ही एक युवक पर अपनी पुत्री को परेशान करने तथा मना करने पर मारपीट कर सर फोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देने की बात कही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार महिला ने बताया कि ग्राम का ही एक युवक विशाल उसकी पुत्री को आते जाते परेशान करता है। अक्सर वह शराब के नशे में रहता है और उसकी पुत्री को परेशान करता है। शुक्रवार की सुबह युवक उसकी पुत्री को परेशान कर रहा था। युवती ने आकर बताया जब उक्त युवक से इस बात के बारे में कहा और विरोध किया, तो आरोप है कि युवक ने महिला के साथ मारपीट करते हुए गाली-गलौज करने लगा।

इसके बाद युवक फिर उनके घर अपने परिजनों के साथ आ धमका और मारपीट करते हुए महिला का सिर फोड़ दिया तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है।

महिला को गम्भीर हालत में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गयी है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुमित राठी ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही है।

## फेसबुक पर लड़की का फोटो क्रॉप करके लगाया

**नगीना।** परचून की दुकान चलाने वाले एक लड़के द्वारा एक लड़की का फोटो क्रॉप करके अपने साथ लगाकर फेसबुक पर पोस्ट कर दिया गया। लड़की के पिता द्वारा उक्त व्यक्ति के विरुद्ध छवि खराब करने की शिकायत पर थाना नगीना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला लाल सराय निवासी एक लड़की के पिता ने थाना नगीना पर तहरीर के माध्यम से शिकायत दी कि वह एक सामाजिक व्यक्ति है जिसको परेशान करने की गरज से एक लड़के अन्सार अहमद पुत्र मौ. सरवर निवासी मौहल्ला काजी सराय जिसकी एक परचून की दुकान लाल सराय पुलिस चौकी के पास है ने प्रार्थी की बेटी की फोटो मोबाइल से क्रॉप कर अपने साथ फेसबुक पर डाली है जिससे प्रार्थी की बदनामगी हो रही है। प्रार्थी ने जब इसकी शिकायत उसके भाई अफसार से की तो उसने भी कोई संज्ञान नही लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कोतवाली देहात।** कोतवाली देहात की ओर से बाइक सवार सचिन पुत्र चरन सिंह निवासी कीकर थाना नूरपुर व गोलू पुत्र राकेश निवासी सदरुद्दीननगर थाना नहटौर रिश्ते में मठेरी जा रहे थे। नगीना की ओर से आ रही कार ने बाइक सवार सचिन को टक्कर मार दी, जिससे सचिन व गोलू गंभीर रूप से घायल हो गए। सचिन व गोलू को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली लाया गया। वहां से दोनों की हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल भेज दिया। कार चालक आदित्य शर्मा निवासी ज्वाला नगर सिविल लाइन रामपुर को पुलिस थाने ले आई है।

# आंतकवाद का पुतला जला कर विरोध प्रकट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय सद्भावना मंच पर्यावरण प्रकोष्ठ द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर आक्रोश व्यक्त करते हुए आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की गई और कहा कि आतंकवाद को जवाब देना चाहिए तथा आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

भारतीय सद्भभबना मंच पर्यावरण प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओ ने अकबराबाद चौक पर पहुंचकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की और कहा कि आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में लोगों को गोली मार कर हत्या करने वाले आतंकवादियों को कड़ी सजा मिले तथा आतंकवाद को जड़ से मिटाने के लिए सरकार को हर कदम उठाना चाहिए। इस मौके पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि आतंकवाद का कोई मजहब नहीं होता। निर्दोष को मारने वाले आतंकवादियों को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए तथा मंच के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद का पुतला जलाया। इस मौके पर इरशाद अहमद, नूर जहां, मोहम्मद हबीब, सुमित भार्गव, चंद्रहास राव, शहजाद अहमद, बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# कंप्यूटर शिक्षा कार्यक्रम के लिए बुनियादी पाठ्यक्रम तैयार

## जनपद को डिजिटल साक्षर बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा उठाए प्रभावी कदम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि आने वाला दशक और उसके आगे का समय मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स के वर्चस्व वाला होगा। कंप्यूटर साक्षरता जीवन का अभिन्न हिस्सा बन जाएगी। जिसके दृष्टिगत नई पीढ़ी को इसके लिए तैयार रहना जरूरी है।

उन्होंने बताया कि इसी उद्देश्य से जिला प्रशासन ने बिजनौर जिले के सभी सरकारी स्कूलों में 100% कंप्यूटर शिक्षा का प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसके अंतर्गत कंप्यूटर वितरण के लिए मापदंड तैयार किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20-50 छात्रों के लिए 1 कंप्यूटर सेट, 50-100 छात्रों के लिए 2 कंप्यूटर सेट, 100-150 छात्रों के लिए 3 कंप्यूटर सेट तथा 150 से अधिक छात्रों के लिए 4 या उससे अधिक कंप्यूटर सेट विद्यालय में उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कंप्यूटर वितरण के अलावा, कंप्यूटर शिक्षा कार्यक्रम के लिए एक बुनियादी पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। इसकी निगरानी के लिए दो व्हाट्सएप समूह बनाए गए हैं, जिनमें सभी स्कूल प्रमुखों को जोड़ा गया है। इन समूहों में प्रतिदिन की कंप्यूटर कक्षाओं की जानकारी साझा की जाती है।

इसके अतिरिक्त, बिजनौर के निजी आईटी विशेषज्ञ, जो इस पहल में योगदान करना चाहते हैं, उन्हें भी इन समूहों में शामिल किया गया है ताकि वे शिक्षकों को मार्गदर्शन दे सकें। उच्च प्राथमिक शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम डीआईईटी के माध्यम से आयोजित किया गया है, और शेष शिक्षकों को शीतकालीन अवकाश के बाद चार दिन के कोर्स में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर के ग्रामीण क्षेत्र में 1354 प्राथमिक, 375 उच्च प्राथमिक व 390 कम्पोजिट, इस प्रकार कुल 2119 विद्यालय संचालित हैं। प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षा को बढ़ावा दिये जाने के दृष्टिगत 2930 कम्प्यूटर (474 कम्प्यूटर डोनेशन से व 2456 ग्राम पंचायतों के माध्यम से) उपलब्ध कराये गये हैं, जिनसे बच्चे कम्प्यूटर ज्ञान का लाभ अर्जित कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के 20 से अधिक छात्र संख्या वाले सभी प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/कम्पोजिट विद्यालय कम्प्यूटर से संतृप्त हो चुके है। जनपद में माध्यमिक शिक्षा के 14 राजकीय हाईस्कूल व 25 राजकीय इण्टर कॉलेज संचालित है, जिनमें से कम्प्यूटरविहीन 18 राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कॉलेजों में छात्र संख्या के आधार पर 43 कम्प्यूटर डोनेशन के माध्यम से उपलब्ध कराये गये है, जिनसे बच्चे कम्प्यूटर ज्ञान अर्जित कर रहे है। वर्तमान में जनपद के सभी राजकीय हाईस्कूल व इण्टर कॉलेज कम्प्यूटर से संतृप्त हो चुके हैं। जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने यह भी बताया कि जिला बिजनौर के 09 नगर क्षेत्रों में कुल 55 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय संचालित हैं, जिनमें छात्र संख्या के अनुसार 20 से अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में कुल 95 कम्प्यूटर की आवश्यकता है। इन विद्यालयों में सम्बन्धित नगर पालिकाओं / नगर पंचायतों के माध्यम से कम्प्यूटर की आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। नगरीय क्षेत्र के सभी प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों को आगामी 10 दिवस के अन्दर कम्प्यूटर से संतृप्त करा लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच कंप्यूटर का भय दूर करना और उन्हें कंप्यूटर का बुनियादी ज्ञान प्रदान करना है, ताकि वे भविष्य के लिए तैयार हो सकें।

उन्होंने बताया कि इस पहल के उत्साहवर्धक परिणाम सामने आ रहे हैं जिसके अंतर्गत छात्रों की संख्या में इजाफा, छात्रों और शिक्षकों में उत्साह वृद्धि तथा कुछ स्कूलों में पहले ही बेसिक प्रोग्रामिंग भाषाओं जैसे पायथन, स्क्रैच आदि की शुरुआत हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में, छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

**न्यायालय अपर सिविल जज ( सी.डि. ) नगीना, बिजनौर**

दीवानी प्रकीर्ण संख्या- 02/2025

**राजकुमार बनाम मनोज कुमार**

राजकुमार उम्र करीब 47 वर्ष पुत्र बलदेव सिंह, निवासी मौ. लाल सराय कस्बा व तहसील नगीना, जिला बिजनौर। ----**वादी**

**बनाम**

1- मनोज कुमार उम्र करीब 42 वर्ष, निवासी मौ. लाल सराय कस्बा व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।

---**प्रतिवादी**

उक्त राज कुमार ने मनोज कुमार के विरूद्ध इस न्यायालय में अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का आवेदन किया है। जिसमें सुनवाई हेतु तारीख 09.05.2025 नियत की गई है। इसलिए बजरिये इश्तहार हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र में कोई आपत्ति हो तो उक्त दिनांक को प्रात: 10:30 बजे उपस्थित होकर पेश करें नियत दिनांक के उपरान्त किसी आपति को सुना नहीं जायेगा और प्रार्थना-पत्र की सुनवाई व उसका निपटारा नियमानुसार किया जायेगा।

नियत दिनांक:- 09.05.2025

**प्रबंधक**
**न्यायालय अपर सिविल जज ( सी.डि. )**
**नगीना, जिला बिजनौर।**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. बिजनौर**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. 33/2025

श्रीमती कल्पना वर्मा पत्नी स्व. शक्ति कुमार वर्मा निवासी चाहशीरी, बी-24, निकट साजन टाकीज, बिजनौर, परगना, तहसील व जिला बिजनौर

**बनाम**

1-अशोक कुमार वर्मा पुत्र चन्द्रपाल सिंह, 2-विपिन कुमार वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा, 3-अमित वर्मा पुत्र अशोक कुमार वर्मा निवासी चाहशीरी बी-24 निकट साजन टाकीज बिजनौर, पर., तहसील व जिला बिजनौर। 4-श्रीमती दीपमाला पुत्री अशोक कुमार वर्मा पत्नी राहुल वर्मा निवासी विजय कॉलोनी, सहारनपुर, जिला सहारनपुर। 5- श्रीमती लीना पुत्री अशोक कुमार वर्मा पत्नी नरेश कुमार वर्मा निवासी जसपुर, जिला उधम सिंह नगर।

दरख्बास्त मुसम्मा श्रीमती कल्पना वर्मा वास्ते हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर दर्जा व किफायत हाय यापतानी मुसम्मा शक्ति कुमार वर्मा मुसवफा 33/25 अपने मुजिव एक्ट 7 सन् 1878 ई वक्त हरगाह मुसम्मा श्रीमती कल्पना वर्मा ने दरख्वास्त हुसूल सार्टीफिकेट गुजरानी है ई. तारीख 26.05.2025 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया किसी को निस्वत दरख्वास्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र के उज्र हो तो या अदालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज जू.डि. बिजनौर में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे। दर सूरत इनकजाय तारीख के मजकूर के फिर उन मिसी का सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

नियत दिनांक:- 26.05.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि.**
**बिजनौर**

**संबंध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र मौ. शादाब अख्तर आवारागर्दी व मारपीट आदि करता है तथा मेरे कहने में नहीं है। जिसकी शिकायत मेरे पास आती है। मैं यदि कुछ कहता हूं तो मेरे साथ भी अभद्र व्यवहार करता है, तथा मुझे व मेरी अन्य सन्तानों को किसी भी झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते है। मैंने अपने पुत्र मौ. शादाब अख्तर व उसकी पत्नी नूरीन से अपने व अपने परिवार के व्यक्तियों का दिनांक 30.04. 2025 से संबंध विच्छेद कर लिया है तथा उसे बेदखल व आंक कर दिया है। मौ. शादाब व उसकी पत्नी नूरीन के किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं होगा। **मौ. अख्तर पुत्र स्व. अब्दुल कदीर निवासी मौ. नेजो सराय, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

**NAGINA URBAN CO-OPRATIVE BANK LTD.**
**नगीना अरबन कोआपरेटिव बैंक लि.**

पंजीकृत मुख्यालय : सर्राफा बाजार, नगीना, जिला बिजनौर पिन-246762

**महत्वपूर्ण सूचना**

नगीना अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड नगीना के सम्मानित अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि बैंक के सामान्य निकाय की 25वीं वार्षिक बैठक दिनांक 30 मई 2025 को सायं 5 बजे दिन शुक्रवार स्थान सुनारों की धर्मशाला नगीना में होनी है। अत: आप सभी माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि उक्त दिनांक को समय पर पहुंचकर बैठक को सफल बनाए।

**विचारणीय विषय:-**

1. सचिव की रिपोर्ट पर विचार, 2. वर्ष 2024-2025 का आर्थिक चिट्ठा व वार्षिक रिपोर्ट पर चर्चा, 3. वर्ष 2024-2025 का लेखा प्रतिवेदन व लेखा परीक्षा प्रमाण पत्र पर विचार, 4. वर्ष 2025-2026 के लिए अधिकतम दायित्वों का निर्धारण, 5. वर्ष 2025-2026 के लिए बजट का निर्धारण, 6. वर्ष 2024-2025 के शुद्ध लाभ का वितरण, 7. नगीना अर्बन कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड नगीना का आदर्श महिला मर्कैंटाइल कॉपरेटिव बैंक लिमिटेड मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में विलय हेतु प्राप्त योजना पर विचार एवं अनुमोदन, 8. सभापति महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय।

**शीतल कुमार अग्रवाल**
**सचिव**

# महिला की मौत के बाद दहशत

## स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची नरगदी गंधू, ढाई वर्ष में कैंसर से हो चुकी हैं 18 मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव नरगदी गंधू में स्थित तालाब के 100 मीटर के दायरे में ढाई वर्षो में कैंसर की बीमारी से 18 मौत होने के बाद 15 दिन पूर्व एक और अन्य महिला की मौत हो जाने पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलने पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मृतका के घर पहुंच कर जानकारी ली और ग्रामीणों को कैंसर की बीमारी के लक्षण व बचाव की जानकारी दी। उधर ग्राम प्रधान की ओर से तालाब का पानी निकलवाया जा रहा है।






जानकारी के अनुसार नहटौर क्षेत्र के गांव नरगदी गंधू में कैंसर की बीमारी से ढाई वर्ष में 18 लोगों की मौत हो चुकी है। ग्राम प्रधान पति आबिद अंसारी कैंसर की बीमारी से ग्रस्त है। गांव में तालाब के दूषित पानी से कैंसर की बीमारी फैलने की शिकायत ग्राम प्रधान पति आबिद अंसारी ने राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण में की थी। इसके बाद यह मामला सुर्खियों में आया था और जिला स्तर की टीम गांव में पहुंची थी और उन्होंने तालाब के पानी आदि की जांच कराई। तालाब में गांव का पानी की निकासी पर रोक लगाई गई है। ब्लॉक ने करीब 100 मीटर नाले का निर्माण भी कराया है। जबकि जल निगम द्वारा गाजियाबाद की लैब में कराए गए तालाब के पानी की जांच में पानी दूषित नहीं पाया गया है। 13 अप्रैल को गांव निवासी महिला किशन देई 65 वर्ष पत्नी विशंभर सिंह की अचानक मौत होने पर गांव में दहशत फैल गई। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची। चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य, डॉ. आमिर, डॉ. अनम सहित स्वास्थ्य कर्मियो ने पंचायत घर में एक स्वास्थ्य शिविर लगाया। मृतका के घर पहुंच कर उसकी मौत के बारे में जानकारी जुटाई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को कैंसर की बीमारी से संबंधित जानकारी दी और कोई भी लक्षण दिखाई देने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने के लिए कहा गया।

चिकित्सा प्रभारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि गांव में किशन देई की मौत होने का पता चला था। उसकी मौत हृदय गति रुकने से हुई है। गांव में स्वास्थ्य कर्मियों को घर-घर जाकर कैंसर की बीमारी के बारे में जानकारी दी गई है। ग्राम प्रधान मैराज आबिद ने बताया कि तालाब के 100 मीटर के दायरे में कैंसर से अधिकांश मौत हुई हैं। तालाब में मछली पालन हो रहा था। पट्टे की समय अवधि पूरी होने पर पट्टा समाप्त हो चुका है। आगे मछली पालन का पट्टा नहीं किया जाएगा। खंड विकास अधिकारी के निर्देश पर तालाब के पानी को निकलवाया जा रहा है और गांव के पानी की निकासी रोक दी गई है। गांव के पानी निकासी बनाए गए नाले में की गई है।

# बहादरपुर चीनी मिल में जीपीएस प्रणाली से सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ

### सभी सर्वेयर को दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** द्वारिकेश चीनी मिल की इकाई बहादरपुर में गन्ना रकवा सर्वेक्षण कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके लिए 1 मई 2025 को गन्ना विभाग में समस्त सर्वेयर को जीपीएस प्रणाली से सर्वेक्षण हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया।



चीनी मिल द्वारा 61 टीमें सर्वेक्षण कार्य में लगायी गयी हैं तथा गन्ना सर्वेक्षण सौ प्रतिशत जीपीएस प्रणाली से हो रहा है। इस वर्ष गन्ना सर्वेक्षण कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है। जिसमें शरद व बसंत कालीन बुवाई के साथ-साथ द्वितीय पेड़ी के खेतों का ही सर्वेक्षण किया जायेगा। पेड़ी गन्ना के खेतों का केवल सत्यापन ही किया जायेगा और समस्त सर्वेक्षित आंकड़े, सीधे ई.आर.पी. पर अपलोड हो जायेगा। वहीं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, अफजलगढ़ विश्वामित्र पाठक एवं मुख्य महाप्रबन्धक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिसेन की संयुक्त अध्यक्षता में सर्वेयर को आवश्यक निर्देश दिये गये। सर्वे के बाद संशोधन में कठिनाई होगी। ऐसी स्थिति में सभी कृषकों को सर्वे के समय अपनी उपस्थिति में सर्वे कराना अनिवार्य होगा। सत्र 2025-26 में जिस प्रजाति की पर्ची होगी, उसी प्रजाति के गन्ने की तौल की जायेगी।

इस अवसर पर उमेश कुमार सिंह बिसेन मुख्य महाप्रबन्धक गन्ना ने सभी कृषकों से अपील की है कि ग्राम के सर्वे के दिन उपस्थित होकर प्रजातिवार गन्ना सर्वेक्षण करावें ताकि बाद में कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर सचिव साहब सिंह सत्यार्थी के आलावा गन्ना महाप्रबंधक डॉ. रजनीश कुमार, कुंदन सिंह, राहुल दुबे आदि उपस्थित रहे।

## जीटीबी स्कूल में अलंकरण समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** जीटीबी पब्लिक स्कूल में अलंकरण और शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया।

दीप प्रज्ज्वलन मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह एवं डॉ. निशांत यादव, प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज बिजनौर ने किया। शैक्षिक सत्र 2024-25 के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों और ऑल राउंडर को ट्रॉफी एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षा 2024 के दसवीं और बारहवीं विद्यालय के टॉपर्स को भी प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया गया। हाउस प्रीफेक्ट इलेक्शन में जीतने वाले सभी स्टूडेंट्स को शपथ दिलाई गई। सभी सदनों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। माता सरस्वती की वंदना प्रथम प्रस्तुति रही। स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम योद्धा बन गई मैं, मेरी टीचर आदि कार्यक्रमों से बच्चों ने सबका मन मोह लिया। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह ने विजेताओं को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. कौर जसविंदर और प्रबंधिका श्रीमती रिम्पल कौर उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने सभी छात्रों को बधाई दी एवं प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# महताब और इशरत जहां में कड़ा मुकाबला

## 1332 मतदाता करेंगे तय, किसके सिर सजेगा सभासद का ताज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर पालिका परिषद धामपुर के वार्ड नंबर 12 में उपचुनाव ने क्षेत्र की राजनीति को गर्मा दिया। यह उपचुनाव वार्ड के वर्तमान सभासद अकबर दीवाना के निधन के बाद आवश्यक हुआ, जिससे यह सीट रिक्त हो गई थी। अब इस सीट पर दो प्रमुख उम्मीदवार आमने-सामने हैं- महताब अहमद और इशरत जहां।



वार्ड में कुल 1332 मतदाता पंजीकृत हैं, जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। चुनाव को लेकर मतदाताओं में उत्साह देखा गया और सुबह से ही बूथों पर कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। महताब अहमद एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं और पूर्व सभासद रेहान शेख के करीबी माने जाते हैं। उन्होंने अपने प्रचार में क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने का वादा किया है। वहीं इशरत जहां मृतक सभासद अकबर दीवाना की पत्नी है, वार्ड के लोगों की सहानुभूति उनके साथ है। उनके समर्थकों का कहना है कि वह महिलाओं और जरूरतमंद वर्ग की आवाज बनकर मैदान में उतरी हैं। उन्होंने शिक्षा, स्वच्छता और सुरक्षा को अपना मुख्य एजेंडा बताया है। चुनावी प्रचार के दौरान दोनों उम्मीदवारों ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और छोटी-छोटी नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की। स्थानीय नेताओं की भी सक्रिय भूमिका देखने को मिली, जिससे चुनाव को लेकर माहौल और गर्मा गया। इस चुनाव में सिर्फ विकास और सुविधाएं ही नहीं, बल्कि व्यक्तिगत समीकरण और पारिवारिक प्रभाव भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। कई मतदाता इसे सिर्फ एक चुनाव नहीं, बल्कि अपनी सामाजिक पहचान और उम्मीदों का फैसला मान रहे हैं।

प्रशासन ने चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। सुरक्षा की दृष्टि से वार्ड में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की मौजूदगी से मतदाताओं को सुरक्षा का अहसास हो रहा है। बूथों पर निगरानी के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी लगातार दौरा कर रहे हैं। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है और मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है।

अब सबकी निगाहें मतदान के बाद होने वाली मतगणना पर टिकी हैं। देखना यह होगा कि वार्ड नंबर 12 की जनता इशरत के अनुभव को तरजीह देती है या महताब के वादों पर भरोसा जताती है। इसका निर्णय आगामी 5 मई को मतगणना के बाद होगा।

## एक नजर

### भाकियू की मासिक पंचायत



**बरूकी।** भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) की बरूकी क्षेत्र की मासिक पंचायत बरूकी पुलिस चौकी के प्रांगण मे संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता सदर तहसील अध्यक्ष कमन सिंह व संचालन बृजेश सिंह ने किया। बैठक में क्षेत्र के किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन बरुकी पुलिस चौकी इंचार्ज रवि तोमर को दिया गया, जिसमें मुख्य समस्याएं, बरुकी नहर की सर्विस रोड पर एनएच हाईवे द्वारा पुलिया का नवनिर्माण किया जाए, किसानों ने मांग की कॉर्पोरेट सोसाइटियों का ब्याज 7% न लेकर गत वर्षो की भांति वार्षिक ब्याज 3% ही लिया जाए, बिलाई मिल का गन्ना भुगतान कराया जाए, प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं पकड़ कर गौशाला छुड़वाया, निजी नलकूपों पर 12 घंटे लगातार बिजली सप्लाई दी जाए, पंचायत में, जिला मीडिया प्रभारी संदीप त्यागी, सदर तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश सिंह, क्षेत्र संगठन अध्यक्ष अमरदीप सिंह, तिलकराम खौबे, रवि शेखर तोमर, शैलेंद्र ढाका, सौरभ, सोमपाल, शौकेंद्र, बिजेंद्र, हेम. राज अनेको पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सभासद बांट रहे कूड़ेदान




**नगीना।** नगर पालिका परिषद नगीना में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। पालिका की ओर से सभी सभासदों को अपने अपने वार्डवासियों को स्वच्छ भारत अभियान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए हरे रंग के कूड़ेदान गीले कचरे के लिए और नीले रंग के कूड़ेदान सूखे कचरे के लिए दिए गए हैं जिन्हें सभासद वार्डवासियों को वितरित कर रहे हैं। नगर पालिका परिषद कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई और सभासदों को बांटने के लिए कूड़ेदान दिए गए। इस दौरान सभासदों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने वार्ड में इन कूड़ेदानों का वितरण करें। ईओ ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पॉलीथिन में या खुले में कूड़ा फेंकता पाया जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### डीजेआईसी में एनसीसी कैडेट का चयन



**हीमपुर दीपा।** आज दयानंद जनता इंटर कॉलेज हीमपुर दीपा मे प्रथम वर्ष हेतू एनसीसी कैडेट का चयन किया गया, जिसमें 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर से नायाब सूबेदार मुमताज व हवलदार बंदा प्रसाद ने विद्यालय में आकर छात्र, छात्राओं को रेस, बीम दण्ड बैठक, नाप तौल व लिखित परीक्षा कराई। विद्यालय की ओर से सीटीओ रुकसार, शरीरिक शिक्षक बिजेंद्र सिंह, जयकरन सिंह व समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। इस दौरान प्रधानाचार्य योगेश पाल सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि देश के हर नागरिक को अपने जीवन में अनुशासन मे रहकर देश सेवा में सहयोग करने की भावना का विकास करना चाहिए ताकि देश आंतरिक रूप से संगठित रह सके। वहीं प्रधानाचार्य श्री पाल ने चयनित कैडेट को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### एमए एजुकेशन प्रथम वर्ष का परीक्षाफल



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा एमए (एजुकेशन) प्रथम वर्ष के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी, बिजनौर के छात्र एवं छात्राओं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। एमए (एजुकेशन) प्रथम वर्ष की छात्रा भावना गुप्ता ने 79.20 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, रिया प्रजापति ने 78.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा शिवानी रानी ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं। कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक मनोज कुमार ने सभी उत्तीर्ण छात्रओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अत्युत्तम रहा है।

# आरएसएम में पोस्टर व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

### डॉ. अंबेडकर जयन्ती का समापन समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम महाविद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर रश्मि शर्मा रावल द्वारा की गई।



प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने कहा कि भारतीय संविधान देश का सर्वोच्च कानून हैं जो लोकतांत्रिक ढांचे का आधार है। सम्पूर्ण कार्यक्रम एनएसएस, एनसीसी, रोवर्स/ रेंजर्स के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर 'हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता की गई। जिसमें संविधान का नया स्वरूप दिखा प्रतियोगियों ने प्रथम स्थान जानवी, द्वितीय स्पर्धा रानी तथा संयुक्त रूप से तृतीय स्थान आकांक्षा तथा धरती राणा ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. रवि धनकड़, डॉ. भावना वत्सल, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अंकित कुमार द्वारा विद्यार्थियों चयनित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुमेधा चौहान के सफल नेतृत्व में कार्यक्रम पूर्ण हुआ। प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में संविधान विषय पर छात्र/ छात्राओं ने उत्तर दें प्रथम कहकशा नाज, द्वितीय लक्ष्मि रानी तथा तृतीय स्थान जानवी ने प्राप्त किया।

# थम गया उत्तम शुगर मिल का पहिया

### 23 लाख कुंतल से अधिक गन्ने की पेराई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** बृहस्पतिवार की रात्रि सवा नौ बजे उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर ने अपने पेराई सत्र 2024 - 25 का समापन कर दिया। मिल ने पिछले पेराई सत्र से 23 लाख कुंतल अधिक गन्ने की पेराई की है। इसी के साथ जनपद बिजनौर के गन्ना पेराई सत्र का भी समापन हो गया।

उत्तम शुगर मिल्स बरकातपुर के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर तथा महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात्रि सवा नौ बजे मिल के पेराई सत्र 2024-25 का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस बार मिल ने लगभग एक करोड़ 46 लाख कुंतल गन्ने की खरीद / पेराई की है। जबकि पिछले पेराई सत्र में मिल ने कुल एक करोड़ 23 लाख 30 हजार कुंतल गन्ने की पेराई की थी। मिल ने पिछले पेराई सत्र की तुलना में 23 लाख कुंतल अधिक गन्ने की पेराई की है। पिछले सत्र में मिल 14 अप्रैल की शाम को बंद हुई थी।

बरकातपुर चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त होने के साथ-साथ जनपद बिजनौर के पेराई सत्र का भी समापन हो गया है। इस बार की तरह ही पिछले पेराई सत्र में भी बरकातपुर चीनी मिल सबसे बाद में बंद हुई थी।

# कुंवर सत्यवीरा कॉलेज में खेल स्पर्धा का समापन

## प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नगर के प्रतिष्ठित कुँवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के विशाल प्रांगण मे तीन दिवसीय खेल स्पर्धा के तीसरे दिन स्पर्धा का समापन हुआ। स्पर्धा के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल व डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया।





क्रीडा इंचार्ज विनीत कुमार ने बताया कि फाइनल मैच एमबीए व मेकाट्रोनिक्स के बीच हुआ, जिसमें टीम एमबीए ने 75 रन से जीत दर्ज की। अंत में विजयी टीम एमबीए का मैच कॉलेज स्टाफ के साथ हुआ, जिसमें एमबीए की टीम 7 विकेट से जीत दर्ज की।

कैरम मैच में छात्र वर्ग सिंगल में यशी विजय रही व डबल्स में सलोनी और यशी विजय रही। शॉट पुट में छात्र वर्ग में छायांक तोमर प्रथम स्थान, नमन दीप द्वितीय स्थान व प्रद्युत बिश्नोई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार शॉट पुट छात्रा वर्ग में प्राची ने प्रथम स्थान, छवि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो छात्र वर्ग में छायांक तोमर प्रथम स्थान, आतिफ मलिक द्वितीय स्थान व कुलवीर त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में छात्रा वर्ग में छवि ने प्रथम स्थान, प्राची ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

लॉन्ग जंप मे छात्र वर्ग में पंकज कुमार प्रथम स्थान, उज्जवल बालियान द्वितीय स्थान, कुलवीर त्यागी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप छात्र वर्ग में पंकज कुमार प्रथम स्थान, हर्षित दहिया ने द्वितीय स्थान, आर्यन देशवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ट्रिपल जंप छात्रा वर्ग में वंशिका राणा ने प्रथम स्थान, प्राची ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चेस में छात्र वर्ग में कौशल विजय रहे। चेस के छात्रा वर्ग में शिवांगी विजय रही।

बैडमिंटन सिंगल छात्रा वर्ग में परी खेड़ा विजय रही और सिंगल छात्र वर्ग में वंश राजपूत विजय रहे प्बैडमिंटन डबल्स छात्रा वर्ग में शिवांगी कश्यप और दर्शिका वर्मा विजयी रहे तथा छात्र वर्ग डबल्स में वंश राजपूत और प्रेरित सैनी विजयी रहे।

वॉलीबॉल मैच में टीम CEBT और CS ds बीच हुआ, जिसमें टीम CS विजयी रहे। कैरम मैच में सिंगल छात्र वर्ग में आतिफ मलिक विजय रहे तथा डबल छात्र वर्ग में निखिल राजपूत व मोहम्मद अफजल विजय रहे, सिंगल छात्रा वर्ग में यशी व डबल्स छात्रा वर्ग में सलोनी व यशी विजय रहे।

जैवलिन थ्रो छात्र वर्ग में अनमोल भारती प्रथम स्थान, रविंद्र कुमार द्वितीय स्थान, वंश राजपूत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में छात्रा वर्ग में वंशिका राणा प्रथम स्थान, हर्षित तोमर द्वितीय स्थान व दर्शिका वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

100 मीटर रेस छात्रा वर्ग में प्राची प्रथम स्थान, छवि द्वितीय स्थान व हर्षिता तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर रेस छात्र वर्ग में कुलबीर त्यागी प्रथम, पंकज कुमार द्वितीय व अयान अहमद तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी का फाइनल मैच टीम CSE व MBA के बीच मैच हुआ, जिसमें CSE विजयी रहे ्इस मैच मे सुधीर लांबा रेफरी रहे।

कमेंट्री बॉक्स से प्रो (डॉ.) शुएब अली खान व प्रो. अंकित राजन अग्रवाल आदि ने अपने खूबसूरत अंदाज मे मैच की कमेंट्री की। उधर स्टाफ की ओर से भी विभिन्न मैच खेले गए, जिसमें कैरम मैच मेल डबल्स में डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल व प्रो. पुलकित गौड़ फीमेल में प्रो नाइला नईम व प्रो. शिखा उपाध्याय, मेल सिंगल में प्रो. पुलकित गौड़ तथा फीमेल में शिखा उपाध्याय। इसी प्रकार बैडमिंटन सिंगल मेल में प्रो. विनीत कुमार डबल्स में डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल व प्रो. विनीत कुमार फीमेल डबल्स में प्रो. अजना खान व प्रो. सोनम यादव व फीमेल सिंगल में प्रो. रुद्राणी चौहान विजयी रहे। चेस में प्रो. राकेश कुमार पाल व प्रो. मोहित शर्मा के बीच हुआ जो टाई रहा।

संस्था सचिव कु. उदयन वीरा, कु. रुचिवीरा (सांसद मुरादाबाद) व प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती स्वाति वीरा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। अंत मे कार्यक्रम में संस्था निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने क्रीडा इंचार्ज विनीत कुमार सहित स्टाफ के सभी सदस्यों को स्पर्धा के सफल कार्यक्रम हेतु बधाई दी।

इस अवसर पर अजय उपाध्याय, उज्जवल कुमार, डॉ. अभिषेक चौधरी, विभोर राजवंशी, अमन शर्मा, संगीता शर्मा, श्वेता गौड, अजना खान, नाइला नईम, फुरकान अहमद, सुनील भारद्वाज, एन.पी.एस. भण्डारी रजत कुमार, निगम चौधरी आदि समस्त स्टाफ एवं सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

**अपर जिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केन्द्र प्रभारियों की ली बैठक ई पॉप बायोमैट्रिक पर उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश**

# निर्धारित लक्ष्य प्राप्ति को किसानों से करें सम्पर्क

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक में गेहूँ खरीद को लेकर अपर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की जबकि संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने समीक्षा बैठक की बिंदुवार प्रगति से अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा को अवगत कराया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने सभी गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारियों से किसान सम्पर्क रजिस्टर अवश्य बनाने और जिस भी किसान से सम्पर्क करें उसका सम्पूर्ण विवरण सम्पर्क रजिस्टर में अवश्य दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जनपद में समस्त क्रय केन्द्र प्रात: 08 बजे से सांय 08 बजे तक खुलें रखे जाए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। प्रतिदिन क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा क्रय केन्द्र पर प्रात: 08 बजे से 09 बजे तक अपनी बायोमेट्रिक उपस्थिति ई-पॉप डिवाइस पर अवश्य दर्ज की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करें और जनपद की खरीद को बढ़ायें। गेहूँ क्रय हेतु कुछ लक्ष्य निर्धारित कर दिया जाये, जिससे खरीद में अपेक्षित सुधार हो सके तथा ग्राम प्रधान, सेल्फ हेल्प ग्रुप, ग्राम पंचायत अधिकारी/सचिव तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी यथा लेखपाल,कृषि विभाग व मण्डी परिषद के कर्मचारी इत्यादि का सहयोग लेकर कृषकों को सरकारी क्रय केन्द्रों/मोबाइल क्रय केन्द्रों पर गेहूँ बिक्री हेतु प्रेरित किया जाये। अपर जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को जनपद के निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति को किसानों से सम्पर्क करते हुए तेजी से गेहूँ खरीद करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर तहसीलदार रवि सोनकर, जिला खाद्य वितरण अधिकारी संजीव कुमार राय, समस्त मंडी सचिव सहित क्रय केंद्र प्रभारी आदि उपस्थित रहे।




सम्भल। जातिय जनगणना के फैसले पर जश्न मनाते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

## खेतिहर भूमि पर काटे जा रहे प्लॉट

**सम्भल।** जगह-जगह प्लाटिंग कर खेतिहर भूमि को खतम किया जा रहा है। बिना किसी अनुमति और ले आउट पास कराये कोलोनाइजर खेतों में प्लाटिंग कर रहे है। उप नगरी सराय तरीन के सीतापुरी रोड क अलावा रसूलपुर धतरा मार्ग, जंगल पैलेस के आसपास प्लाटिंग की जार रही है जनपद में कोई ऐंसा स्थान हो जहां हरे-भरे बाग और खेती की ज़मीन पर कॉलोनियों का निर्माण नहीं किया जा रहा हो

## उपनिरीक्षक दुष्यंत बने यातायात प्रभारी, मान को भेजा लाइन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** यातायात व कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के लिा पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभार में फेर बदल किया है।

पुलिस अधीक्षक ने जिले की यातायात व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं प्रशासनिक समायोजन को यातायात प्रभारी के पद पर तैनात उपनिरीक्षक प्रमोद मान को स्थानांतरित कर पुलिस लाइन भेजा है जबकि उनके स्थान पर उपनिरीक्षक दुष्यंत कुमार को यातयात प्रभारी बनाया है।

# हवा के साथ बारिश ने दिलाई गर्मी से राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल/बबराला।** सुबह सवेरे तेज सर्द हवा तत्पश्चात बारिश ने भयंकर गर्मी से बड़ा रहात मिली। जबकि काफी देर तक हुई तेज बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया।

**बबराला में कई सड़कों पर पानी हुआ जमा**

शुक्रवार की सुबह सवेरे मौसम ने अचानक करवट बदल ली। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश ने तर बतर कर दिया। हवा और बारिश के साथ अब तक भयंकर गर्मी से जूझ रहे लोगों को भी राहत मिलने लगी। जबकि तापमान में भी भारी गिरावट आ गयी। कई दिनों से गर्मी ने जनमानस को बेहाल करके रख दिया था। मौसम विभाग भी पश्चिमी विक्षोम बनने के कारण अगले तीन दिन तेज हवाएं चलने के साथ ही पानी की बौछारें पड़ने की सम्भावना जता रहा था। हालांकि काफी देर तक हुई झमाझम बारिश से बबराला में कई जगह सड़कों पर पानी जमा हो गया। जो काफी देर तक उतर सका। इसके अलावा तेज हवा और बारिश के कारण बिजली आपूर्ति भी ठप्प रही। सुबह सवेरे बिजली गुल होने से सड़कों पर अंधेरा छा गया। जबकि अधिक देर तक बिजली गायब रहने से इंवर्टर भी जवाब दे गए।

# 225 स्थानों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और भी सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया है। शहर भर में नजर रखने को तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरे) लगाने के लिए कल्कि त्रिनेत्र समिति के पदाधिकारियों संग बैठक लेकर चर्चा की।

**एसपी ने त्रिनेत्र समिति के पदाधिकारियों संग की बैठक**

विगत वर्ष 24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद में दूसरी बार सर्वे कराने पर हिंसा भड़के जाने के बाद शहर भर की सुरक्षा व्यवस्था को और चाक-चौबंद कराने का प्रयास किया जा रहा है। शहर भर में सी सी टी वी कैमरे लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी भी मिल गई है। शासन से दो करोड़ रूपये की धनराशि भी मंजूर हो गयी है। कलिक त्रिनेत्र योजना के तहत लगने वाले सी सी टी वी कैमरों को लेकर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विशनोई ने कल्कि त्रिनेत्र समिति के पदाधिकारी व नगर पालिका परिषद के ई ओ डा. मणि भूषण तिवारी संग बैठक ली। ई ओ बताया कि शहर में कुल 225 सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इस योजना के लिए 2 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। कैमरे शहर के सभी संवेदनशील स्थानों पर लगाए जाएंगे। इनमें सम्भल कोतवाली, कोतवाली नखासा, प्रमुख चौराहे और मुख्य गलियां शामिल हैं। त्रिनेत्रों से शहर की सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन को बेहतर बनाया जाएगा। उन्होने बताया कि इसके लिए कन्ट्रोल रूम की भी स्थापना की जायेगी। जो एक सत्यव्रत पुलिस चौकी जबकि दूसरा तहसील पर रहेगा। उन्होने बताया कि यह स्मार्ट सिटी सर्विलांस सेंटर के रूप में काम करेगा। निविदा प्रक्रिया के लिए इच्छुक निविदाताओं के साथ बैठक में प्रोजेक्ट को और बेहतर बनाने पर चर्चा की गई।

# जातिय जनगणना राहुल गांधी की जीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जातिय जनगणना के केन्द्र सरकार के फैसले को विपक्ष के नेता राहुल गांधी की जीत बताया।

शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि जातीय जनगणना बिहार में लागू होने के उपरांत राहुल गांधी और पूरे इंडिया गठबंधन के प्रयासों की सफलता पर धन्यवाद जुलूस निकाला गया। एक और जहां भाजपा पूरी ताकत के साथ धन बल से राहुल गांधी की छवि को धूमिल करने में लग रही, वहीं राहुल गांधी के दृढ़ संकल्प और मजबूत

**कांग्रेसियों ने केन्द्र सरकार के फैसले पर मनाया जश्न**

इरादों ने सरकार को जातिय जनगणना लागू करने पर मजबूर कर दिया। इसके लिए हम सब कांग्रेस जन और पूरा देश राहुल गांधी का धन्यवाद करता है,क्योंकि जातिय जनगणना से अब न्याय होगा और प्रत्येक जातीय समुदाय और धर्म के लोगों को समान अधिकार मिलेगा।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खां तरीन ने कहा कि कांग्रेस देश हित मे जाति जनगणना चाहती थी और केन्द्र ने यह निर्णय लेकर सही किया है। पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ने कहा कि कौन कहता है बात नहीं मानी जा सकती मनवाने वाला होना चाहिए। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से इस बात को मनवाकर जातिय जनगणना को लिए गए दृढ़ संकल्प को पूरा किया है। इस अवसर पर अमित कुमार उठवाल, सुनील कुमार, आरिफ तनवीर मंजर अब्बास, विनोद साथी, दुष्यंत कुमार सिंह, डीके वाल्मीकि, पुरुषोत्तम कुमार सुहानी, साहू संजीव कुमार, मौअज्जम अहमद, अंजार मंसूरी, सुनील कुमार, सरफराज इरफान अहमद कोषतभ रस्तोगी आदि मौजूद रहे।



सम्भल। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित 'भारत को जानो, भारत को माना' संगोष्ठी में बोलते जिलाधिारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।



सम्भल। नगर पालिका परिषद में सीसीटीवी कैमरे लगाने को त्रिनेत्र समिति की बैठक लेते एसपी।

## जातिय जनगणना मेहनत रंग लाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अपना दल एस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मासिक बैठक में भाग लेने लिया। बैठक में भाग लेकर आए जिलाध्यक्ष जावेद अशरफ ने बताया कि मुख्य अतिथि अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व भारत सरकार में स्वास्थ्य मंत्री अनुप्रिया पटेल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने जातीय जनगणना को हरी झंडी दी उनकी मेहनत रंग लाई। उन्होने मोदी सरकार का आभार जताया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट शिक्षा मंत्री आशीष पटेल अदीब अशरफ, बबीता भारद्वाज, हसन खान, शहजाद खान, राहुल सैनी, सैयद शाहजी, जीशान चौधरी, अनीश शेख आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाए केन्द्र सरकार

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले के विरोध मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गहरा दुख प्रकट करते हुए मरने वालों को कैडल जलाकर श्रद्वांजलि दी।

शुक्रवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खां तरीन के नेतृत्व मे उनके बहजोई मार्ग चौधरी सराय स्थित कार्यालय से एकत्र होकर कांग्रेसियों ने हाथो मे कैडल लेकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दो मे निन्दा करते हुए मरने वाले पर्यटकों को श्रद्वांजलि दी। कांग्रेसियों ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आतंक का मुंहतोड़ जवाब देने की केन्द्र सरकार से मांग की। कांग्रेसियों ने कहा कि आर्तकियों ने जिस तरह से पहलगाम में निर्दोष सैलानियों को मौत की नींद सुलाया है केन्द्र सरकार भी आर्तकियों के खिलाफ ऐंसी ही कार्यवाही करे। जिससे कभी कोई ऐंसा दुस्साहस करने की सोच भी नहीं सके। पूर्व

**कांग्रेसियों ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि**

विधानसभा प्रत्याशी मुशीर खान तरीन ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतारकर जघन्य अपराध किया है। केन्द्र सरकार को जल्द ही आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और आतंकवाद के जनक पाक को कड़ा सबक सिखाना चाहिए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिवकिशोर गौतम, पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद तुर्की, अल्पसंख्यक विभाग के चैयरमेन आरिफ तनवीर खां, सुभानी, विनोद साथी, अंजार मन्सूरी, जिशान सिद्दीकि, मेहताब आलम तुर्की आदि मौजूद रहे।

# भारत को जानो, भारत को मानो, भारतीय बनो: काटदरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आधारित जनपद स्तरीय भारत को जानों, भारत को मानों एवं भारतीय बनों तथा भारत जीतता है तो कोई हारता नहीं, बल्कि पूरा विश्व जीतता है टैग लाइन पर आधाारित संगोष्ठी हुयी।

बहजोई स्थित रिसोर्ट में आयोजित संगोष्ठी मुख्य अतिथि पुनरुत्थान विद्यापीठ अहमदाबाद गुजरात की कुलपति डा. इन्दुमति काटदरे डा. इन्दुमति काटदरे एवं जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि एवं जिलाधिकारी को पुष्प देकर स्वागत किया। संगोष्ठी में डा. इंदुमती काटदरे द्वारा शैक्षिक स्टाफ को प्राथमिकी स्तर से बेहतर गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारी शिक्षा प्रदान किए जाने में आवश्यक मार्गदर्शन व संवाद किया। उन्होने कहा कि जैसी शिक्षा होती है वैसा ही समाज या राष्ट्र होता है। व्यक्ति वैसा ही होता है जिस प्रकार की उसको शिक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि शिक्षक चार प्रकार के होते हैं प्रथम विषय का शिक्षक, द्वितीय छात्रों के शिक्षक उन्होंने कहा कि विधार्थी शिक्षक का मानस पुत्र होता है। तृतीय शिक्षक राष्ट्रीय होता है और चतुर्थ वेतन के शिक्षक। हमें अपनी भाषा और देश पर गर्व करना चाहिए, भारतीय सबसे श्रेष्ठ इतिहास में रहे हैं। भारत ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी तथा सम्पत्ति एवं चिरंजीविता में श्रेष्ठ रहा है। भारतीयों को भारत को जानना चाहिए। भारतीय ज्ञान व्यवस्था तभी यशस्वी होगी जब हम भारत को जानेंगे। उन्होंने कहा कि अध्ययन करने वाले के लिए संयम अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत को मानों पर भी धयान देना चाहिए भारत विश्व गुरु बन सकता है। भारत को भारत बनाने का रास्ता कक्ष कक्षाओं से शुरू होता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन**

भारत प्राचीन देश है तथा विशाल भी है। देश की समृद्वि उसकी प्राकृतिक सम्पदा पर आधारित होती है। जिलाधिकारी ने मुख्य अतिथि के जीवन परिचय के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षक का पहला कार्य स्वाध्याय होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के तीन सिद्वान्तों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्वायत्त, भारतीय और शिक्षा अर्थ निरपेक्ष होनी चाहिए। उन्होंने शिक्षा के सूत्रों पर भी चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा आजीवन तथा सर्वव्यापी होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट ने अपने संबोधान में कहा कि सभी शिक्षक राष्ट्र शिक्षक बनें । बच्चों को सन्मार्ग पर लेकर जाएं। भारत को विश्व गुरु बनने में अपना योगदान दें। शिक्षा संगोष्ठी कार्यक्रम चार सत्रें में सम्पन्न हुआ। उप जिलाधिकारी वंदना मिश्रा, डिप्टी कलक्टर शुभि गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, एबीएसए मुंशी लाल व शिक्षक मौजूद रहे।




सम्भल। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी।

# गंगा सप्तमी: गंगा पूजन व स्नान का महत्व

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** गंगाघाट राजघाट पर गंगा सप्तमी पर कई कार्यक्रम होंगें। जिसमें जिले के अधिकारी भी रहेंगे। घाट पर मेला लगेगा।

गंगा सप्तमी के दिन गंगा पूजन एवं स्नान से रिद्वि-सिद्वि, यश-सम्मान की प्राप्ति होती है। सभी पापों का क्षय होता है। मान्यता है कि इस दिन गंगा पूजन से मांगलिक दोष से ग्रसित जातकों को विशेष लाभ प्राप्त होता है। विधि-विधान से किया गया गंगा का पूजन अमोघ फल प्रदान करता है। गंगा नदी को पवित्र और मोक्ष प्रदान करने वाली माना जाता है। मान्यता है कि गंगा स्नान से व्यक्ति के जीवन भर के पाप धुल जाते हैं। हर वर्ष वैशाख के माह में शुक्ल पक्ष की सप्तमी को गंगा सप्तमी मनाई जाती है। इस वर्ष

**गंगाघाट राजघाट पर लगेगा मेला**

वैशाख के माह में शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि 3 मई को है और इस दिन गंगा सप्तमी का त्योहार मनाया जाएगा। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव ने गंगा नदी के प्रवाह के वेग को कम करने के लिए उन्हें अपनी जटाओं में धाारण किया था। गंगा सप्तमी के दिन लोग गंगा में स्नान कर पूजा व दान करते हैं। पण्डित उमाकांत शर्मा ने बताया कि पुराणों के अनुसार गंगा जी भगवान विष्णु के अंगूठे से निकली हैं, जिसका पृथ्वी पर अवतरण भगीरथ के प्रयास से कपिल मुनि के शाप द्वारा भस्मीकृत हुए राजा सगर के साठ हजार पुत्रों की अस्थियों का उद्वार करने के लिए हुआ था, तब उनके उद्वार के लिए राजा सगर के वंशज भगीरथ ने घोर तपस्या कर माता गंगा को प्रसन्न किया और धरती पर लेकर आए। गंगा नदी हिंदुओं की आस्था का केंद्र है और अनेक धर्मग्रंथों में गंगा महत्व का वर्णन देखने को मिलता है। एक अन्य पौराणिक एक कथा के अनुसार गंगा का जन्म ब्रह्मदेव के कमंडल से हुआ।

# पक्के घाट पर गंगाजल का रहेगा अभाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गंगा सप्तमी पर राजघाट के बबराला पक्के घाट पर जल का अभाव रहेगा क्योंकि पक्के घाट की ओर जल की धार नहीं है। लोगों को स्नान के लिए कच्चे घाट की ओर जाना पड़ेगा। गंगा सप्तमी पर गंगा घाट राजघाट के बबराला घाट पर श्रृद्वालुओं की भीड़ लगेगी लेकिन बबराला पक्के घाट की ओर जल की धाार नहीं है जिससे श्रृद्वालुओं को स्नान के लिए 800 मीटर दूर कच्चे घाट की ओर जाना पड़ेगा। वह वहीं जाकर स्नान कर सकेंगे। नगर के श्रृद्वालुओं अनिल कुमार,जगत वाष्णेय, योगेन्द्र सिंह, योगेश गुप्ता, सोनू, नवलेश वार्ष्णेय आदि ने गंगा सप्तमी पर जल छोड़े जाने की मांग की है।

## कूमल लगाकर चोरों ने नकदी समेत उड़ाया घर का सामान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** दीवार में कुम्बल लगाकर नकदी समेत चोर हज़ारों के माल पर हाथ साफ कर ले गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने वारदात की जानकारी ली।

**भात में देने को रखी थी नकदी और कपड़े**

थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र गांव फुलसिहा निवासी अरमान पुत्र मुनाजिर दिल्ली में रहकर काम करता है। रात ही वह अपने घर आया था। शुक्रवार को उसे अपने ही गांव फुलसिंहा में अपनी बहन के यहां पर शादी में भात देना था। जिसकी पूरी तैयारी कर रखी थी। भात में देने के लिए लगभग एक दर्जन कपड़ों के जोड़े थे,जबकि उसकी अम्मी इमराना के पास 25000 रुपए नगद रखे थे। अरमान रात दिल्ली से 8000 रुपय नगद और कुछ कपड़े बेग लेकर आया था। इसके अलावा उसका जरूरी सामान आधार कार्ड पैन कार्ड और एटीएम भी रखा था। रात्रि किसी समय चोरों ने घर के पीछे से जंगल की तरफ दीवार में कूमल लगाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। चोर घर मैं रखी 33 हज़ार की नकदी व सामान सहित करीब 70 हज़ार के माल पर हाथ साफ कर गए। सुबह को गांव के ही किसी व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारे घर के पीछे कुमल लगा है। आनन-फानन में उसने घर के पीछे जाकर देखा तो कूमल लगा हुआ था और अंदर रखा सारा सामान नगदी समेत गायब था।सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली।

खबरे छुपाता नहीं, छापता है।
शाह टाइम्स
Mob. 9837240139
नगर पालिका गेट के ऊपर
तहसील रोड सम्भल

# बढ़ती गर्मी के साथ मच्छर कर रहे नींद हराम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का पारा चढ़ रहा है वैसे ही नगर वासी बच्चो के आतंक को झेलने के लिए मजबूर है जबकि नगर पालिका की ओर से अभी फॉगिंग का दूर-दूर तक अता-पता नहीं है,जबकि जरूरत है पूरे शहर व कोने-कोने में फागिंग कराए जाने की।

मौसम में आए भारी परिर्वतन से नगर में मच्छरो को साम्राज्य स्थापित हो गया है। बंद पड़े नाले व नालियो से मच्छरो की पैदावार में लगातार वृद्धि हो रही है। नगर वासी मच्छरो के आतंक से बचने के लिए भारी पैसा खर्च कर गुडनाईट की स्लाईड, कछुआ छाप, मोरटीन सहित हजारो तरह की मच्छर मार दवाईयो का इस्तेमाल कर रहे है। जिसके कारण ऐसे उत्पादन बनाने वालो की चॉदी कटने लगी है साथ ही इन उत्पादों की मांग भी एकदम से बढ़ने लगी है।

## गंगा जी का नाम जाह्नवी पड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी का पुनर्जन्म हुआ था। पण्डित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि महर्षि जह्नु तपस्या कर रहे थे लेकिन गंगा नदी के बहने की कल कल धवनि से उनका धयान भटक रहा था।इससे क्रोधित हो महर्षि जह्नु ने पूरी गंगा नदी को पी गए। देवी देवताओं की प्रार्थना करने पर गंगा नदी को अपने दाएं कान से बाहर कर दिया। इसलिए गंगा नदी को जाह्नवी नाम मिला।

# धर्मगुरु बोले: बाल विवाह अपराध

शाह टाइम्स, ब्यूरो

**सम्भल।** जस्ट राइट्स, प्रयत्न संस्थान के तत्वावधान मे बाल विवाह के खिलाफ अभियान को गति प्रदान करते हुए धर्मगुरूओं संग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नगर के मौहल्ला ठेर स्थित मरकजी मदरसा एहले सुन्नत अजमल उलूम में प्रोजेक्ट मैनेजर गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में फील्ड कोआर्डिनेटर फरजन्द अली वारसी एवं शीराज अहमद चिश्ती द्वारा धर्मगुरूओं से संवाद कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मदरसे के प्रबंधक कारी मौलाना तंजीम अशरफ तथा मुफ्ती-ए-आजम सिरसी सम्भल मुफ्ती मौलाना आलम रजा खां नूरी ने बाल विवाह को लेकर सभी को बताया कि यह भारतीय कानून मे एक अपराधिक कृत्य है। नाबालिग बच्चों का विवाह चाहे वह लड़की हो या लड़का वह गैर कानूनी है और इसको रोकने के लिए हम सब को प्रयास करना होगा। जस्ट राईट फॉर चिल्ड्रेन, प्रयत्न संस्थान के अभियान को मजबूत बनाना है। इस दौरान कार्यक्रम मे हाथो मे पोस्टर, बैनर व तख्तियां लेकर बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाया गया।



सम्भल। मदरसा अजमलउलूम में बाल विवाह की रोकथाम को जागरूक करते उलेमा।

# टीएमयू एजुकेशन के नवरंग फेस्ट में बिखरी रंगों की छटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबा।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से आयोजित कल्चरल फेस्ट- नवरंग 4.0 में भावी शिक्षकों ने अपने हुनर के रंग दिखाए। ऑडी में दीप प्रज्जवलन के संग नवरंग के समापन समारोह का आगाज हुआ। इस सुअवसर पर मुरादाबाद मंडल के बेसिक शिक्षा विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री बुद्ध प्रिय सिंह बतौर मुख्य अतिथि, मुरादाबाद के जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. डीके पाण्डेय बतौर गेस्ट ऑफ ऑनर, टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन के संग-संग डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद जैन, डीएलएड की प्राचार्या डॉ. कल्पना जैन, डॉ. वैभव रस्तोगी, डॉ. पीयूष मित्तल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। द टेक्नो टाइम लैप्स', 'इवैल्यूएशन ऑफ बॉलीवुड', 'इतिहास की चिंगारी आज की नारी' और 'मन का संग्राम' जैसी प्रस्तुतियों ने मेहमानों के संग-संग स्टुडेंट्स को रोमांचित किया। ये प्रस्तुतियाँ बी.एससी.-बीएड, बीएलएड, बीए-बीएड और बीएड एवम् एमएड के विद्यार्थियों ने दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बीए-बीएड की टीम इतिहास की चिंगारी आज की नारी विजयी रही।

इस दौरान मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि और कुलपति ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वचन प्रदान किए। समारोह में डॉ. अलका अग्रवाल, डॉ. ज्योति पुरी आदि की भी उपस्थिति रही। समापन समारोह में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल इवेंट्स में विजेता छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट्स और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व अतिथियों का गुलाब के पौधे भेंट किए गए। पांच दिनी कल्चर फेस्ट नवरंग का शंखनाद 28 अप्रैल को हुआ था। फेस्ट के तहत पोस्टर मेकिंग, मेहंदी, रंगोली, भाषण, क्विज, वेस्ट मटेरियल डिजाइनिंग, फन डे



क्रिकेट, लजीज व्यंजन्स के स्टॉल्स सरीखी प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के स्टुडेंट्स ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. करुणा जैन, प्रो. एसपी सुभाषिनी, डॉ. शिवानी एम. कौल, डॉ. रूचि कांत, श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती मोनिका गर्ग आदि शामिल रहीं। समारोह में डॉ. सुगंधा जैन, डॉ. रूबी शर्मा, डॉ. पूनम चौहान, डॉ. शेफाली जैन, अर्पिता त्रिपाठी, डॉ. रवि प्रकाश आदि फैकल्टी मेंबर्स के अलावा श्री दीपक मलिक, डीएलएड, बीएससी-बीएड, बीए-बीएड, बीएड, एमएड के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन की कमान डॉ. माधव शर्मा के अलावा स्टुडेंट्स कनक कटारिया, अतिन्द्र झा ने संभाली।

## 10 के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज

**डिलारी।** विद्युत उपकेंद्र सुल्तानपुर दोस्त के अंतर्गत आने वाले गांवो में अभियान चला कर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने 10 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया, छापेमारी के दौरान गांव राजपुर केसरिया निवासी रिजवान,अरमान, इरफान, ताहिर,पीर बख्श,कलुआ, गांव त्रिखूटी निवासी इकबाल, कृष्ण पाल, गांव आलमपुर चौहान निवासी किशन लाल, कटिया डालकर विद्युत चोरी करते पकड़े गए, विद्युत विभाग की छापेमारी से गांव में अफरा तफरी मच गई,चेकिंग करती विभागीय टीम को देख लोगों ने धड़ा धड़ कटिया तार उतारने शुरू कर दिए।

अवर अभियंता प्रेम प्रकाश सिंह ने कार्यालय एंटी पावर थेफ्ट पुलिस मुरादाबाद में आरोपियों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है।

### एक नजर

## बस चालक की लापरवाही ने सवारियों की जान जोखिम में डाली

**कांठ( शाह टाइम्स )** बस चालक की लापरवाही ने सवारियों की जान को जोखिम में डाल दिया गनीमत रही की बस में आग नहीं लग पाई लेकिन इस लापरवाही से ट्रांसफार्मर में फाल्ट हो गया और खंभे पर लगा कनेक्शन बॉक्स जल गया, घटना देर शाम की है एक रोडवेज की बस धामपुर की ओर से मुरादाबाद की ओर जा रही थी जैसे ही वह कुमार



कुमार पेट्रोल पंप से आगे निकली बस दूसरी साइड में चली गई और साइड में लगे बेज बिरयानी के ठेले में बस का पिछला हिस्सा टकरा गया। जिससे ठेला उछलकर ट्रांसफार्मर के चारो तरफ लगाए जाल से टकराया और वहां जबरदस्त विस्फोट के बाद केबल कनेक्शन बॉक्स में आग लग गई। इसके बाद स्टेशन रोड की बिजली गुल हो गई जागरूक लोगों ने विद्युत विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर विद्युत व्यवस्था सुचारू कराई बस चालक ने बस को थोड़ा आगे ले जाकर रोका बताया गया कि ट्रांसफार्मर के पास हुए विस्फोट से घबराकर कई सवारी की हालत खराब हो गई कुल मिलाकर चालक की लापरवाही से बस में बैठी सवारियों की जान जोखिम में पड़ गई। लोगों ने इस तरह के लापरवाह चालकों पर लगाम लगाई जाने की मांग की है।

## भारतीय मानक ब्यूरो बीआईएस का प्रथम उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**कुंदरकी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में को भारतीय मानक ब्यूरो बी आई एस का प्रथम उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने छात्रों को ठप्ै और मानकों के विषय में जानकारी दी। तथा कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन आवरण अग्रवाल ने ठप्ै की सभी गतिविधियों की कार्यविधि से सभी को अवगत कराया तथा विभिन्न प्रकार के दैनिक जीवन के उदाहरणों द्वारा समझाया। बीएसआई के गठन एवं उद्देश्य के विषय पर भी अपने विचार रखे। आवरण अग्रवाल ने बताया कि उत्पादों पर आईएसआई की वैधता जानने के लिए मोबाइल में ठप्ै केयर ऐप डाउनलोड करके सही जानकरी प्राप्त की जा सकती है। कार्यशाला के पश्चात मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजयी टीमों को क्रमश: 1000/750/500 पुरूस्कार स्वरूप प्रदान किये गए ।मानक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार गुलनिशा व मेहरीन , द्वितीय पुरस्कार फिजा रानी व अदीबा ने, तृतीय पुरस्कार अलीशा व महक जहां ने प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने छात्रों को मानकों के प्रति जागरूक रहकर समाज एवं राष्ट्र हित के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या ने रिसोर्स पर्सन आवरण अग्रवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर विद्यालय की नोडल शिक्षिका रेणुका ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुरजीत सिंह व नरमलखें ने कार्यक्रम में सहयोग किया।



## माता भगवती इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया टीकाकरण अभियान



**कांठ( शाह टाइम्स )** माता भगवती इंटर कॉलेज में आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण अभियान चलाया गया जिसमें पहुंची एएनएम सना खातून संगिनी किरण लता आशा शिखा प्रभा रानी बीना रानी और नीतू रानी की टीम ने बच्चों का टीकाकरण किया। बताया गया की काली खांसी थिप्टीरिया आदि बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। इस स्कूल में 75 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य था जिसे समय रहते पूरा कर लिया गया। टीकाकरण की सफलता में स्कूल स्टाफ ने सहयोग किया।

## डा. पवन कुमार जैन ने जैन शास्त्र में पीएचडी की पूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डा० पवन कुमार जैन ने तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के जैनोलॉजी विभाग के अन्तर्गत ष्ऐतिहासिक संदर्भों में उत्तर प्रदेश के जैन तीर्थ : एक अध्ययनष विषय पर शोध पूर्ण करके एक नया आयाम स्थापित किया। भारत वर्ष में केवल चार ही विश्वविद्यालयों में जैनोलॉजी विभाग हैं। इनमें मद्रास विश्वविद्यालय, मंगलायतन विश्वविद्यालय, जैन विश्व भारती संस्थान, लाडनूं और तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय प्रमुख हैं। कहने की आवश्यकता नहीं कि गुरुओं की प्रेरणा से तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय ने जैन विद्यार्थियों के लिए यह सुविधा प्रदान कर जैन धर्म के साहित्य एवं जैन धर्म के प्रचार एवं प्रसार के लिए अवसर प्रदान किया है। नि:संदेह जैनेत्तर समाज में जैन समाज के प्रति जो भ्रांतियां हैं उनके दूर करने में भी यह शोध सहायक होगा।

डॉ पवन कुमार जैन के सीनियर सिटीजन होने तथा सामाजिक जीवन में अति व्यस्त होने के बावजूद भी अपना शोध कार्य पूर्ण किया। इस शोध में उत्तर प्रदेश के जैन तीर्थों का इतिहास, जैन तीर्थों की महानता, महत्व और जैन दर्शन इत्यादि का वर्णन है। इस शोध से जैन समाज के इतिहास, जैन तीर्थों के ऐतिहासिक महत्व, मान्यताऐं एवं तीर्थों का प्रदेश की सांकृतिक विरासत में प्रत्यक्ष योगदान होगा। इससे जैन धर्म के अल्पज्ञात तीर्थ स्थलों के बारे में भी जानकारी आज की युवा पीढ़ी को प्राप्त होगी। इस शोध से यह भी निष्कर्ष निकाला गया कि उत्तर प्रदेश में जहां की 24 में से 18 तीर्थंकरों की जन्म स्थली है, यहां कभी जैन समाज का एक बड़ा केंद्र रहा है।

आज उत्तर प्रदेश में जैन समाज की संख्या नगण्य हो रही है और वर्तमान में जो समाज यहां रह रहा है उनमें से अधिकांश मध्य प्रदेश और राजस्थान से स्थानांतरित होकर के यहां आए हैं। डा० पवन जैन वैसे भी विभिन्न प्रकार के सामाजिक एवं शैक्षिक सेवा कार्यों में बढचढ़ कर हिस्सा लेते हैं। वह पूर्व से ही जैन समाज के लिए गौरव हैं उन्होंने जैन धर्म की प्रधानता के लिए उत्तर प्रदेश के सभी तीर्थों पर जो अपना शोध पूर्ण किया है निश्चित ही उसके पश्चात उनके गौरव में श्रीवृद्धि हुई है। पवन कुमार जैन के



इस शोध के प्रकाशन के लिए कई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

शीघ्र ही इस शोध के प्रकाशन के पश्चात जैनोलॉजी अनुशासन में शोध करने वाले छात्रों व नीति निर्धारकों के लिए यह शोध बहुत सहायक सिद्ध होगा।

## वैश्य सभा ने भाजपा महामंत्री अनूप गुप्ता को ज्ञापन देकर सियालदह एक्सप्रेस रुकवाने एवं ओवर ब्रिज बनवाने की उठाई मांग

**कांठ( शाह टाइम्स )** वैश्य सभा ने अध्यक्ष मोहित माहेश्वरी के नेतृत्व में आज महेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर कांठ से गुजर रहे भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का फूल मालाओ से स्वागत किया और उन्हें दो सूत्रीय ज्ञापन देकर मांगे पूरा कराने की मांग उठाई। महेश गुप्ता के प्रतिष्ठान पर पहुंचे भाजपा नेता से वैश्य सभा ने कहा की कांठ में सियालदाह एक्सप्रेस का ठहराव था लेकिन कोरोना के वक्त से इसे बंद कर दिया गया जो आज तक बंद चल रहा है। सियालदह का ठहराव न होने के कारण व्यापारी वर्ग को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। दूसरी समस्या उन्होंने रेलवे के गेट नंबर ४३३ बी पर ओवर ब्रिज बनवाने की रखी बताया कि इस रूट से दिल्ली हरियाणा के लोग नैनीताल के लिए जाते हैं और यहां ओवर ब्रिज ना होने के कारण लोगों को दिनभर जाम का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने भाजपा नेता के माध्यम से रेल मंत्री से इन दोनों मांगो को पूरी कराने का अनुरोध किया। इस अवसर पर अंकुश चौहान महेश गुप्ता सत्यवान राजपूत शैलेश गुप्ता राजपाल सिंह प्रजापति मोहित माहेश्वरी संचित गुप्ता मुकेश



माहेश्वरी साजिद इदरीसी डॉक्टर जसवंत सिंह सतबीर सिंह ओमपाल सिंह बीजेपी सिंह सहित काफी ब्लॉग मौजूद रहे।

## मिशन सड़क सुरक्षा के तहत दयानंद के बच्चों को किया जागरुक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने मिशन सड़क सुरक्षा के तहत आज दयानंद इंटर कॉलेज के बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियम बताते हुए जागरूक करने का काम किया एसएसआई सुभाष धनखड़ के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने बच्चों को कार चलाते वक्त सीट बेल्ट लगाने और बाइक चलाते वक्त हेलमेट लगाने के फायदे बताएं। उन्होंने यातायात नियमों के तहत सड़क पार करने चौराहों को पार



करने वाहन की रफ्तार काबू में रखने और वाहन चलाते वक्त धूम्रपान न करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारी जागरूकता ही हमारी सुरक्षा है महिला उपनिरीक्षक ने भी छात्र-छात्राओं को यातायात नियम के बारे में बताया इस अवसर पर छात्र-छात्राए सहित प्रधानाचार्य मदन सिंह भी मौजूद रहे।

### यूपीडब्ल्यूजेयू ने सूचना निदेशक को दिया ज्ञापन

## पेंशन और आयुष्मान कार्ड बनाने का मिला आश्वासन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन और यूपी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित श्रमिक दिवस पर पत्रकारों की समस्याओं को लेकर लिए गए निर्णय से संबंधित एक ज्ञापन शुक्रवार को सूचना निदेशक उत्तर प्रदेश विशाल सिंह को सौंपा गया।यूनियन के लखनऊ मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को सूचना निदेशक से मुलाकात कर पत्रकारों की पेंशन और अधूरे पड़े आयुष्मान कार्ड बनाने संबंधी मामलों पर विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन उन्हें सौंपा। इस दौरान सूचना निदेशक विशाल सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उपरोक्त मांगों पर तीव्र गति से कार्य किया जाएगा। साथ ही पत्रकारों हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए विशेष कैंप लगाने के लिए आश्वस्त किया। सूचना निदेशक से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में के. विश्वदेवराव, देवराज सिंह, रजत मिश्रा, शिव विजय सिंह, मुकुल मिश्रा, महिमा तिवारी ने सूचना निदेशक विशाल सिंह को कार्यभार ग्रहण करने पर बधाई दी और कहा कि उम्मीद है पत्रकारों के समस्याओं के लिए नए सूचना निदेशक विशाल सिंह विशेष ध्यान देगें।

## भड़काऊ पोस्ट करने वाले युवक को जेल भेजा

**मुरादाबाद।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित मोहल्ला छीपीवाला मे उस समय हड़कंप मच गया जब एक युबक ने सोशल मीडिया पर इंडिया पाकिस्तान पर भड़काऊ पोस्ट वायरल कर दीं पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए युवक को गिरफ्तार किया और थाने ले गई जहाँ से आरोपी युवक पर उचित कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया आरोपी युवक मोहल्ला छीपीवाला निवासी है फुरकान पुत्र अब्दुल हन्नान ने सोशल मीडिया पर हिंदुस्तान-पाकिस्तान को लेकर जो पोस्ट वायरल है उस से देश और शहर की शांति व्यवस्था बिगड़ने का डर है जब इस तरह की पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेते हुए युवक हिरासत में ले लिया पुलिस ने। युवक से पूछताछ की गई। तब गुरुवार को युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा अगर कोई इस तरह की भड़काऊ पोस्ट करता है।

## टीएमयू में भारतीय ज्ञान प्रणाली पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र के तत्वावधान में ऑनलाइन माध्यम से तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन का विषय था "भारतीय ज्ञान प्रणाली के माध्यम से आत्म प्रबंधन और संगठन प्रबंधन", जिसका उद्देश्य भारतीय परंपरा से प्रेरित होकर नेतृत्व, आत्म विकास और संगठनात्मक दक्षता की दिशा में नव दृष्टिकोण प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसमें ज्ञान की देवी का आह्वान कर विद्वानों और प्रतिभागियों ने कार्यक्रम की गरिमामय शुरुआत की। संयोजन की जिम्मेदारी डॉ. अल्का अग्रवाल और मीडिया प्रकोष्ठ प्रमुख डॉ. माधव शर्मा ने कुशलतापूर्वक निभाई। डॉ. अलका ने अपने प्रभावशाली अंदाज में सभी गणमान्य अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। सम्मेलन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. जैन, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, प्रो. विपिन जैन (डीन, कॉमर्स एवं मैनेजमेंट), प्रो. नवनीत कुमार, डॉ. शिवानी कौल, डॉ. अमित कंसल, डॉ. पियूष मित्तल, डॉ. ज्योति पूरी समेत अनेक वरिष्ठ शिक्षाविदों की उपस्थिति रही। प्रमुख वक्ताओं में आईआईएम तिरुचिरापल्ली के निदेशक प्रो. (डॉ.) पवन कुमार सिंह, एमडीआई गुरुग्राम के प्रो. (डॉ.) राजन गुप्ता, डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय के प्रो. एमेरिटस डॉ. सचिन वेरनेकर, और उद्योग प्रशिक्षक प्रो. (डॉ.) राजीव अग्रवाल, प्रो. (डॉ) वर्दराज वापट (प्रोफेसर, आईआईटी मुंबई, एसजेएम स्कुल ऑफ मैनेजमेंट), अजय अग्रवाल, (एचआर इंटरवेंशनिस्ट और कॉर्पोरेट ट्रेनर) शामिल रहे। वक्ताओं ने आत्म प्रबंधन, वेदांत, कर्म सिद्धांत, नेतृत्व, चित्त की स्थिरता, योग, भारतीय शास्त्र, और आधुनिक प्रबंधन में भारतीय दृष्टिकोण की प्रासंगिकता पर अपने विचार प्रस्तुत



किए। प्रो. (डॉ.) राजीव अग्रवाल ने अपने संबोधन में नीति, अनुशासन, नैतिक नेतृत्व, भारतीय परंपराओं की वैश्विक स्वीकार्यता और जीवन में छोटे कार्यों की महत्ता को रेखांकित करते हुए निरंतर प्रयास और आत्म-विश्वास को सफलता की कुंजी बताया। प्रो. एमेरिटस डॉ. सचिन वेरनेकर ने अपने वक्तव्य में भारतीय जीवन पद्धति, वेद-उपनिषदों, योग, रामायण-महाभारत और गीता के मूल्यों के माध्यम से आत्म-प्रबंधन, सांस्कृतिक एकता और निस्वार्थ कर्म की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को वैश्विक नेतृत्व का आधार बताया। श्री अजय अग्रवाल ने आत्म-जवाबदेही, चिंतनशील नेतृत्व और आचरण की जिम्मेदारी पर बल देते हुए अपने व्यावहारिक भाषण में श्रोताओं को आत्म-प्रबंधन और आंतरिक परिवर्तन की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। डॉ. माधव शर्मा ने मंच संचालन और समापन सत्र का कुशल नेतृत्व करते हुए इसे भारतीय ज्ञान परंपरा के पुनरुत्थान की दिशा में एक सार्थक प्रयास बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि इस संवाद को केवल ज्ञान तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जीवन में उतारकर एक मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में योगदान दें। डॉ. अल्का अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ किया। उन्होंने इस आयोजन को न केवल ज्ञान का मंच, बल्कि एकता और सम्मान को सशक्त करने वाला क्षण बताया। इस सम्मेलन को प्रतिभागियों ने अत्यंत लाभकारी और प्रेरणादायक बताया। भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र द्वारा इस आयोजन को भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक प्रबंधन की समन्वित अभिव्यक्ति के रूप में देखा गया।

**बेदखली सूचना**

अमर्यादित आचरण के कारण मैनें तथा मेरे बाकि परिवार वालों ने आजम (पुत्र) व रुबी ( पुत्रवधू) से सभी प्रकार के आपसी सम्बंध खत्म कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इन दोनों के किसी भी अच्छे बुरे काम का में तथा मेरा बाकि परिवार जिम्मेदार नही होगा। **महबूब पुत्र अब्दुल रहमान निवासी मौह0 मंझोली कस्बा व थाना अफजलगढ़ ( बिजनौर )।**

**नामपरिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम AYSHA W/o SAGIR से बदलकर AISHA BEGUM W/o SAGEER AHMAD रख लिया है। भविष्य में अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **आयशा बेगम पत्नी सगीर अहमद निवासी मौहल्ला टण्डोंला कस्बा व तहसील टाण्डा जिला रामपुर।**

**बेदखली सूचना**

मेरा पुत्र अभय सागर पिछले काफी समय से नशे का आदी हो जाने के कारण गलत संगत में पड़ जाने के कारण बिगड़ गया। मैं उक्त अभय सागर को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं। उक्त अभय सागर द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यो/लेनदेन के प्रति मै व मेरा पुत्र अनमोल सागर व यश प्रताप सिंह आदि जिम्मेदार नहीं होंगे। भविष्य में अभय सागर से मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहेगा। **श्रीमती सरिता देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश सिंह निवासी वसंत विहार कॉलोनी गली नंबर 1 खुशहालपुर थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**

**खोया-पाया सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मकान B-816 स्थित लाजपत नगर नियर पुलिस चौकी का मूल बयनामा जिसका बही संख्या-1, जिल्द संख्या 3788, पृष्ठ 191/210, क्रमांक 1424, रजिस्टर्ड दिनांक 13.2.2003, जिसकी सूचना थाना कटघर को दी जा चुकी है, जिसका जीडी नंबर- 056 जीडी दिनांक 29.4.25 है, तथा उक्त मूल बैनामे से पूर्व का बैनामा जिसका बही नंबर-1 खंड संख्या 2637, पृष्ठ संख्या 163/178 क्रमांक 9208 रजिस्टर्ड दिनांक 10.9.1999 भी वास्तव में कही खो गया है। जिसकी सूचना थाना कटघर को दी जा चुकी है जिसका जीडी नंबर-65, जीडी दिनांक 01.05.2025 है, जिसका प्रयोग अवैध होगा। **इमरान उमर पुत्र स्व: मौ. उमर निवासी B-816 लाजपत नगर नियर पुलिस चौकी, थाना कटघर, मुरादाबाद। Mob. 9136336323**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र राज पंवार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **जयप्रकाश पुत्र श्री ज्ञानचन्द्र व ममता पत्नी जयप्रकाश निवासीगण ग्राम हट- हट थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद, हाल निवासी बैंक कालोनी निकट केके पब्लिक स्कूल थाना मझोला, जिला मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-12 महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**सिविल गिनरानी सं. :**126/2024
**तारीख पेशी:** 13.05.2025
**सुनील कुमार सेठ बनाम राज कुमार ग्रोवर आदि।**

**बनाम:**-1. राज कुमार ग्रोवर पुत्र श्री बख्तावर लाल ग्रोवर निवासी 31 कोठीवाल नगर, मुरादाबाद, 2. रामचन्द्र, 3. हरीश चन्द्र पुत्रगण स्व. मोहन निवासीगण चन्द्र नगर पुरानी मढ़ईया तहसील व जिला मुरादाबाद।

चूंकि उपरिनामांकित निगरानीकर्ता ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के माह 05 के दिवस 13 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 04 के दिवस 28 को निकाली गयी है।

**न्यायालय**
**अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-12, मुरादबदा।**

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

## ● पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्राइट फ्यूचर प्ले स्कूल के निकट एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, राहगीरों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी अमरनाथ वर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बेहोश पड़े व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां चिकित्सक ने बाइक सवार को जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार की सवेरे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत् घोषित कर दिया, पुलिस की सूचना पर मृतक के परिजन भी सरकारी अस्पताल पहुंच गए। परिजानो ने बताया कि मृतक राज. कुमार ४८ वर्ष पुत्र जसवंत सिंह निवासी भिड़वारी महात्मा थे तथा शुक्रवार सुबह अपनी ननिहाल हाथीपुर बहाउद्दीन से वापस लौट रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनके भाई को टक्कर मार दी, जिसमें उनकी मृत्यु हो गई। मृतक राजकुमार के परिवार में पत्नी ममता के अलावा दो बेटियां गुड़िया और हिमांशी हैं तथा एक बेटा प्रिंस है। घटना की जानकारी होने पर एएसपी सोनाली मिश्रा भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और मृतक के परिजनो से जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भरके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में सभी का रो-रो का बुरा हाल हो गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



# मृतक के रिश्तेदारों ने करनपुर मार्ग पर लगाया जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** शादी समारोह से घर जा रहे लोगों की ऑल्टो कार बुधवार की सुबह करनपुर मार्ग पर सड़क के किनारे खड़ी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में छह लोग गंभीर घायल हो गए। जिनमें दंपति सहित मासूम की मौत हो गई, जबकि उपचार के दौरान तीन लोग चिंताजनक हालत में हायर सेंटर रैफर कर दिया है। जनपद बिजनौर के फिना रामपुर थाना शिवाला कला निवासी सोविन्द सिंह पुत्र रघुनन्दन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका भाई कविराज पुत्र रघुनन्दन सिंह परिवार के साथ गांव खाई खेड़ा में विवाह समारोह में शिरकत करने के लिए अपने परिवार के साथ गए थे। बीते बुधवार की सुबह लगभग 3.00 बजे परिवार के साथ अल्टो कार से वापस घर के लिए आ रहे थे।

तभी ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग पर कार कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ा परम के सामने पहुंची तो सड़क के किनारे खड़ी लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। दुर्घटना में रामपुर फिना निवासी कविराज पुत्र रघुनंदन सिंह 36 वर्ष, उनकी पत्नी मंजू 34, पुत्री आराध्या 11 वर्ष की तत्काल मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि दुर्घटना में तासु पुत्री सतीश 18 वर्ष, लक्ष पुत्र कविराज 12 वर्ष और जानू पुत्र नामालूम 35 वर्ष गंभीर घायल हो गए। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की थी। जिसपर पुलिस मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर अज्ञात टैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर टैक्टर कब्जे में के लिया है। घटना के बाद टैक्टर चालक मौके से फरार हो गया था। शुक्रवार को मृतक के रिश्तेदारों ने भारी संख्या में एकत्र होकर ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग पर रानीनांगल चौकी के पास मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तहरीर मृतक के रिश्तेदारों को समझा बूझाकर जाम खुलवा दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक के ससुरालियों और मामा पक्ष में किसी बात लेकर गलत फेमी थी, वह दूर हो गई और जाम खोल दिया गया है।



# नगर में P.D.A जनपंचायत कार्यक्रम का आयोजन

**कुंदरकी।** नगर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 29 कुन्दरकी विधानसभा के सेक्टर 42 के नगर पंचायत कुन्दरकी में पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको संबोधित करते हुए कुन्दरकी पूर्व विधायक हाजी मोहम्मद रिजवान एवं हाजी उवैस उर्फ कल्लन इस मौके पर इल्यास खां खलील अहमद खाँ इमरान इल्यास खान, रहमान खाँ, तौसीफ खाँ, इन्तेजार खान आदि मौजूद रहे।




## जनपद में 10 और सहकारी समिति खोलने के लिए सर्वे शुरू

**कांठ ( शाह टाइम्स )** जनपद में 10 और नई सहकारी समिति खोलने के लिए सर्वे का काम शुरू हो चुका है इसके अलावा किसानों को समय पर खाद बीज उपलब्ध कराने के लिए जिला सहकारी बैंक ने सभी 58 किसान सहकारी समितियो को 10-10 लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण भी दिया दिया है। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विजय भान सिंह के मुताबिक कई बार आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण समितियो पर समय से खाद नहीं पहुंच पाता था इससे किसानों को काफी दिक्कतें होती थी। जिसको ध्यान में रखते हुए इस बार जिला सहकारी बैंक की ओर से सभी समितियो को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करा दिया गया है उन्होंने बताया कि बहुउद्देशीय समितियो के क्षेत्र का सर्वे करा कर उनके क्षेत्र को छोटा करते हुए जिले में 10 नई समिति और खोली जानी है। जिससे किसानों को उनके घर के पास ही समिति का लाभ मिलेगा सर्वे पूरा होने के बाद इसका प्रस्ताव तैयार कराकर एआर कोऑपरेटिव को भेज दिया जाएगा।

# सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पुलिस कर्मियों ने छात्रों को यातायात के नियमों से किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** नगर में यातायात जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शुक्रवार को होलिका मंदिर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता अभियान के लिए वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह द्वारा बच्चों को यातायात के प्रति जागरूक किया गया और सडक सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई। साथ में उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार एवं प्रबंधक आशुतोष अग्रवाल ने दोनों अधिकारियों का विद्यालय के बच्चों को यातायात के नियमों से जागरूक करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान उत्कर्ष चौरावल, अशोक कुमार, रमेश कुमार लवकुश रघुवंशी, निवेश कुमारी, ऋतु चौहान, नरेश कुमार आदि आचार्य उपस्थित रहे।



# बाइक से गिरी महिला चिकित्सक को बस ने कुचला

**डिलारी।** गांव जोगीपुरा के पास बाइक से नीचे गिरी महिला चिकित्सक को बस ने कुचल दिया, जिससे मौके पर मृत्यु हो गई। गांव गुलरिया माफी निवासी महिला चिकित्सक सुखलेश बिश्नोई पत्नी बृजपाल सिंह बिश्नोई काफी दिनों से कस्बा डिलारी में निजी चिकित्सालय का संचालन कर रही थी। घटना शुक्रवार की लगभग 12:35 की है, घर से अपने बेटे के साथ बाइक पर बैठकर अपने अस्पताल को जा रही थी। तभी मुरादाबाद डिलारी मार्ग स्थित गांव जोगीपुरा पीत. कपुर के पास तेज गति से बाइक नियंत्रित होने पर महिला चिकित्सक बाइक से नीचे गिर गई। पीछे से आ रही प्राइवेट बस डिलारी मुरादाबाद मार्ग पर चलने वाली बस कुचलती हुई निकल गई। जिससे सुखलेश की मौत हो गई, महिला चिकित्सक की मौत से परिवार में को. हराम मच गया, यह बताते चलें की सुखलेश महिला चिकित्सक के बेटे की इसी महीने में शादी थी, सूचना पाकर थाना डिलारी पुलिस ने शबको कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

मृतक ने अपने पीछे रोते बिलखते एक बेटी दो बेटों को छोड़ा है। जिसमें शादी की तैयारियां घर में चल रही थीं, हालांकि थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार का कहना है। कि महिला की बाइक से गिरकर मृत्यु हुई है।

# अवैध प्लाटिंग के गोरखधंधे पर प्रशासन का चला बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा के बार्ड नंबर दो अंबेडकर पार्क के पास अवैध प्लॉटिंगो पर मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की टीम द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए नजर आए सभी प्लॉटिंगों की बाउंड्री और कुछ अवैध रूप से बने मकान तोड़े गए प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा मोटी कमाई के चक्कर में सभी नियम व कानून को ठेंगा दिखाकर क्षेत्र में अवैध रूप से बिना सरकारी परमिशन के नियम कानून को थाक पर रकते हुए किसानो की सस्ती जमीन लेकर उन पर प्लाटिंग करके राजस्व विभाग को मोटा चूना लगा रहे हैं कृषि उपयोगी उपजाऊ भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा जिससे सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने के साथ ही कृषि भूमि का रकबा भी लगातार घटता जा रहा है। नगर के साथ ही क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग के गोरख धंधे में संलिप्त सभी प्रॉपर्टी डीलर बिना किसी सरकारी अनुमति के कृषि योग्य उपजाऊ भूमि पर अवैध रूप फ्लोटिंग कर देते हैं और मोटी रकम कमाते हैं प्लाटिंग के नाम पर मोटी कमाई करने में जुटे हुए हैं। प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा गरीबों को काफी नुकसान का सामना झेलना पड़ता है इस समय नगर व क्षेत्र में आलम यह है कि किसानों को पैसे का लालच देकर प्लाटिंग के धंधेबाज उपजाऊ भूमि को खरीदने में लगे हुए हैं। ओर क्षेत्र में इतनी तेजी से प्लाटिंग का गोरख धंधा चल रहा है जिससे की कोई अनुमान भी नही लगा सकता कुछ समय तक यदि यही हालत रही तो उपजाऊ कृषि भूमि प्लाटिंग की भेंट चढ़ती जाएगी की और इसके चलते भविष्य में खाद्यान्न पर गंभीर संकट पैदा होने की संभावना है यह अवैध प्लाटिंग के धंधेबाज ग्राहकों को लुभाने के लिए सड़क बिजली पानी की व्यवस्था का बता कर अधिक दामों बेच देते है। प्रॉपर्टी डीलर अपने माया जाल में फंसा रहे है। हालांकि प्रशासन के प्लाटिंग के नियम भी निर्धारित है इसके तहत प्लाटिंग के पहले भूखंड का नक्शा पास कराना व प्रशासन से अनुमति लेना अनिवार्य होता है वही प्रॉपर्टी डीलरों के पास लाइसेंस भी होना जरूरी है।

लेकिन इस क्षेत्र में यह सारे नियम धूल चाटते नजर आ रहे हैं। अंबेडकर पार्क के साथ वार्ड नंबर एक को जाने वाले रास्ते पर कई जगह अवैध प्लाटिंग को भी ध्वस्थिकरण किया गया है। इस प्लॉटिंग पर पहले भी कार्यवाही की जा चुकी है इस सरकारी जमीन की प्लॉटिंग पर कुछ लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना लाभ उठा कर मकान भी बना रखे है इन पर भी बड़ी कार्रवाई होने की संभावना है।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह
तलब आर्डर 5, कायदा 1 व 5
न्यायालय श्रीमान सिविल जज
( सी० डि० ) महादेय, मुरादाबाद।
मूलवाद संख्या 969 सन् 2015
तारीख पेशी: 06.05.2025
मौ0 फारूक आदि बनाम हिजबुल्ला आदि
सिराज हुसैन पुत्र श्री शमशाद हुसैन
निवासी मौहल्ला किसरौल, मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक नालिश बाबत उद्घोषणात्मक डिकी हेतु योजित किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 6 माह 5 सन् 2025 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसल होगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनाँक 01.05.2025 को जारी किया गया।
मुंसरिम
न्यायालय सिविल जज
( सी0 डि0 ) मुरादाबाद।

बेदखली सूचना
हमने अपने पुत्र **रवि सैनी** व उसकी पत्नी **श्रीमती लता सैनी** को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **पतराम सैनी पुत्र स्व. हरस्वरूप सैनी व श्रीमती रामवती सैनी पत्नी पतराम सैनी** निवासीगण मौहल्ला गुलाबबाड़ी गत्ता फैक्ट्री के पीछे थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।

# सदस्य विधान परिषद/प्रदेश महामंत्री का व्यापारियों ने किया सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य माननीय अनूप गुप्ता जी का सम्मान संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी एवं प्रदेश महा मंत्री विपिन गुप्ता एवं व्यापारियों द्वारा आज दिनांक 2 मई 2025 दिन शुक्रवार को पंचायत भवन सभागार में आयोजित वन नेशन वन इलेक्शन कार्यक्रम में मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित किया गया और व्यापारियों द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया गया।

इसमें मुख्य रूप से सतपाल हंहदमरं के एल मिगलानी राजेश सिंह जेठी जी जगदीप सिंह टोनी सहगल गौरव अग्रवाल शलभ अग्रवाल सुरजीत सिंह डोडा सुनील अग्रवाल मनीष अग्रवाल आशुतोष गुप्ता बोनी सरदार सुधीर सिंह सतीश कक्कड़ आशीष अग्रवाल सत्यदेव शर्मा राजेंद्र गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




उत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या, दिनांक | 29-DRM-MB-25-26 DATE 01.05.2025 | 30-DRM-MB-25-26 DATE 01.05.2025 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Provision of Divyang friendly toilets at road side stations (D & E Category stations) & at goodsheds under Jurisdiction of Sr. DEN-III-MB. | Heavy Repair of Staff Quarters at Way side Stations from BTO to MPH (Excluding RMU Station) with Drains, Septic Tank, Manhole, Floor, Plaster and Door Window and other Misc. Works under ADEN/BE. |
| टेंडर क्लोरिंग दिनांक/समय | 26.05.2025, 16:00 Hrs. | 26.05.2025, 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत (रु.) | 1,28,24,099.80 | 74,98,506.25 |
| धरोहर राशि (रु.) | 2,14,100.00 | 1,50,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 12.05.2025 | 12.05.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 Months | 8 Months |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 01.05.2025 1298/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## टॉप बोरर एवं पायरिला के प्रभावी नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी

**मुरादाबाद।** उप गन्ना आयुक्त मुरादाबाद श्री हरपाल सिंह ने वार्ता के दौरान बताया कि आयुक्त, गन्ना एवं चीनी श्री प्रमोद कुमार उपाध्याय ने प्रदेश के विभिन्न परिक्षेत्रों में गन्ने की फसल में कीट व रोग संबंधी सर्वेक्षण हेतु उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद एवं भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ के वैज्ञानिकों द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कराया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा किये गये निरीक्षण के उपरान्त यह पाया गया है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में पायरिला व चोटी बेधक का प्रकोप न्यूनतम, मध्य उत्तर प्रदेश में पायरिला व चोटी बेधक का प्रकोप न्यूनतम से अधिक व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पायरिला व चोटी बेधक का प्रकोप अधिक पाया गया है। विशेषत: सहारनपुर परिक्षेत्र में पायरिला व चोटी बेधक का संक्रमण अधिक पाया गया है। कहीं-कहीं कालाचिकटा(ब्लैक बग) का प्रभाव भी पेड़ी फसल पर देखा गया है जिसके दृष्टिगत उन्होने किसानों को जागरूक करने हेतु परिक्षेत्र एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि गन्ने में सामान्यतया इस समय टॉप बोरर के द्वितीय ब्रूड विकसित होते हैं। वर्तमान में मुरादाबाद मंडल के विभिन्न क्षेत्रों में भी पायरिला का असर देखा जा रहा है, इसके साथ उसका परजीवी कीट भी दिखाई दे रहा है। इस परजीवी कीट से पायरिला का प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है। वर्तमान समय में इनके उपचार के लिए भौतिक विधियां जैसे-लाइट ट्रैप एवं फैरोमोन ट्रैप, रोगी पौधों को उखाड़कर नष्ट करना, प्रभावित पत्तियों को तोड़कर नष्ट करना तथा ट्राइको कार्ड के उपायों को अपनाकर फसल को काफी हद तक बचाया जा सकता है। चोटी बेधक से प्रभावित पौधे को यांत्रिक नियंत्रण के अन्तर्गत जमीन की सतह से पतली खुरपी की सहायता से काटकर नष्ट कर दें, किन्तु इन पर कीटों का प्रभाव अधिक होने तथा परजीवी कीट की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने पर रासायनिक नियंत्रण ही किसानों को करना चाहिए। टॉप बोरर के द्वितीय एवं तृतीय ब्रूड के नियंत्रण के लिये 15 मई के बाद एवं 15 जून के पहले प्रति एकड़ क्लोरेन्टानिलिप्रोल 150 मि.ली. की दर से 400 लीटर पानी में घोलकर फसल की जड़ों के पास डेचिंग करने के उपरांत सिंचाई करें। उन्होने कहा कि वर्तमान में पायरिला से बचाव के लिये किसान किसी भी रसायनों का प्रयोग न करें, क्योंकि वर्तमान में प्रदेश का उच्च तापमान 39 डिग्री से अधिक होने के कारण पायरिला के वयस्क व नीम्फ स्वत: कम अथवा अक्रियाशील हो जाते हैं। इसके साथ ही किसान पायरिला के परजीवी संरक्षण व संवर्धन के लिये गन्ने के खेत में सिंचाई कर नमी बनाये रखें। उन्होंने बताया कि पौधा व पेड़ी गन्ना में टॉप बोरर, पायरिला, लाल व अन्य कीटों आदि रोगों से गन्ने के बचाव व प्रभावी नियंत्रण हेतु सभी परिक्षेत्रीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों तथा फील्ड कार्मिकों को किसानों को समय-समय पर जागरूक कर उचित सलाह दिये जाने तथा गन्ना समितियों एवं चीनी मिल के गोदामों पर कीटनाशक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश प्रदेश के आयुक्त गन्ना एवं चीनी द्वारा दिये गये है।

उत्तर रेलवे
ई–नीलामी
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा मेडिकल आउटलेट, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधी केंद्र एवं नैमिषारण्य रेलवे स्टेशन पर रिटायरिंग रूम के ठेकों को संचालन एवं आवंटन हेतु ई–बोलियां website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 19.05.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
कृते वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग,
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद
1315/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नए शिक्षा सत्र का एक माह बीता, लेकिन एक से तीन तक के बच्चों को नहीं मिली किताबें

**कांठ( शाह टाइम्स )** शिक्षा विभाग ने नया सत्र शुरू होने से पहले बच्चों को किताबें उपलब्ध कराने का दावा किया था लेकिन उक्त दावा हवा में दिखाई देने लगा है शिक्षा सत्र का एक माह बीतने के बाद भी एक से तीन तक के काफी बच्चों को किताबें नहीं मिल पाई है। हालांकि शिक्षा विभाग बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार प्रयासरत रहने का दावा करता है मगर मौके पर हालात कुछ और ही दिखाई दे रहे हैं बिना किताबों के बच्चे पढ़ाई तो कर रहे हैं परंतु यह सब औपचारिकता मात्र ही है। जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय हैं जिनमे हर साल बच्चों की संख्या घटती जा रही है जानकार इसका कारण स्कूलों में शिक्षकों की कमी बता रहे हैं विभाग की ओर से योजनाएं भी चलाई जा रही है लेकिन इनका लाभ धरातल पर दिखाई नही दे रहा है इस सत्र में 12 लाख किताबों का वितरण होना है मगर कक्षा एक से आठ तक के 7 लाख से अधिक बच्चों को किताबें वितरित हो पाई हैं और काफी बच्चे किताबो से अभी तक वंचित हैं।

## मंत्री, महिला कल्याण, बाल विकास सेवा व पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश शासन चार मई को जनपद मुरादाबाद में कार्यक्रमों में होंगी सम्मिलित

**मुरादाबाद।** मंत्री महिला कल्याण, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती बेबी रानी मौर्य जी अपने भ्रमण कार्यक्रम अनुसार दिनांक 03 मई 2025 को जनपद मुरादाबाद पधार रही है। दिनांक 4 मई 2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे पंचायत भवन में निर्धन बालिकाओं को फीस वितरण के संबंध में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी, तत्पश्चात 12:30 बजे पंचायत भवन में ही ई.सी.सी.ई. किट वितरण कार्यक्रम में मा० मंत्री जी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। इसके साथ ही दिनांक 04 मई को अपराह्न ३:०० से सर्किट हाउस में मा० मंत्री जी द्वारा मुरादाबाद मंडल के समस्त जनपदों के विभागीय अधिकारियों के साथ संचालित योजनाओं/ विभागीय कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में शादी में आए नाबालिग युवती परिवार के साथ आई थी, गांव का एक युवक भी आया था उसने डरा-धमका उसे जंगल में ले गया, जंगल में लेजाकर दुष्कर्म किया था, एसएचओ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण ग्रह भेज दिया है।

# आरसीबी की नजरें सीएसके के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने पर

● आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर की अनुभवी गेंदबाजी पर निर्भर करता है




**बेंगलुरु, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) अपने गृह मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 52 वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ जीत की लय को बरक. रार रखने के इरादे से मैदान में उतरेगी।

आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण भुवनेश्वर कुमार की अनुभवी गेंदबाजी और जोश हेजलवुड की जबरदस्त फॉर्म की बदौलत इस बार बहुत मजबूत दिख रहा है। दूसरी तरफ, सीएसके की टीम इस सीजन में न अच्छी बल्लेबाजी कर पा रही है और न ही गेंदबाजी में असर दिखा पाई है, जिससे उनके लिए आरसीबी को हराना आसान नहीं होगा। इस सीजन में आरसीबी की गेंदबाजी पूरी रंग में दिखाई दे रही है और यही उनकी जीत की बड़ी वजह भी बनी है। भुवनेश्वर कुमार की स्विंग, जोश हेजलवुड की सटीक गेंदबाजी और क्रुणाल पांड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन ने टीम को एक मजबूत गें. दबाजी इकाई बना दिया है। पिछले सीजन की गेंदबाजी की कमजोरी इस बार नजर नहीं आ रही हैं।

वहीं, सीएसके की गेंदबाजी इस सीजन में तालमेल नहीं बिठा पाई है, जिससे आरसीबी को कल के मुकाबले में जीत के लिए पुरानी लय बरकरार रखनी पड़ेगी। हालांकि आरसीबी ने लगातार तीन मुकाबले जीतकर लय में आयी है, लेकिन घर पर उनका प्रदर्शन कमजोर रहा है। इस सीजन में उन्होंने अपने चार में से तीन मेजबा. नी मैच हारे हैं। इसके बावजूद, बाहर के मैदानों पर उनका मजबूत प्रदर्शन और बल्लेबाजी और गेंदबा. जी दोनों में गहराई उन्हें इस मुक. ाबले को दिलचस्प बनायेगी। आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन टीम की कमान संभालते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं विराट कोहली ने भी इस बार अच्छी लय पकड़ ली है और देवदत्त पडिक्कल लगातार रन बना रहे हैं। ये तीनों बल्लेबाज आरसीबी की बल्लेबाजी की रीढ़ साबित हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, सीएसके इस सीजन में खराब फॉर्म से जूझ रही है। टीम ने लगातार तीन मुकाबले हारे हैं और प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। इस बार एमएस धोनी की कप्तानी का अनुभव भी टीम के काम नहीं आया है। इसकी वजह उनकी गेंदबाजी है उनके गेंदबाज लगातार विकेट लेने में नाकाम रहे हैं। सीएसके के अहम गेंदबाज मथीशा पथिराना और खलील अहमद फॉर्म से बाहर चल रहे हैं, जबकि स्पिन विभाग में रविंद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी होने के बावजूद धोनी की उम्मीद में खरे नहीं उतर पा रहे हैं। सीएसके की बल्लेबाजी में गहराई तो है, लेकिन आक्रामकता की कमी के कारण टीम बड़े स्कोर बनाने या प्रभावी तरीके से लक्ष्य का पीछा करने में असफल रही है। सैम करन और डेवाल्ड ब्रेविस कुछ अच्छे फॉर्म में दिखाई दिये, लेकिन टीम निरंतरता बनाए रखने में संघर्ष करती रही है। आगामी मैच में सीएसके वापसी की कोशिश करेगा, लेकिन उनकी वर्तमान फॉर्म और आरसीबी की मजबूत गेंदबाजी को देखते हुए यह चुनौती सीएसके के लिए बहुत बड़ी होगी। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार मानी जाती है, जो दोनों टीमों को बड़े स्कोर बनाने का मौका देगी।

● केसीए पर विवादित टिप्पणी ●

# श्रीसंत पर लगा तीन साल का बैन

■ **श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सहमालिक है**




**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में संजू सैमसन को नहीं चुने जाने को लेकर हुए विवाद में भारत के पूर्व क्रिकेटर एस श्रीसंत के खिलाफ एक्शन लिया है। केसीए ने श्रीसंत पर सैमसन का समर्थन करने के बहाने उनके क्रिकेट संघ पर कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया और उन्हें तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।

केसीए ने बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में विशेष बैठक में लिया गया। केसीए के मौजूदा अध्यक्ष जयेश ने भी श्रीसंत पर इस मामले के लिए निशाना साधा था। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं। इससे पहले उनके विवादित बयान के सिलसिले में श्रीसंत, कोल्लम टीम, अलपुझा टीम लीड और अलपुझा रिपल्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। बयान में कहा गया, फ्रेंचाइजी टीमों ने नोटिस का संतोषजनक जवाब दे दिया लिहाजा उनके खिलाफ आगे कोई कार्रवाई नहीं की गई है, लेकिन बैठक में तय किया गया कि टीम प्रबंधन के सदस्यों की नियुक्ति के समय काफी एहतियात बरतने की सलाह दी जाएगी। बयान में यह भी कहा गया कि संजू सैमसन के पिता सैमसन विश्वनाथ और दो अन्य के खिलाफ संजू सैमसन का नाम लेकर बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मुआवजे का दावा किया जाएगा। केसीए ने दो बार के विश्व कप विजेता श्रीसंत को एक मलयालम टीवी चैनल पर परिचर्चा के दौरान सैमसन और केसीए से जुड़ी टिप्पणियों के कारण नोटिस जारी किया। केसीए ने बयान में स्पष्ट किया कि नोटिस सैमसन का समर्थन करने के लिए नहीं दिया गया है बल्कि केसीए के खिलाफ भ्रामक और अपमानजनक टिप्पणियां करने पर दिया गया है। श्रीसंत ने टीवी पर सैमसन के प्रति कथित तौर पर समर्थन जताते हुए केसीए पर आरोप लगाये थे।

# भारतीय टीम में वापसी को अब भी उत्सुक अजिंक्य रहाणे

**रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल में केकेआर के लिए खेल रहे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कप्तानी कर रहे अजिंक्य रहाणे ने भारतीय टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। रहाणे का कहना है कि वह राष्ट्रीय टीम में वापसी को लेकर उत्सुक हैं क्योंकि उनमें अभी भी रन बनाने की भूख और जुनून बाकी है।

रहाणे एक समय में भारतीय टेस्ट टीम के उपकप्तान थे, लेकिन उन्होंने देश के लिए आखिरी बार 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर मुकाबला खेला था। रहाणे घरेलू सर्किट में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आईपीएल 2025 में केकेआर के लिए उन्होंने दम दिखाया है। रहाणे मौजूदा आईपीएल सीजन में 10 मैचों में 297 रन बना चुके हैं। रहाणे ने कहा कि उनके अंदर भारतीय टीम के लिए भूख, इच्छा और जुनून अभी भी बाकी है। रहाणे के लिए गौरव का सबसे बड़ा क्षण शायद 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा था जिसमें उन्होंने चोटों से जूझ रही टीम का नेतृत्व करते हुए भारत को टेस्ट सीरीज में 2-1 से जीत दिलाई थी। रहाणे ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, हां, मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है। मैं अब भी पहले की तरह फिट हूं। मैं एक समय में केवल एक मैच पर ध्यान देना चाहता हूं और अभी मेरा ध्यान केवल आईपीएल पर है। इसके बाद देखते हैं कि भविष्य में क्या होता है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो कभी हार नहीं मानता। मैं हमेशा मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं। मैं मैदान पर 100 प्रतिशत से अधिक देता हूं।

यह उन चीजों से जुड़ा है जो मेरे नियंत्रण में हैं। मैं घरेलू क्रिकेट भी खेल रहा हूं और इस समय मैं वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। रहाणे ने 2011 में डेब्यू किया था और वह तीनों प्रारूप मिलाकर भारत के लिए 195 मैच खेल चुके हैं। रहाणे ने भारत के लिए खेलते हुए 8414 रन बनाए हैं। रहाणे के नेतृत्व में केकेआर की टीम खिताब का बचाव करने उतरी है और अभी प्लेऑफ की दौड़ में बरकरार है। उन्होंने कहा, हर सुबह जब मैं उठता हूं तो यही सोचता रहता हूं कि मैं कौन से लक्ष्य हासिल करना चाहता हूं। मेरे लिए अपने देश का प्रतिनिधित्व करने से बढ़कर कुछ नहीं है। मैं फिर से भारतीय जर्सी पहनना चाहता हूं।




# रोहित ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

● टी-20 में एक टीम के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान

**जयपुर, वार्ता।** मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को राजस्थान रायल्स के खिलाफ सत्र का तीसरा अर्धशतक जड़ा और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह टी-20 में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए। हिटमैन के लिए सत्र की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई थी। शुरुआती पांच मैचों में वह 0, 8, 13, 17 और 18 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और धमाकेदार वापसी करते हुए पिछली पांच पारियों में तीन अर्धशतक बना डाले। राजस्थान के खिलाफ मुकाबले में उन्होंने 31 गेंदों में आईपीएल 2025 का अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ वह एक टीम के लिए टी-20 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस मामले में रोहित ने हैम्पशायर के जेम्स विंस को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने 6000 से ज्यादा रन बना लिए। जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में रोहित शर्मा पारी के दूसरे ओवर में आउट होने से बाल-बाल बचे थे। इसके बाद उन्होंने जीवनदान का भरपूर लाभ उठाया और 36 गेंदों में 53 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस शानदार पारी के दौरान उनके बल्ले से नौ चौके निकले। हिटमैन ने पहले विकेट के लिए रेयान रिकेल्टन के साथ 116 रन की साझेदारी निभाई।

# जडेजा ने चेन्नई के खराब प्रदर्शन की वजह बताई

ऑक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा: अजय

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स का आईपीएल में लगातार दूसरे सीजन में खराब प्रदर्शन जारी है। टीम पिछले सीजन प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी और इस सीजन भी उम्मीद कम ही लग रही है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि फ्रेंचाइजी ने आक्शन में गलती की, जिसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा है। आईपीएल 2025 के जियोस्टार एक्सपर्ट अजय जडेजा ने सीजन के प्ले-ऑफ की रेस में टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों पर सोमवार को मीडिया से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, मैं चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस का बहुत बड़ा फैन हूं। धोनी और तेंदुलकर ही वो कारण हैं जिनकी वजह से हमारी पीढ़ी के ज्यादातर लोग शायद इन दो टीमों को देखते हैं। इसलिए सीएसके के प्रदर्शन से मैं भी थोड़ा निराश हूं, लेकिन मुझे लगता है कि नीलामी में आप देख सकते हैं कि उनके पास वह ताकत नहीं है जो अन्य टीमों के पास है। इसलिए शायद यही कारण रहा। और फिर, स्वाभाविक रूप से, जब चीजें ठीक नहीं होती हैं, तो आप हार जाते हैं।

**खेल विशेष**

# मैरीकाम का खुलासा, डेढ़ साल पहले हुआ तलाक

● **कहा: अफेयर के बातें गलत, करुंग ओनलर से 2005 में हुई थी शादी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ओलिंपिक मेडल विजेता एमसी मैरीकाम का उनके पति करुंग ओनलर से तलाक हो चुका है। छह बार की विश्व चैंपियन रह चुकीं मैरीकाम ने करीब 16 महीने बाद इसका खुलासा किया। उन्होंने यह जानकारी सोशल मीडिया पर उन अफवाहों के बाद दी, जिनमें उनके हितेश चौधरी या एक अन्य बाक्सर के पति से संबंध होने की बात कही जा रही थी। दोनों का अलगाव 20 दिसम्बर 2023 को आपसी सहमति से दोनों परिवारों और बुजुर्गों की उपस्थिति में, काम प्रथागत कानून के तहत हुआ। 2005 में दोनों की शादी हुई थी।

अफेयर को लेकर दी सफाई

मैरीकाम ने हितेश चौधरी के साथ अफेयर को लेकर सफाई दी। हितेश बिजनेस पार्टर और मैरी काम बाक्सिंग फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। मैरी पर एक अन्य बाक्सर के पति के साथ अफेयर के आरोप भी थे। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर, मैरी काम ने अपनी ओर से जारी एक कानूनी नोटिस शेयर किया। नोटिस में यह स्पष्ट किया गया कि उनका तलाक सौहार्दपूर्ण ढंग से महीनों पहले हो गया था और वह आगे बढ़ चुकी हैं और अपने पिछले विवाह पर आगे कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती हैं। बयान के अनुसार हितेश चौधरी या किसी और को डेट करने की उनकी अफवाहें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। बयान में मीडिया प्लेटफार्म से उनकी गोप. नीयता का सम्मान करने और गलत सूचना फैलाने से बचने का भी आग्रह किया गया। मैरी ने कानूनी करवाई और मानहानि करने की चेतावनी दी मैरी काम ने झूठी अफवाह फैलाने वालों को चेतावानी देते हुए कहा कि अगर उनके निजी जीवन का सम्मान नहीं किया गया।

# श्रीलंका की महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हराया

■ **मालकी ने चार विकेट और देवमी विहंगा ने तीन विकेट लिए, हर्षिता ने 77 और कविशा ने 61 रन बनाए**

**कोलंबो, वार्ता।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय श्रृंखला के तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते दक्षिण अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया है। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चामरी अटापट्टू (छह) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को पगबाधा आउटकर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया। बल्लेबाजी करने आयी कविशा दिलहारी ने समाराविक्रमा के साथ 128 रनों की रिकार्ड साझेदारी कर श्रीलंका की जीत की नींव रखी। कविशा दिलहारी ने 75 गेंदों में (61) रनों की पारी खेली। कविशा को एन म्लाबा ने आउट किया। हर्षिता समाराविक्रमा ने 93 गेंदों में (77) रन बनाये। श्रीलंका के पांचवें विकेट के रूप में हर्षिता को डी क्लर्क ने आउट किया। श्रीलंका ने 46-3 ओवर में पांच विकेट पर 237 रन बनाकर मुक. ाबला पांच विकेट से जीत लिया। नीलाक्षी डिसिल्वा (11) और अनुष्का संजीवनी (एक) रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एन म्लाबा ने दो विकेट लिए। मासाबाटा क्लास, नडीन डी क्लर्क और सुने लूस ने एक-एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां श्रीलंका की महिला टीम ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान लॉरा वुलफार्ट (10) और तेजमिन ब्रिट्स (14) रन के विकेट जल्द गवां दिये। मालकी मदारा ने वुलफार्ट को और सुगंधिका कुमारी को ब्रिट्स ने बोल्ड आउट किया। इसके बाद करबो मेसो (नौ) रन बनाकर आउट हुई। लारा गुडॉल और सुने लूस ने पारी संभालने का प्रयास किया। लेकिन वे भी अधिक देर तक पिच पर नहीं टिक सकी। 29वें ओवर में देवमी विहंगा ने सुने लूस (31) को बोल्ड कर श्रीलंका पांचवीं सफलता दिलाई। क्लोई ट्राइऑन (35), एन डी क्लार्क (17), मासाबाटा क्लास (चार) और म्लाबा (शून्य) पर आउट हुई। एनेरी ने 60 गेंदों में (नाबाद 61) रनों की पारी खेली।

# कोको गॉफ-सबालेंका फाइनल में भिड़ेंगी

**मैड्रिड ओपन**

**मैड्रिड, वार्ता।** अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ और बेलारुस की आर्यना सबालेंका के बीच मैड्रिड ओपन के फाइनल में खिताबी भिड़ंत होगी। अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने गुरुवार को खेले गए सेमीफाइनल में चार बार की फ्रेंच ओपन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियाटेक को हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में जगह बनाई। 21 वर्षीय गॉफ ने एक घंटे चार मिनट तक चले मुकाबले में स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। यह पहली बार है जब गॉफ ने क्ले कोर्ट पर स्वियाटेक को हराया है। एक अन्य मैच में बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को 6-3, 7-5 से हराकर महिला एकल वर्ग के फाइनल में जगह बनाई। इसी के साथ अब कोको गॉफ फाइनल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।





## माटेओ अर्नाल्डी को हराकर जैक ड्रेपर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में

**मैड्रिड, वार्ता।** ब्रिटेन के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने इटली के माटेओ अर्नाल्डी को हराकर मैड्रिड ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। ड्रेपर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए एक घंटे 17 मिनट तक चले मुकाबले में अर्नाल्डी को 6-0, 6-4 से हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। ड्रेपर का सेमीफानइल में मुकाबला इटली के लोरेंजो मुसेटी से होगा। मैच के बाद ड्रेपर ने कहा कि मैं हर बार खेलने पर स्वयं को मजबूत महसूस करता हूं। मैं सभी क्षेत्रों में बहुत अच्छा कर रहा हूँ और उम्मीद है कि यह आगे भी जारी रहेगा।

# गुजरात ने हैदराबाद को 225 रन का लक्ष्य दिया

गिल ने 76, बटलर ने 64 रन बनाए, साई सुदर्शन सबसे तेज 2 हजार टी-20 रन बनाने वाले भारतीय बने




**अहमदाबाद।** गुजरात टाइटंस (जीटी) ने आईपीएल के 51वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को जीत के लिए 225 रन का टारगेट दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद ने बालिंग चुनी। गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर के बाद 6 विकेट खोकर 224 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 76 रन बनाए। जबकि जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। साई सुदर्शन ने 48 रन की पारी खेली। जयदेव उनादकट ने 3 विकेट झटके। पैट कमिंस और जीशान अंसारी को एक-एक विकेट मिला। 19वें ओवर में ट्रैविस हेड ने वाशिंगटन सुंदर का कैच ड्राप कर दिया। हालांकि अगली बाल पर अभिषेक शर्मा ने जोस बटलर का कैच पकड़ा। जोस बटलर 64 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें पैट कमिंस ने पवेलियन भेजा। 18वें ओवर की आखिरी बाल पर जोस बटलर ने छक्का लगाकर टीम का स्कोर 200 पार पहुंचाया। हर्षल पटेल के इस ओवर से 15 रन आए। जोस बटलर ने 17वें ओवर में फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 31 बाल पर अर्धशतक बनाया। यह बटलर की मौजूदा सीजन में 5वीं फिफ्टी है। 14वें ओवर में कप्तान शुभमन गिल 76 रन बनाकर रनआउट हुए। उन्हें हर्षल पटेल के थ्रो पर विकेटकीपर हेनरिक क्लासन ने आउट किया। बटलर ने गुड लेंथ की बाल पर फाइन लगे की दिशा में खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। हर्षल पटेल ने बाल को स्टंप पर थ्रो किया। जिसे कलेक्ट करके हेनरिक क्लासन ने विकेट पर मारा। थर्ड अंपायर के फैसले के बाद गिल ने फील्ड अंपायर से नाराजगी जताई। उनका कहना था कि गिल्लियां क्लासन के ग्लब्स से गिरी हैं। 12वें ओवर में शुभमन गिल और जोस बटलर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। इसी ओवर में पैट कमिंस से कवर में बटलर का कैच ड्राप भी हो गया। शुभमन गिल ने 10वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने मोहम्मद शमी की बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 25 बाल पर हाफ संेचुरी लगाई।

# बांग्लादेश शारजाह में यूएई के साथ खेलेगा दो टी-20 मैच

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश अपने पाकिस्तान के दौरे से पहले 17 मई और 19 मई को शारजाह में यूएई के साथ दो टी-20 मैच खेलेगा। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सीओओ सुभान अहमद ने बताया कि पिछले तीन सालों में हमने आईसीसी के पूर्ण सदस्य न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान टीमों की मेजबानी की है, जबकि बांग्लादेश का यह दूसरा द्विपक्षीय टी-20 दौरा तीन सालों बाद हो रहा है। बांग्लादेश के साथ यह दो मैचों की सीरीज इस साल होने वाली टी-20 एशिया कप से पहले यूएई की तैयारी का अवसर है। इस दौरे को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने कहा कि हम इस टी-20 सीरीज के आयोजन के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड की पहल की सराहना करते हैं। ये मैच आगामी एशिया कप सहित व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर से पहले हमारी टीम की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बंग दर्शन और शास्त्री का विजय अभियान जारी

**नई दिल्ली, वार्ता।** आशीष और सौरभ रावत दे दर्शनीय गोलों की मदद से बंग दर्शन एफसी ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2 -1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग के रोमांचक मैच में पूरे अंक अर्जित किये। नेहरू स्टेडियम में खेले गए उतारचढाव वाले इस मुकाबले में पराजित टीम का गोल जांगूनहाओ ने किया मैच के सभी गोल आकर्षक रहे।

उधर अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन मुकाबले में शास्त्री एफसी ने भारतीय वायुसेना को 4-2 से परास्त किया। विजेता की जीत का आकर्षण एंडी जाखरी के दो गोल रहे। गोपी सिंह और वाशलांग दखार ने एक-एक गोल जमाए। वायुसेना के गोल समुएल वनलाल्पेका और अमन खान ने किए। युवा खिलाड़ियों से सजी भारतीय वायुसेना ने पहले हाफ में दमदार प्रदर्शन किया लेकिन जैसे जैसे खेल आगे बढ़ा वायुसैनिकों की अनुभवहीनता भारी पघ्ने लगी। खासकर, दूसरे हाफ में शास्त्री एफसी ने रफ्तार पकड़ी और बेहतरीन गोल जमा कर पूरे अंक झटक लिए। आमतौर पर पाला बदलने के बाद वायुसैनिकों के तेवर बदल जाते हैं लेकिन प्रतिद्वंद्वी फारवर्ड एंडी जाखारी, सेमन, गोपी और होकिप को रोक पाने में वायुसैनिक विफल रहे। उनके फारवर्ड भी आसान मौकों का फायदा नहीं उठा पाए।

## छात्रा पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को भेजा जेल

**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को केलसा रोड से अगवानपुर तिराहे के पास टीएमयू की बस रोककर छात्र के साथ मारपीट करने बाले आरोपियों में से एक आरोपी को किया गिरफ्तार आरोपी फायरिंग करने के साथ एक छात्रा को बेरहमी से पीटा इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर, जेल भेज दिया गया। आरोपी छजलैट क्षेत्र के शेखुपुरा का बताया गया इंतजाम निवासी पारस चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह टीएमयू से बीएससी कर रहा है। २५ अप्रैल को टीएमयू के सामने कैंटीन पर नवदीप यादव, तुषार विश्नोई, और दिव्यांशु, से कुछ विवाद हो गया था। इसके बाद अगवानपुर तिराहे पर पर कुछ युवकों ने टीएमयू की बस को रुकवा कर उसके साथ मारपीट करनी सुरु कर दीं और फायरिंग कर दी थी। टी ग्म यू छात्र की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर की थी।

# एक वर्ष पूर्व हुई हत्या का खुलासा

## बीमा धनराशि हड़पने के लिए हत्या को दिया दुर्घटना का रुप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** बीमा गिरोह द्वारा धनरा. शि हड़पने के मामले में रोज नये-नये खुलासे हो रहे हैं। बीमा करने वालों ने निर्दोष लोगों को शिकार बनाकर उनकी धनराशि हड़प ली। हालांकि यह घटना एक वर्ष पूर्व की है। सैनिक चौक पर सुबह के समय एक व्यक्ति की लाश मिली थी, उस समय ऐसा लगा था कि भिखारी सड़क दुर्घटना में मृत्यु दिखा 51 लाख रु० का बीमा क्लेम हड़पने का प्रयास किया गया। वादी राजेन्द्र नि० ग्राम ढिलावरी थाना बिसौली जिला बदायूं द्वारा तहरीर देकर बताया गया था कि उसका छोटा भाई दरियाब 31 जुलाई 2024 को चन्दौसी बाजार जाने को कहकर घर से आया था कि सैनिक चौराहे से आटा की तरफ लगभग 150 मीटर की दूरी पर आटा की तरफ से जाने वाले किसी अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सड़क के किनारे चल रहे दरियाब को समय लगभग रात्रि 10 बजे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इस संबधं में 01 अगस्त 2024 को थाना चन्दौसी पर मु०अ०सं० 343/2024 धारा 281/106( 1 ) बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया जिसकी अंतिम रिपोर्ट साक्ष्य के अभाव में 29 दिसंबर 2024 को न्यायालय में प्रेषित की गई। बता दें कि पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद में निरंतर अन्तर्राज्यीय बीमा फ्रॉड के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। उपरोक्त घटना के उपरांत मृतक दरियाब के भाई राजेन्द्र द्वारा टाटा एआईए में बीमा की राशि के लिए आवेदन किया गया है। टाटा एआईए के इन्वेशटीगेटर द्वारा इस घटना पर संदेह जताया गया कि यह मृत्यु बीमा लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से की गई एक पूर्व नियोजित हत्या हो सकती है। पुलिस द्वारा मामले की जांच गहनता से की गई तो पाया कि दरियाब पुत्र रामद. इस की बीमित राशि के लिए अवधि 02 नवंबर 2023 से 01 नवंबर 2024 तक थी, बजाज एंलियांस की पॉलिसी मूल्य 05 लाख रु० 28 अक्टूबर 2023 से शुरु की गयी, आईसीआईसीआई प्रडूशल की पॉलिसी मूल्य 534000 रु., एक्सीडेन्ट राइडर के साथ यानी कुल 1068000 रु० 08 दिसंबर 2023 से शुरु की गयी, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस की पॉलिसी मूल्य 10 लाख रु० 18 मई 2024 को शुरु की गई व किसान बीमा मूल्य 05 लाख रु० मृतक दरियाब की पत्नी पूजा के पीएनबी के खाते में प्राप्त हुई। यानि कुल 50,68,000 रु. की पॉलिसी दरियाब के नाम पर होना अभी तक प्रकाश में आया है और सभी पॉलिसी कराने की एक वर्ष के भीतर ही मृतक दरियाब की मृत्यु एक्सीडेन्ट में होना घटना के संदिग्ध बनाता है। सर्विलांस के माध्यम से जब पॉलिसी अभिलेखों में दिये गये मोबाइल नंबर की गति. विधियों का विश्लेषण किया गया तो घटना के समय संदेहास्पद गतिविधि दिखी। सभी तथ्यों के आधार पर हरिओम उर्फ हरिहर सिंह पुत्र प्यारेलाल व विनोद पुत्र प्यारेलाल नि० ढिलावरी थाना बिसौली जिला बदायूं, प्रताप पुत्र प्यारेलाल नि० तारापुर थाना चन्दौसी जिला संभल व पंकज राघव पुत्र प्रेमपाल सिंह नि. प्राइमरी स्कूल रायपुर कला थाना चन्दौसी जिला संभल को पूंछताछ के लिये बुलाया गया। पूंछताछ के दौरान तीनों द्वारा यह स्वीकारा गया कि उन्होंनें अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दरियाब पुत्र स्व० रामद. इस नि० ग्राम ढिलावरी कस्बा व थाना बिसौली जिला बदायूं की हत्या एक्सीडेन्ट का रुप देते हुए व बीमा पॉलिसी की धनराशि का लाभ लेने के उद्देश्य से कारित की गयी थी। पुलिस द्वारा अभियुक्तों के पास से हथौड़ी, घटना में प्रयुक्त वाहन ईको गाड़ी, पॉलिसी सम्बन्धित अभिलेख, जाली स्टाम्प, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, पंचायतनामा मृतक दरियाब, एक मोबाइल आदि बरामद किया गया। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार, इंस्पेंक्टर बहजोई हरीश कुमार, निरीक्षक, सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक रामवीर सिंह, एसओजी उ०नि० बोबिंदर, मुख्य आरक्षी अनिल, आरक्षी मुकुल, का०. अंकित कुमार, आरक्षी चालक शिवांशु, कंप्यूटर ऑपरेटर पवन कुमार का सहयोग रहा।

## एक नजर

### फर्जी तरीके से किसान संगठन का सहारा लेकर टोल पास करने वालों की खेर नही: हाजी इमरान

**कुंदरकी।** NHAI के टोल सिस्टम को चकमा देने के लिए ट्रक ड्राइवर, टैक्सी ड्राइवर और अन्य हेवी वाहन चालक नए नए तरीके अपना रहे हैं। कुछ लोग टोल बचाने के लिए गाड़ियों पर फर्जी तरीके से किसान संगठन के नाम की लंबी चिट लगा रहे हैं, तो कुछ लोग किसान संगठन के नाम का फर्जी आयी कार्ड बनवाकर टोल प्लाजा पर धींगा-धाँगी करते देखे जा रहे हैं। भरतीय किसान यूनियन भानु के जिलाउपाध्यक्ष हाजी इमरान खान ने बताया किसानों और किसान संगठन के मान सम्मान में टोल टैक्स फ्री करना लोकप्रिय बात है लेकिन इनमें अब काफी दिक्कतें और परेशानियां आ रही हैं। तथाकथित लोगों द्वारा फर्जी चिट और आयी कार्ड बनाकर टोल टैक्स बचाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। ऐसे लोग किसानों और किसान संगठन को बदनाम करने का काम कर रहे हैं। यदि समय रहते ऐसे लोग बाज नही आते है तो उनके विरुद्ध शिकायत कर कार्यवाही की मांग की जाएगी। जिला. उपाध्यक्ष हाजी इमरान खान ने मीडिया से बात करते हुए बिलारी-चंदौसी रोड पर पड़ने वाले टोल प्लाजा की बात करते हुए बताया, कुछ लोगों द्वारा किसान संगठन का सहारा लेकर गाड़ियां पास करायी गयी थीं जो कि फर्जी थे। न तो वह किसी संगठन से जुड़े थे न ही किसान परिवार से उनका नाता रहा। ऐसे में टोल प्लाजा पर तैनात फेकल्टी को विशेष ध्यान रखने की जरूरत है यदि कोई व्यक्ति किसान संगठन का सहारा लेकर वाहन पास कराने की जिद्दो जहेद करता है तो उसकी पर्याप्त जानकारी करने के बाद ही वाहन को निकालने के लिए विचारधीन हों।



### देवेंद्र पाल इंटर कॉलेज की मेधावी छात्राओं व प्रधानाचार्य को दिया एसडीएम ने प्रशस्ति पत्र

**शाह टइम्स संवाददाता बिलारी।** डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा प्रदेश व जिला स्तर पर बिलारी का नाम ऊंचा करने पर एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कॉलेज पहुंचकर मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा प्रधानाचार्य



शीतल प्रताप सिंह को भी प्रशस्ति पत्र दिया गया। शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार सिंह कॉलेज पहुंचे। जहां हाई स्कूल की छात्रा रितु गर्ग जिसने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया, इरम फातिमा जिसने प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। अंजली मोर्य ने जिले में चौथा, अंजुम बी ने इंटरमीडिएट में जिले में दसवां स्थान प्राप्त करके बिलारी का नाम रोशन किया। सभी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानाचार्य शीतल पाल सिंह के नेतृत्व में कॉलेज ने जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर नाम कमाया है और बिलारी का नाम रोशन किया है। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करने पर प्रधानाचार्य शीतल प्रताप सिंह को भी सम्मानित किया गया और बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ने और आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

## गैर कानूनी तरीके से कैसे हो गई प्राचार्य व दो प्रोफेसर की सेवाएं समाप्त

**चन्दौसी।** एस.एम. डिग्री कॉलेज चन्दौसी के प्राचार्य और दो प्रोफेसर को प्रबंधन कमेटी द्वारा बर्खास्त करने की कार्यवाही को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय ने गैर-कानूनी बताया है। कॉलेज की प्रबंधन कमेटी द्वारा प्राचार्य व प्रोफेसर की बर्खास्तगी के निर्णय को हिटलरशाही बताया जा रहा है। बता दें कि 30 अप्रैल को गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. सचिन माहेश्वरी ने बर्खास्तगी के मामले में तीसरी बार सुनवाई की जिसमें कॉलेज की प्रबंधन कमेटी द्वारा बिना पूर्वानुमोदन लिए प्राचार्य व दो प्रोफेसर की बर्खास्तगी को कुलपति ने एक तरफा बताया है। कुलपति के अनुसार, बिना पूर्वानुमोदन के बर्खास्तगी गैर कानूनी है। इस निर्णय से संबंधित आदेश भी कुलपति द्वारा जारी किया गया है। ज्ञातव्य है कि एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के मामले को लगभग ०६ माह हो चुके हैं। कॉलेज की एक स्ववित्त पोषित महिला शिक्षक ने दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में प्राचार्य दानवीर सिंह यादव व प्रोफेसर प्रवीण कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी लिखाई थी। बाद में महिला शिक्षक ने दुष्कर्म होने का बयान न्यायालय में दिया था। जांच में प्रवीण कुमार पर दुष्कर्म का आरोप सिद्ध नहीं हुआ है जबकि प्राचार्य के विरुद्ध अभी जांच जारी है। विवाद परीक्षा में ड्यूटी लगाने को लेकर बताया जाता है जिसमें परीक्षा भवन में प्रोफेसर प्रवीण सागर से वित्त पोषित महिला शिक्षक का विवाद हुआ था जिसमें प्राचार्य ने इस घटना संबंधी जवाब मांगा था। प्रबंधन कमेटी से महिला शिक्षक ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी जिस पर प्राचार्य डा० दानवीर यादव, प्रोफेसर प्रवीण कुमार सहित महिला शिक्षक को प्रबंध कमेटी ने 17 फरवरी को निलंबित कर दिया था और 18 अप्रैल को दानवीर सिंह यादव व प्रवीण कुमार को प्रबंध कमेटी ने बर्खास्त कर दिया था। बाद में अन्य महिला शिक्षक को भी बर्खास्त कर दिया था। इस घटना के विरुद्ध प्राचार्य समेत दोनों प्रोफेसर ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. सचिन माहेश्वरी से लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। कुलपति ने घटना को लेकर सुनवाई की तिथि घोषित की लेकिन प्रबंध कमेटी की ओर से कोई साक्ष्य सुनवाई के दिन नहीं प्रस्तुत किए और न ही बर्खास्त करने की कार्रवाई से पहले कुलपति ने अनुमोदन लिया गया। तीसरी बार सुनवाई होने पर भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किये गये। अब मामले की आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल कॉलेज की प्रबंधन कमेटी द्वारा बर्खास्तगी के निर्णय को मनमानी बताया जा रहा है।

## स्कूलों में मनमानी फीस वसूलने पर शिव सैनिकों ने एसडीएम बिलारी को दिया ज्ञापन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूलने और किताबों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ डालने को लेकर शिव सैनिक तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा। मामले को लेकर जांच करने की मांग भी उठाई। शिव सैनिक जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना के नेतृत्व में एसडीएम विनय कुमार सिंह से मिले। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें नगर व क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। स्कूलों की मनमानी फीस वसूलने के विरोध में एनसीईआरटी की पुस्तकों को स्कूल में लागू न करने का विरोध किया गया। शिवसैनिकों ने मांग की सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की बुक लागू की जाए। महंगी पुस्तकों के कारण गरीब माता-पिता पर फीस का आर्थिक बहुत बढ़ गया है। कोई भी



पुस्तक 200 से 400 से काम नहीं होती। मुख्यमंत्री से मांग उठाई कि सभी स्कूलों में सालाना फीस 20 हजार से नीचे की जाए। गरीब माता-पिता को फीस में छूट दी जाए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, महेश सिंह, सौरभ सक्सेना, विनोद यादव, दिनेश आजाद, राजीव ठाकुर, संजीव सक्सेना, राजेश ठाकुर, कुश सक्सेना, नितेंद्र चौधरी, वीनू ठाकुर, विजय माथुर, अभिषेक शर्मा, पुखराज गुप्ता, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता, भूरा भाई, कोमल शर्मा आदि शिव सैनिक शामिल रहे।

## गुरु शंकराचार्य व सूरदास की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में आदि गुरु शंकराचार्य (आद्य गुरु शंकराचार्य) व महाकवि सूरदास की जयंती (बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी) को राजेश कुमार पब्लिक स्कूल स्थित मौहल्ला सेमरटोला में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दोनों चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर मंत्रोच्चारण से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कवि माधव मिश्र ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्याता और हिन्दू धर्म के प्रचारक, सनातन धर्म संस्कृति के रक्षक थे। उन्हें भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। आदि गुरु शंकराचार्य ने पूरे भारत की यात्रा की, आदि गुरु के जीवन का अधिकांश भाग उत्तर भारत में बीता, चार पीठों की स्थापना करना मुख्य रुप से उल्लेखनीय कार्य था। उन्होंने कई ग्रंथ लिखे किंतु उनका दर्शन, उपनिषद, ब्रह्म सूत्र और गीता पर लिखे भाष्यो में मिलता है। उनके द्वारा रचित विवेक चूड़ामणि प्रमुख ग्रन्थ है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने आगे कहा कि आदि गुरु शंक. राचार्य का जन्म सन ७८८ ई मे बैशाख शुक्ल पंचमी को केरल के कालड़ी गांव में हुआ। आपके पिता शिव गुरु और माता अयम्बा को बहुत समय तक संतान नहीं हुई। एक बार वह जागृत शिवलिंग की पूजा कर रहे थे तब उन्हें भगवान शंकर ने अहसास कराया कि मैं तुम्हारे यहां जन्म लूंगा। इससे दोनों खुश हुए दस माह बाद पुत्र हुआ उन्होंने उसका नाम शंकर रखा। शंकर के बचपन में ही पिता का निधन हो गया। माता ने शंकर को गुरुकुल भेजा वहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त करते हुए वेद, उपनिषद, शास्त्रों को सात बर्ष की आयु तक कंठस्त कर लिया, आठवें साल में माता से सन्यास की आज्ञा मांगी लेकिन मां के मना करने पर जब एक बार नदी पर शंकर और माता स्नान को गए तभी स्नान करते हुए मगरमच्छ ने शंकर का पैर पकड़ लिया तभी इसका फायदा उठाते हुए शंकर ने मां से कहा मुझे सन्यास की आज्ञा दो वरना मगरमच्छ नहीं छोड़ेगा। मां ने आज्ञा दे दी तभी मगरमच्छ ने छोड़ दिया। मां ने अपने अंतिम संस्कार करने की शर्त रखी जिसे शंकर ने समाज के विरोध के बावजूद भी किया।

उन्हें सन्यास के बाद गोविन्द पाद गुरु मिले जिन्होंने उन्हें भारत में घूमकर अद्वैत वेदांत के प्रचार करने को कहा। वह काशी गए जहां उनके कई शास्त्रार्थ हुए सबमें विजय के बाद वह कुमारिल भट्ट से शास्त्रार्थ को पहुंचे उन्होंने कहा कि मैं आज धराधाम को छोड़ रहा हूं मेरे शिष्य मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ करो, अगर उसे आपने परास्त कर दिया तो मेरी भी हार मानी जाएगी।

## जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा का हुआ स्थानांतरण

### बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी ने किया विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद में जनपद न्यायाधीश भानुदेव शर्मा के स्थानांतरण होने के लक्ष्य पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रदीप सिंह व संचालक अभिषेक भटनागर ने किया। इस अवसर पर राममोहन श्रीवास्तव, पुष्प यादव, आदेश श्रीवास्तव, जुनैद एजाज, संजीव राघव, बच्चन सिंह, आनंद मोहन गुप्ता, प्रमोद प्रतीक की सुरेश चंद्र गुप्ता, अमित कुमार सक्सेना बंकू, मुजम्मिल खां, अनुज बिश्नोई, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन), राकेश कुमार जैन, प्रभात गोयल, अतुल मथुर आदि भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने भानुदेव शर्मा को पुष्प देखकर उनका अभिनंदन किया।

बार अध्यक्ष प्रदीप सिन्हा एडवोकेट ने जनपद न्यायाधीश महोदय को प्रतीक व चिन्ह फूलों का गुलदस्ता एवं शाल उड़ाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मुरादाबाद जनपद के वर्तमान न्यायाधीश महादेव शर्मा साढे 5 महीने के कार्यकाल में समस्त अधिवक्ताओं पर अपनी अमिट छाप बन चुके हैं भानु देव शर्मा के न्यायालय में पहुंचकर चाहे सीनियर अधिवक्ता हो अथवा जूनियर अधिवक्ता हर एक को यह उम्मीद रहती है कि वह वादकारियों के लिए कोई न कोई न्याय रूपी प्रपत्र प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता महेश दत्त शर्मा ने वह ग्रीश जायकवाल ने भानु देव जी के कार्यकाल की उपलब्धियां प्रस्तुत की और वक्ताओं ने यह कहा कि भानु देव जी ने अपने न्यूनतम कार्यकाल अवसर पर मुरादाबाद के अंदर न्यायपालिका को निश्चित रूप से नए आयाम प्रदान करें हैं तथा भय मुक्त वातावरण भी प्रदान किया है वक्ताओं ने यह भी अवगत कराया है कार्यकाल में अधिवक्ताओं में भय मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त कार्यकाल देखा है।

इस अवसर पर समस्त अधिवक्ताओं ने अपने जनपद न्यायाधीश के न्यायालय में किए गए कार्यों का अनुभव साझा कर तथा उनके उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य की कामना की सभी अधिवक्ताओं ने भारी मन से उनको विदाई की संदेश दिए और शेरो शायरी से माहौल को खुशनुमा बनाने का प्रयास किया। जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने अपने वक्तव्य में समस्त अधिवक्ताओं का तथा बार एसोसिएशन का आभार व्यक्त कर और यह कार्य की क्योंकि मुरादाबाद जनपद में बहुत कम समय के लिए वह कार्यरत रहे लेकिन यह कार्यकाल उनके जीवन पर विशेष प्रभाव डाले हुए है उन्होंने कहा कि बार में निश्चित रूप से ज्ञान की समृद्धि है इसे निश्चित रूप से बनाए रखना आवश्यक है और कोई भी न्याय अधिकारी तभी तक सुचारू रूप का कार्य कर सकता है जब उससे जुड़ने वाली बात ज्ञान के रूप में समृद्ध है।

### ताइक्वांडो खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

**चन्दौसी।** मुरादाबाद रोड स्थित सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में प्रधानाचार्या द्वारा ताइक्वांडो खिलाडिघ्यों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बता दें कि 27 अप्रैल को अंकुश ताइक्वांडो क्लब द्वारा चौंपियंस कप ताइक्वांडो चौंपियनशिप का आयोजन किया गया जिसमें सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल के खिलाडिघ्यों ने प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाडियों में अफ्फान, गौतम,



अनुदीप, आदिया, काव्या, समून, कनिष्का राज, भूमि, महिरा अख्तर, नित्य, आरोही, रोहिनी, अमायरा, रुद्रांश, अभिजीत, अभिमन्यु, स्पर्श, काव्या, सिल्वर मेडल प्राप्त करने वालों में सिद्धार्थ, प्रभु, वैदिक, हर्षित, अक्षत, रिआंशी, समृद्ध, पूजा, गरिमा, वैशाली, आर्य व ब्रॉन्ज मेडल मनन, रुद्र, कुनाल, रियांश, रियान, कपीश, स्पर्श सैनी, संकल्प, अभ्युदय आदि रहे। इस अवसर पर ताईक्वांडो कोच अंकुश राणा उपस्थित रहे।

### कूड़े के ढेर में लगी आग, फायर बिग्रेंड ने मौके पर पहुंचकर बुझाई

**चन्दौसी।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के पलथा मिठनपुर में कूड़े के ढेर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने अन्य कूढ़े के ढेरों ने पकड़ ली।



मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। बता दें कि थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पलथा मिठनपुर में शुक्रवार को सुबह के समय गांव की सड़क के किनारे ग्रामीणों द्वारा डाले गये कूढ़े के ढेर में आग लग गई। तेज हवा के कारण एकदम से आग अन्य ढेरों ने पकड़ ली। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया।

## यूथ कांग्रेस ने जाति जनगणना को लेकर खुशी का किया इजहार

**मुरादाबाद।** जातिगत जनगणना लागू होने को लेकर कांग्रेसियों ने किया खुशी का इजहार बाटी मिठाई। राहुल गांधी के प्रयासों से जातिगत जनगणना लागू करने की दिशा में भाजपा सरकार कदम बड़ा रही है। यह ऐतिहासिक पहल सामाजिक न्याय ओर समानता की दिशा में बड़ा कदम है। इस निर्णय में राहुल गांधी की अहम भूमिका रही है। जिन्होंने निरंतर इसके लिए आवाज उठाई और जनभावनाओं को मजबूती से संसद ओर जनता के बीच रखा। इस उपलब्धि पर युवा कांग्रेस के मुरादाबाद जिलाध्यक्ष दानिश सेफी ने नगर पंचायत अगवानपुर में खुशी का इजहार करते हुए मिठाई बाटी। इस मौके पर दानिश सेफी ने कहा कि राहुल गांधी की दूरदर्शिता और संघर्ष के कारण अब वंचित वर्गों को उनकी वास्तविक स्थिति के अनुसार अधिकार दिलाने की दिशा में रास्ता साफ हुआ है। युवाओं में इस निर्णय को लेकर उत्साह है। इस दौरान जरीफ, राहुल जाटव, राजेंद्र, जुनैद खान,, अशरफ, आसिफ, मुकेश कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।



## ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भी होंगे सम्मानित: डा. सुगंध सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखण्ड बनियाखेड़ा सभागार में शुक्रवार को प्रमुख डा. सुगन्धा सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मनित करने के लिए "ग्रामीण प्रतिभा (शैक्षिक) सम्मान समारोह" शैक्षिक वर्ष 2024-25 आयोजित किये जाने के संबध में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण व कर्मचारीगण की समन्वय बैठक तथा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें विकासखण्ड में ग्राम पंचायत के ग्रामीण आँचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मनित करने लिए विकासखण्ड की प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ब्लाक प्रमुख डॉ सुगंधा सिंह के निर्देशन में "ग्रामीण प्रतिभा (शैक्षिक) सम्मान समारोह" शैक्षिक वर्ष 2024-25 का आयोजन किया जायेगा। डॉ सुगंधा सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आँचल के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना, उनका मनोबल बढे, उनको प्रेरणा मिले एवं उनके परिवारजनों को भी सम्मान दिलाना है ताकि आने वाले शैक्षणिक वर्ष में छात्र-छात्रा भी प्रेरित हो सके। उन्होंने बताया कि ग्रामीण आँचल में भी अनेक प्रतिभाशाली छात्र- छात्राएं रहते है जो खुद की लगन और मेहनत से पढाई



करते हैं परन्तु उनका उस स्तर पर न ही मार्गदर्शन हो पाता और न ही उनको सम्मान मिल पाता है। इसीलिए इस कार्यक्रम के तहत ग्रामीण छात्र-छात्राओं को सही मार्गदर्शन करने एवं उनका मनोबल तथा प्रेरित करना है। डॉ सुगन्धा सिंह ने अधिकारियों को सम्मान समारोह को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतू निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक चयन समिति का गठन किया जाये जिसमें अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण को भी सम्मिलित किया जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में मुनादी करायी जाये और निर्धारित प्रारूप पर आवेदन लिए जाये। प्राप्त आवेदन के आधार पर एक मेरिट सूची तैयार की जाये। मेरिट सूची के सापेक्ष कक्षा ५, कक्षा ८, कक्षा १०, कक्षा १२ के श्रेष्ठ ०३ छात्र/छात्राओं को चयन कर ग्राम पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाये। ग्राम पंचायत के साथ-साथ विकासखण्ड स्तर पर भी कक्षा 5, कक्षा 8, कक्षा 10, कक्षा 12 के श्रेष्ठ 03 छात्र-छात्राओं को विकासखण्ड में कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जायेगा। विकासखण्ड स्तर पर कक्षा 5, कक्षा 8, कक्षा 10, कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नकद 5100 रूपय, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नकद 2100 रूपए व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 1100 रूपए की धनराशि भी उपहार स्वरूप प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में शिक्षा की ओर ध्यान आकर्षित करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राज्यमंत्री गुलाब देवी के पति रामपाल सिंह रहे। कार्यक्रम का संच. ालन सीवेंद्र कुमार ने किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत नीरज सिंह, खण्ड प्रेरक शेखर सिंह, राजपाल सिंह राणा, कुलदीप राघव, संजय बंसल, पूजा राणा, गुडिया सैनी, रितेश कुमार, हरवेश राणा, जसवीर, जितेन्द्र शर्मा, नागेन्द्र, रविन्द्र पाल, दिलशाद, सुरेश सैनी आदि मौजूद रहे।

हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

# प्रेस की आजादी पर संकट

दुनिया में प्रेस की आजादी को लेकर पेरिस स्थित इंटरनेशनल एनजीओ हर साल रिपोर्ट जारी करता है। रिपोर्ट विदाउट बार्डर्स (आरडब्ल्यूयूबी) 2025 में उसने दुनियाभर के 180 देशों के विषय में प्रेस की आजादी के बारे में बताया। प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में भारत को 151वीं रैंक में रखा है। यह रैंक बताती है कि भारत में पिछले वर्ष की अपेक्षा भारत ने इसमें सुधार किया है। पिछले बार भारत की रैंकिग 159 थी। दिलचस्प बात यह है कि अमेरिका जैसे देश जो अपने आप को दुनिया का सबसे बड़ा संरक्षक बनता है वहा भी प्रेस की आजादी में गिरावट की बात सामने आ रही है। इंडेक्स में अमेरिका को 57वें पायदान पर रखा है। जबकि पिछले वर्ष उसकी रैंकिंग 55 थी। रिपोर्ट कहती है कि यह गिरावट डोनाल्ड ट्रम्प के सत्ता में आने के बाद हुई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वह 42 देश जिनमें दुनिया की आधी आबादी रहती है वहां प्रेस की स्थिति बेहद गंभीर है और वहां प्रेस को लगभग न के बराबर आजादी है। रिपोर्ट में जहां नार्वे को पहले स्थान पर रखा है तो वही सबसे निचले स्थान पर इरीट्रिया देश है। इस तरह भारत की स्थिति भूटान, पाकिस्तान, चीन, रूस, सीरिया, फलस्तीन, अफगानिस्तान और उत्तर कोरिया से बेहतर है। निश्चित रूप से प्रेस की आजादी वर्तमान समय में काफी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है और इसके पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक तो है ही बल्कि आर्थिक भी है। रिपोर्ट में इसी तरफ इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनियाभर का मीडिया फंडिंग की कटौती से जूझ रहा है। सूचना के संसाधनों को गूगल, एप्पल, फेसबुक, एमेजन और माइक्रोसॉफ्ट जैसे कंपनियों के दबदबे की वजह से हो रहा है। क्योंकि जो पहले विज्ञापन मीडिया आउटलेट्स को मिलते थे अब वह इनके पास जा रहे है। रिपोर्ट बताती है कि भारत सहित कुछ देशों में मीडिया आउटलेट्स नेताओं और बिजनेसमैन से मिलने वाली सशर्त फंडिंग की वजह से अपना अस्तित्व बचाए हुए है कहने का मतलब साफ है कि मीडिया दिन-प्रतिदिन अपनी साख खो रहा है जिसके लिए वह कभी जाना जाता था और यह सब इस लिए हो रहा है क्योंकि इस पर अब राजनेताओं और पूंजीपतियों का दबाव बन चुका है। चीन, वयतनाम जैसे देशों में तो मीडिया सरकार के मुखपत्र का काम करता है। हाल ही में हम देख रहे है कि फलस्तीन में किस तरह मीडिया को निशाना बनाया जा रहा है अब तो 200 से अधिक पत्रकार वहां अपनी जान गंवा चुके है। इजरायल ने अपनी बमबारी से वहां तमाम मीडिया के ऑफिस बर्बाद कर दिए है। कोई भी देश अपनी मनमानी के चलते किसी भी विदेशी मीडिया को अपने यहां काम करने से रोक देता है। इस तरह हम कह सकते है कि आज के दौर में मीडिया अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है यह स्थिति ठीक नहीं है। सही सूचना आम लोगों तक पहुंचे इसकी व्यवस्था होना बेहद जरूरी है, लेकिन यह तभी संभव होगा। जब मीडिया को शक्ति प्रदान करने के लिए गंभीरता से प्रयास किए जाए। जो कि आज दूर की कोड़ी की बात लगती है।

## बुजुर्ग परिवार के भावनात्मक स्तंभ



बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व देकर उनके बहुमूल्य सानिध्य का आनंद लेना चाहिए, माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है, आमतौर पर परिवारों में देखा जाता है कि बच्चे अपने दादा-दादी के साथ बहुत सहज होते हैं, बुजुर्ग परिवार के लिए भावनात्मक स्तंभ की तरह काम करते हैं, जब बुजुर्ग अपने परिवार को फलते-फूलते देखते हैं, तो वे भी शारीरिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहते हैं, प्रतिस्पर्धात्मक और भागदौड़ भरी जिंदगी में वरिष्ठ नागरिकों का सहयोग, प्रेरणा और मार्गदर्शन युवा पीढ़ी के लिए बेहद जरूरी है, वरिष्ठ नागरिकों के पास जो अनुभव और ज्ञान है, वह युवा पीढ़ी को जटिल चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकता है।

**द्रौपदी मुर्मु**
**राष्ट्रपति**

# अंततः देश में जाति जनगणना: प्रतिनिधित्व या पुनरुत्थान





प्रियंका सौरभ

भारत में दशकों से केवल अनुसूचित जातियों और जनजातियों की गिनती होती रही है, जबकि अन्य जातियाँ नीति निर्माण में अदृश्य रहीं। जाति जनगणना केवल गिनती नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की नींव है। बिना सटीक आंकड़ों के आरक्षण, योजनाएं और संसाधन वितरण अधूरे रहेंगे। विरोध करने वालों को डर है कि उनके विशेषाधिकार चुनौती में पड़ सकते हैं। लेकिन यह गिनती वंचितों की दृश्यता और भागीदारी सुनिश्चित करने का औज़ार है, न कि समाज को तोड़ने का। जब नीति जाति पर आधारित हो, तो डेटा भी होना चाहिए।

भारत को जातियों में बांटा गया, लेकिन उसे जोड़ने की कोशिश कभी पूरी ईमानदारी से नहीं हुई। संविधान ने सबको समानता का अधिकार दिया, मगर समान अवसर की नींव जातिगत असमानता को पहच. ानने पर ही टिकती है। इसी बुनियाद पर जब आज जाति जनगणना की मांग ज़ोर पकड़ रही है, तो सवाल खड़ा होता है क्या यह सामाजिक न्याय का औज़ार है या समाज को और अधिक खांचों में बांटने की कवायद।

भारत में पिछली बार व्यापक जातिगत जनगणना 1931 में हुई थी। उसके बाद, आज़ादी के बाद के राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में एक आदर्श सामने रखा गया 'जातिविहीन समाज'। इस आदर्श का आकर्षण था, पर व्यवहार में यह एक तरह की चुप्पी थी। 1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं। लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों न हों। क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो।

बिहार की जाति आधारित सर्वेक्षण ने एक नई लहर पैदा की। नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की पहल ने अन्य राज्यों को भी सोचने पर मजबूर किया। एक ओर जातिगत गणना को सामाजिक न्याय की बुनियाद बताया गया, तो दूसरी ओर कुछ वर्गों ने इसे सामाजिक विभाजन का उपकरण कहा। कई राजनी. तिक दल इस मांग को समर्थन दे रहे हैं, खासकर वे जिनकी राजनीति वंचित तबकों पर आधारित है। लेकिन केंद्र सरकार की भूमिका झिझकभरी रही है। केंद्र का कहना है कि यह बेहद जटिल प्रक्रिया है और इससे सामाजिक तनाव पैदा हो सकते हैं। जाति जनगणना के समर्थन में कई मजबूत तर्क दिए जा रहे

**1951 से लेकर 2011 तक हर जनगणना में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की गिनती होती रही, बाकी जातियां 'अदृश्य' रहीं, लेकिन अगर नीति आरक्षण आधारित हो, योजनाएं वर्गों के लिए हों, तो आंकड़े क्यों ने हों, क्या यह संभव है कि बिना जानकारी के न्यायपूर्ण वितरण हो**

हैं। अगर हम यह नहीं जानते कि कौन-सी जातियां किस आर्थिक व सामाजिक स्थिति में हैं, तो योजनाएं महज अंदाज़ों पर चलती रहेंगी। आरक्षण का पुनर्मूल्यांकन करना हो या सामाजिक योजनाओं का लक्ष्य तय करना हो, सटीक आंकड़ों की आवश्यकता है। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की जनसंख्या कई राज्यों में 40-50 प्रतिशत तक मानी जाती है, जबकि उन्हें 27 प्रतिशत आरक्षण मिलता है। यदि सही आंकड़े हों तो नीति ज्यादा न्यायसंगत हो सकती है।

विरोध करने वालों की मुख्य दलील यह है कि जाति जनगणना समाज में जातीय पहचान को और मजबूत करेगी। इससे सामाजिक एकता को खतरा होगा और राजनीतिक दल केवल जाति कार्ड खेलकर वोट बटोरने लगेंगे। कुछ वर्गों को डर है कि अगर सही आंकड़े सामने आ गए, तो उनका 'निहित अधिकार' छिन सकता है ख्न जैसे सवर्ण वर्गों को लगता है कि ओबीसी या दलितों की संख्या के अनुपात में अगर आरक्षण बढ़ा, तो उनके लिए मौके और कम हो जाएंगे।

जब बिहार ने अपना जातिगत सर्वेक्षण कराया, तो केंद्र सरकार ने उससे दूरी बनाए रखी। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी मांग उठी, लेकिन सर्वसम्मति नहीं बन सकी। कई बार यह तर्क दिया गया कि यह विषय केंद्र के अधिकार क्षेत्र में आता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर ही किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने 2021 में जाति आधारित जनगणना पर सीधे रोक नहीं लगाई, लेकिन कहा कि यह नीति का विषय है और सरकारें अपने विवेक से निर्णय लें।

वंचित समुदायों के लिए जाति जनगणना केवल गिनती नहीं है, यह उनकी दृश्यता का सवाल है। अगर समाज में कोई वर्ग आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से पिछड़ा है, तो सबसे पहले यह जानना ज़रूरी है कि वह है कहां? कितना है? डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था 'यदि आपको सुधार करना है, तो पहले तथ्यों को जानिए।' जातिगत आंकड़े भी ऐसे ही तथ्य हैं। यह आंकड़े केवल आरक्षण तय करने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, स्वरोजगार जैसी नीतियों के लिए जरूरी हैं। आश्चर्य की बात है कि जाति जनगणना जैसे गहन विषय पर मुख्यधारा मीडिया में गंभीर बहस कम होती है। जो बौद्धिक वर्ग खुद को प्रगतिशील मानता है, वह या तो इसे 'रिग्रेसिव' बताकर खारिज कर देता है या चुप रहता है। दरअसल, समस्या यह नहीं कि जाति की गिनती हो रही है। समस्या यह है कि जिन्हें अपने 'विशेषाधिकार' की चिंता है, वे इस गिनती से असहज हैं। अब सबसे बड़ा सवाल मान लीजिए कि जाति जनगणना होती है और सभी जातियों के आंकड़े सामने आते हैं। तब क्या होगा? क्या सरकारें इन आंकड़ों के आधार पर आरक्षण नीति में बदलाव करेंगी? क्या यह संभव होगा कि किसी जाति की संख्या ज्यादा निकलने पर उन्हें ज्यादा हिस्सेदारी दी जाए? या फिर आंकड़ों को दबा दिया जाएगा, जैसा 2011 की सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (एसईसीसी) के साथ हुआ? 2011 में हुई एसईसीसी के आंकड़े आज भी सार्वजनिक रूप से अधूरे हैं। सरकारें आती गईं, लेकिन किसी ने इसे पूरी पारदर्शिता से नहीं जारी किया। जाति एक सामाजिक सच्चाई है, जिसे नज़रअंदाज़ करना संभव नहीं। जो सत्ताएं जातिविहीन समाज की बात करती हैं, वे चुनावी टिकट देने, मंत्रिमंडल गठन, और अफसरों की नियुक्ति में जाति ही देखती हैं तो फिर आंकड़ों से डर क्यों? जाति जनगणना न सामाजिक टूटन लाएगी, न समाज की बुनियाद को कमजोर करेगी बशर्ते इसका उपयोग न्यायपूर्ण नीति निर्माण के लिए हो। डर उन्हें है जिनके पास पहले से ही ज्यादा है। जो वंचित हैं, वे तो सिर्फ अपनी मौजूदगी की पुष्टि चाहते हैं। आखिर यह देश सभी जातियों का है तो सभी की गिनती क्यों नहीं?

# एक पादप मॉडल का अनदेखा पहलू...

सरसों परिवार (ब्रेसिकेसी) का एक छोटा सा पौधा है थेल क्रेस (**Arabidopsis thaliana**)। 20-25 से.मी. लंबे इस पौधे में अधिकतर पत्तियां ज़मीन से सटकर, फूलनुमा आकृति बनाते हुए लगती हैं और बहुत थोड़ी पत्तियां ऊपर तने पर भी लगती हैं। इसके फूल सफेद रंग के होते हैं। यह पौधा मूलतः युरेशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है। यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे, रेललाइन किनारे, खेतों में, कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जाता है, हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है।

**स्रोत फीसर्च**

थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें हैं। एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है, यह खरपतवार की तरह आसानी से फल-फूल जाता है, इसका पौधा साइज़ में छोटा तो होता ही है, साथ ही इसका जीनोम भी सरल होता है। अपनी इन सभी खूबियों के कारण 1900 के दशक से ही पादप विज्ञान में थेल क्रेस पर अध्ययन किए जाने लगे थे। फूलदार पौधों की जेनेटिक, आणविक कार्यप्रणाली को समझने में थेल क्रेस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सबसे पहला संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण भी इसी पौधे का किया गया था। और तो और, पादप विज्ञान का यह मॉडल पौधा 2019 में चांग ई-4 लैंडर के साथ चांद की भी सैर कर चुका है। और अब, इस पौधे के एक अनछुए पहलू का अध्ययन कर पादप विज्ञानी रियुशिरो कासाहारा और उनके दल ने इसकी एक ओर खासियत उजागर की है जो खेती के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। पता चला है कि (कम से कम) यह पौधा बड़ी चतुराई से अपने सिर्फ उन्हीं बीजांडों तक पोषण पहुंचने देता है जो निषेचित हो चुके होते हैं। और, अपने गैर-निषेचित बीजांड तक पोषण पहुंचने से रोकता है, जिससे पोषण का सदुपयोग होता है और बीज बड़ा बनता है। और, बड़ा बीज यानी पैदावार में वृद्धि, लेकिन अन्य फसलों में बीज कैसे बड़ा किया जाए? इस पर बात करने के पहले थोड़ा इस पर बात कर लेते हैं कि शोधकर्ताओं को यह बात पता कैसे चली। दरअसल, कासाहारा यह समझना चाह रहे थे कि पौधे बीज कैसे बनाते हैं? इसके लिए कासाहारा ने थेल क्रेस को अध्ययन के लिए चुना और अपना सारा ध्यान इसके फूल के उस स्थान पर केंद्रित किया जहां कई सारी नलिकाओं (फ्लोएम) के माध्यम से पोषक तत्व पहुंचकर विकासशील भ्रूण को पोषण देते हैं।

नीले रंजक का इस्तेमाल कर उन्होंने इस हिस्से में कैलोस का असर देखा। गौरतलब है कि कैलोस पौधों में अस्थायी कोशिका भित्ति बनाकर पौधों के लिए कई काम करता है और पौधों को सुरक्षा प्रदान करता है, जैसे यह पौधों के घावों को भरने में मदद करता है। पता चला कि फ्लोएम के अंतिम छोर पर बीजांड के पास की कोशिकाओं में कैलोस बन रहा था। कैलोस ने फ्लोएम के सिरे के चारों ओर एक तश्तरी जैसा अवरोध (भित्ति) बना दिया था। फिर, अधिकांश निषेचित बीजांडों से वह अवरोध गायब हो गया था, और वहां मात्र एक छल्ला रह गया था जल्द ही वह छल्ला भी लुप्त हो गया था। लेकिन जो बीजांड निषेचित नहीं हुए थे उनमें अवरोध जस-का-तस बना रहा। इससे समझ आया कि कैलोसयुक्त कोशिकाएं एक दीवार का काम करती हैं, जो फ्लोएम के पोषक तत्वों को गैर-निषेचित बीजांडों में जाने से रोकती हैं। इस तरह पौधा गैर-निषेचित बीजांड में अतिरिक्त पोषण ज़ाया करने से बच जाता है। अब सवाल था कि वह क्या शय है जो निषेचित बीजांड से कैलोस-अवरोध हटा देती है। शोधकर्ताओं की यह



तलाश एक ऐसे एंज़ाइम, **AtBG&ppap**, पर जाकर खत्म हुई जो कैलोस को विघटित करने (या हटाने) की क्षमता रखता है। और इसी एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को अधिक सक्रिय कर कुछ फसलों की पैदावार बढ़ाई जा सकती है।


इस बात का खुलासा भी थेल क्रेस पर किए गए अध्ययन से हुआ। शोधकर्ताओं ने जब इस पौधे में **AtBG&ppap** एंज़ाइम को बनाने वाले जीन को शांत किया तो पाया कि पौधे में सभी बीजांड

**भारत में यह हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है, यह खाली पड़े मैदान, सड़क किनारे रेललाइन किनारे, खेतों में कहीं भी उगता देखा जा सकता है, इसलिए इसे खरपतवार की तरह देखा जा सकता है हालांकि कुछ जगहों पर इसे खाया भी जाता है, थेल क्रेस पौधे की कुछ खास बातें है, एक तो इसका जीवन चक्र छोटा होता है, अंकुरण से लेकर वापस बीज बनने तक का इसका चक्र 6 हफ्तों में पूरा हो सकता है**

(निषेचित और गैर-निषेचित) पर कैलोस भित्ति काफी हद तक वैसी की वैसी बनी रही थी। इसके कारण इस जीन के प्रभाव से मुक्त पौधों के बीज सामान्य पौधों के बीज के साइज़ की तुलना में 8 प्रतिशत छोटे बने थे। लेकिन जब टीम ने इन पौधों में **AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अति सक्रिय किया तो पाया कि ऐसा करने पर बीज सामान्य पौधों के बीजों की तुलना में 17 प्रतिशत बड़े विकसित हुए। संभवतः इसलिए कि निषेचित बीजांड की कैलोस-भित्ति आसानी से टूट गई होगी और अधिक पोषक तत्व निषेचित बीजांड तक पहुंचे होंगे। ऐसा ही उन्होंने धान के पौधों पर भी करके देखा तो उन्हें ऐसे ही नतीजे मिले-**AtBG&ppap** एंज़ाइम के जीन को अधिक व्यक्त करवाने पर चावल के दाने की साइज़ 9 प्रतिशत बढ़ गई थी। लेकिन चावल के बड़े दाने होने से शायद इसके स्वाद पर फर्क पड़े, हालांकि स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ने जैसी बात तो अध्ययन में सामने नहीं आई है। लेकिन बड़े बीज वाली फसलें सोयाबीन, मक्का और गेहूं जैसी फसलों के लिए फायदेमंद हो सकती हैं।

## केवल अधिकार नहीं, जिम्मेदारी भी है पत्रकारिता की स्वतंत्रता

# कलम की आजादी पर कसता शिकंजा





योगेश कुमार गोयल

भारत में प्रेस को सदैव लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की संज्ञा दी जाती रही है क्योंकि लोकतंत्र की मजबूती में इसकी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यही कारण है कि स्वस्थ और मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रेस की स्वतंत्रता को बहुत अहम माना गया है लेकिन विड्म्बना है कि विगत कुछ वर्षों से यहां भी प्रेस स्वतंत्रता के मामले में लगातार कमी देखी जा रही है। इसीलिए प्रतिवर्ष 3 मई को 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस' मनाया जाता है। कलम को तलवार से भी ज्यादा ताकतवर और तलवार की धार से भी ज्यादा प्रभावी इसीलिए माना गया है क्योंकि इसी की सजगता के कारण न केवल भारत में बल्कि अनेक देशों में पिछले कुछ दशकों के भीतर बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश हो सका, जिसके चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नेताओं तथा विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों को एक ही झटके में अर्श से फर्श पर आना पड़ा। यही कारण हैं कि समय-समय पर कलम रूपी इस हथियार को भोथरा बनाने या तोड़ने के कुचक्र होते रहे हैं और विभिन्न अवसरों पर न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर में सच की कीमत कुछ पत्रकारों को अपनी जान देकर भी चुकानी पड़ती है।

पिछले दशकों में प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में स्थितियां काफी बदल गई हैं। आज दुनियाभर में पत्रकारों पर राजनीतिक, अपराधिक और आतंकी समूहों का सर्वाधिक खतरा है और भारत भी इस मामले में अछूता नहीं है। विड्म्बना है कि दुनियाभर के न्यूज रूम्स में सरकारी तथा निजी समूहों के कारण भय और तनाव में वृद्धि हुई है। पेरिस स्थित 'रिपोर्टर्स सैन्स फंटियर्स' (आरएसएफ) अथवा 'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' नामक संस्था द्वारा हर साल अपनी वार्षिक रिपोर्ट में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर जो तथ्य प्रस्तुत किए जाते रहे हैं, वे सदैव चौंकाने वाले होते हैं। हालांकि यह अलग बात है कि कुछ देश इस रिपोर्ट में जारी किए जाने वाले आंकड़ों को पूर्वाग्रह से प्रेरित बताकर खारिज भी करते रहे हैं।

'रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स' एक ऐसा गैर-लाभकारी संगठन है, जो विश्वभर के पत्रकारों पर हमलों का दस्तावेजीकरण करने और मुकाबला करने के लिए कार्यरत है और प्रतिवर्ष 'वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स' अर्थात् 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक' नामक रिपोर्ट पेश करता है। 'विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2019' में उसने भारत सहित विभिन्न देशों में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति की विवेचना करते हुए स्पष्ट किया था कि किस प्रकार विश्वभर में पत्रकारों के खिलाफ घृणा हिंसा में बदल गई है, जिससे दुनियाभर में पत्रकारों में डर बढ़ा है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 के मुताबिक भारत 180 देशों में से 159वें स्थान पर है जबकि 2023 में भारत 180 देशों में से 161वें स्थान पर और 2022 में 150वें पायदान पर खड़ा था। यह रिपोर्ट प्रेस स्वतंत्रता के लिए भारत की रैंकिंग में लगातार गिरावट का संकेत देती है। रिपोर्ट के मुताबिक पत्रकारों के साथ व्यवहार के लिए 'संतोषजनक' माने जाने वाले देशों की संख्या बढ़ रही है लेकिन ऐसी संख्या भी कम नहीं है, जहां स्थिति 'बहुत गंभीर' है। रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर्स द्वारा जारी दुनियाभर के देशों की प्रेस फ्रीडम रैंकिंग में भारत जहां जहां 2024 में 2023 के मुकाबले दो पायदान ऊपर चढ़ा, वहीं 2023 में 2022 के मुकाबले 11 पायदान नीचे गिरा था और 2022 में भी 2021 की रैंकिंग के मुकाबले 8 स्थान नीचे फिसला था। 2021 की रैंकिंग में भारत का स्थान 142वां था। विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक 2024 की सूची में शीर्ष 10 देशों में नॉर्वे, डेनमार्क, स्वीडन, नीदरलैंड, फिनलैंड, एस्तोनिया, पुर्तगाल, आयरलैंड, स्विट्जरलैंड तथा जर्मनी शामिल हैं। भारत के लोकतंत्र को तो दुनिया का सबसे सफल और बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है, वहीं अगर नार्वे जैसा छोटा सा देश प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में लगातार शीर्ष स्थान पर विराजमान है तो यह स्थिति भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश के लिए सही स्थिति नहीं है। ऐसे में हमें गंभीरता से मंथन करने की जरूरत है कि हम इस मामले में वर्ष दर वर्ष क्यों फिसल रहे हैं? प्रेस की स्वतंत्रता के मामले में यह गिरावट स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। प्रेस की स्वतंत्रता में कमी आने का सीधा और स्पष्ट संकेत यही है कि लोकतंत्र की मूल भावना में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का जो अधिकार निहित है, उसमें धीरे-धीरे कमी आ रही है। समाज में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है, इसीलिए इसे लोकतंत्र का चौथा मजबूत स्तंभ माना गया है लेकिन पिछले कुछ वर्षों से जिस प्रकार खासकर इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा बगैर किसी जानकारी को जांचे-परखे केवल अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए झूठ का बवंडर तैयार किया जाता है, उसे देखकर कई बार तो ऐसा प्रतीत होता है मानो टीवी चैनल पर समाचार या कोई न्यूज कार्यक्रम नहीं बल्कि कोई मसालेदार राजनीतिक फिल्म चल रही हो। इसका सबसे बड़ा नुकसान यही हो रहा है कि लोगों का विश्वास मीडिया पर निरंतर कम हो रहा है और लोगों का आकर्षण सोशल मीडिया की ओर बढ़ रहा है, जहां पहले से ही फेक न्यूज बहुत बड़ी समस्या मौजूद है तथा एआई इस समस्या को और ज्यादा बढ़ाने में बड़ा योगदान दे रही है।

भारतीय संविधान में प्रेस को अलग से स्वतंत्रता प्रदान नहीं की गई है बल्कि उसकी स्वतंत्रता भी नागरिकों की अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता में ही निहित है और देश की एकता तथा अखण्डता खतरे में पड़ने की स्थिति में इस स्वतंत्रता को बाधित भी किया जा सकता है किन्तु ऐसी कोई स्थिति निर्मित नहीं होने पर भी देश में पत्रकारिता का चुनौतीपूर्ण बनते जाना लोकतंत्र के हित में कदापि नहीं है बल्कि यह स्पष्ट रूप से कुछ शक्तियों द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था के चौथे स्तंभ को ध्वस्त करने का ही प्रयास माना जाता है। कल्पना की जा सकती है कि प्रेस की स्वतंत्रता अगर इसी प्रकार सवालों के घेरे में रही तो पत्रकार कैसे पारदर्शिता के साथ अपने कार्य को अंजाम देते रहेंगे? प्रेस की स्वतंत्रता को बाधित करने के प्रयासों के चलते कैसे सच को उजागर कर उसे निष्पक्ष तरीके से जनता तक पहुंचाया जाना संभव होगा? देश में प्रेस की स्वतंत्रता बरकरार रहे, इसके लिए किसी मीडिया संस्थान से जुड़े पत्रकार हों या स्वतंत्र पत्रकार, उनकी सुरक्षा को लेकर कड़े कानून बनाए जाने की सख्त दरकार है ताकि बगैर किसी दबाव या भय के पत्रकार अपना कर्त्तव्य बखूबी निभाते रहें।

# गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल

## ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह

गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

### ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा

अगर आप अपने दिन की शुरुआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा।

सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके



लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा।

चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें।

# बिलावल ने कबूला कड़वा सच

# पाकिस्तान का इतिहास है आतंकवाद को पालना



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो ने आतंकवाद को पालने की बात कबूली है। एक न्यूज चैनल से बात करते हुए बिलावल ने माना कि पाकिस्तान ने पश्चिमी देशों के साथ मिलकर आतंकी संगठनों को बढ़ावा दिया है। बिलावल ने कहा कि यह पाकिस्तान का एक इतिहास और यह किसी से छुपा नहीं है। इसकी वजह से पाकिस्तान को भी नुकसान उठाना पड़ा है और इस समस्या से निपटने के लिए हमने सुधार किए हैं। बिलावल का यह बयान पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयान के बाद आया है। बिलावल से पहले आसिफ भी आतंकवाद को बढ़ावा देने की बात कबूल चुके हैं। पाकिस्तान के रक्षामंत्री पिछले हफ्ते एक बयान में कहा था कि उनका देश पिछले 30 साल से आतंकवादियों का समर्थन कर रहा है और उन्हें ट्रेनिंग दे रहा है। उन्होंने कहा कि वे अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने ब्रिटिश अखबार द स्काई को दिए इंटरव्यू में यह बातें कही थीं। ब्रिटिश एंकर यल्दा हकीम ने उनसे सवाल पूछा था कि क्या पाकिस्तान आतंकी गुटों की गति. विधियों के लिए जिम्मेदार है? इस पर उन्होंने कहा था कि दुनिया की बड़ी ताकतों ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया है। उन्होंने माना कि अगर हम, सोवियत यूनियन के खिलाफ जंग में शामिल नहीं होते और 9/11 के हमलों के बाद जो हालात बने, वो न बनते तो पाकिस्तान का रिकार्ड बेदाग होता। ख्वाजा आसिफ ने यह भी माना था कि आतंकियों का समर्थन करना या ट्रेनिंग देना बड़ी गलती थी। हम इसकी सजा भुगत रहे हैं। बिलावल ने गुरुवार को एक बार फिर सिंधु में खून बहाने की धमकी दी। एक रैली को संबोधित करते हुए बिलावल ने कहा कि हम जंग नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर उन्होंने सिंधु पर हमला किया तो इससे पानी बहेगा या खून बहेगा। बिलावल ने इससे पहले पिछले हफ्ते शुक्रवार को एक रैली में कहा था कि सिंधु में या तो पानी बहेगा या उनका खून। दरअसल भारत ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौते को रोक दिया है। पाकिस्तान ने भारत के इस कदम को एकतरफा बताते हुए फैसले का विरोध किया है। पहलगाम हमले को लेकर भारत की तरफ से पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता खत्म करने के बाद पाकिस्तानी मंत्री और अधिकारी लगातार विवादित बयान दे रहे हैं। शहबाज शरीफ ने शनिवार 26 अप्रैल को पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि पहलगाम हमले का आरोप लगाकर पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।


## ट्रम्प ने माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत नामित किया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज को संयुक्त राष्ट्र में अगला अमेरिकी राजदूत नामित किया।

ट्रम्प ने कल सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि अंतरिम अवधि में, विदेश मंत्री मार्को रुबियो विदेश विभाग में अपना मजबूत नेतृत्व जारी रखते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार के रूप में भी काम करेंगे। पहले की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वाल्ट्ज और उनके डिप्टी एलेक्स वोंग दोनों के व्हाइट हाउस में गुरुवार को अपने वर्तमान पद से इस्तीफा देने की उम्मीद है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में वाल्ट्ज के नामांकन के लिए सीनेट की पुष्टि की आवश्यकता है। ट्रम्प ने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत के रूप में रिपब्लिकन एलिस स्टेफनिक के अपने नामांकन को 27 मार्च को वापस ले लिया।

# अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का आया भूकंप, सूनामी की भी चेतावनी जारी

## लोगों को ऊंची जगहों पर जाने की सलाह दी



**ब्यूनस आयर्स।** साउथ अमेरिकी देश अर्जेंटीना में 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूंकप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप भारतीय समयानुसार शाम 6.30 बजे आया है। भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिणी राज्य उशुआइया से 222 किमी दूर समुद्र में ड्रेक पैसेज में था, जिसकी गहराई 10 किमी थी। बता दें कि ड्रेक पैसेज दक्षिण अमेरिका के केप हार्न, चिली, अर्जेंटीना और अंटार्कटिका के दक्षिण शेटलैंड द्वीपों के बीच का समुद्री इलाका है। प्रशासन ने लोगों से ऊंची जगहों पर जाने के लिए कहा है। प्रभावित इलाकों में सुनामी की चेतावनी वाले सायरन बजना शुरू हो गए हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। एक दिन पहले भी अर्जेंटीना में 5.8 तीव्रता का भूंकप आया था। अर्जेंटीना के पड़ोसी देश चिली के तटीय इलाकों भी को अलर्ट पर रखा गया है। चेतावनी में कहा गया है कि लहरें चिली के प्यूर्टो विलियम्स तक पहुंच सकती हैं। चिली की नेशनल डिजास्टर सर्विस ने पूरे दक्षिणी तट को खाली कराने के लिए कहा है। इसके लिए लोकल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि भूकंप से निपटने के लिए देश के पास सभी संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि हम लोगों से अपील करते हैं कि वो मैगलन इलाके में समुद्र तट से दूर चले जाएं। इस समय हमें अधिकारियों के निर्देशों को पूरी तरह फालो करना है। अमेरिका का सुनामी वार्निंग सिस्टम अगले एक घंटे में फिर से चेतावनी जारी करेगा।

# दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट हमला

**यरूशलेम।** इजरायल ने सीरिया में ड्रूज समुदाय के लिए किसी खतरे को रोकने के लिए दमिश्क में राष्ट्रपति भवन के निकट लक्ष्य पर हमला किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जानकारी दी है। वाई-नेट ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, यह सीरियाई शासन के लिए एक स्पष्ट संकेत है।

हम दमिश्क के दक्षिण में सेना की तैनाती और ड्रूज समुदाय के लिए किसी भी तरह के खतरे की अनुमति नही देंगे। सीरिया के गृह मंत्रालय ने बाद में बताया कि स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि बुधवार रात से लेकर आज तक दमिश्क के निकट सीरियाई शहर साहनाया में सशस्त्र समूहों और ड्रूज आत्मरक्षा सेनानियों के बीच झड़पें हुईं, जहां मुख्य रूप से ड्रूज आबादी रहती है। ड्रूज अरबों का एक जातीय-धार्मिक समूह है जो लेबनान, सीरिया, इजरायल और जॉर्डन में रहता है। दिसंबर 2024 में दमिश्क में सत्ता परिवर्तन के बाद इजरायल ने बार-बार सीरियाई ड्रूज की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



# महामारी प्रवण वायरसः वैक्सीन प्लेटफॉर्म लॉन्च

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका ने महामारी प्रवण वायरस के लिए अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफार्म लांच किया है। अमरीकी स्वास्थ्य और मानव सेवा विभाग (एचएचएस) और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ ने गुरुवार को जेनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड के लॉन्च की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह महामारी-प्रवण वायरस से निपटने के लिए डिज़ाइन किया गया एक अगली पीढ़ी का सार्वभौमिक वैक्सीन प्लेटफ़ॉर्म है। एनआईएच के अनुसार यह प्लेटफ़ॉर्म बीटा- प्रोपियो लैक्टोन -निष्क्रिय, संपूर्ण-वायरस दृष्टिकोण पर आधारित है जो पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का एक आधुनिक रूप है। एनआईएच ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह पहल पारदर्शिता, प्रभावशीलता और व्यापक तैयारी की ओर एक निर्णायक बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है जो एनआईएच के सार्वभौमिक इन्फ्लूएंजा और कोरोनावायरस टीकों के इन-हाउस विकास को वित्तपोषित करती है जिसमें बीपीएल-1357 और बीपीएल-24910 शामिल हैं। इन टीकों का उद्देश्य महामारी-प्रवण वायरस जैसे एच 5 एन 1 एवियन इन्फ्लूएंजा सहित कोरोनावायरस के कई प्रकारों के खिलाफ व्यापक-स्पेक्ट्रम सुरक्षा प्रदान करना है। एनआईएच के निदेशक डा. जय भट्टाचार्य ने कहा, जनरेशन गोल्ड स्टैंडर्ड एक आदर्श बदलाव है। यह स्ट्रेन-विशिष्ट सीमाओं से परे वैक्सीन सुरक्षा का विस्तार करता है और फ्लू वायरल खतरों के लिए तैयार करता है न केवल आज बल्कि कल भी 21वीं सदी में लाई गई पारंपरिक वैक्सीन तकनीक का उपयोग करके।



# अमेरिका के साथ ईरान की फिर अनबन

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि इटली के रोम में अमेरिका के साथ अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का चौथा दौर मध्यस्थ ओमान के प्रस्ताव पर स्थगित कर दिया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाघई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक बाघई ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नई तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने देश के 'वैध और कानूनी हितों की रक्षा करने और ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों तथा आर्थिक दबाव को समाप्त करने के लिए कूटनीति का उपयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की।

प्रवक्ता ने जोर देकर कहा कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल सद्भावना के साथ वार्ता में प्रवेश करने के बाद से परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण तरीके से उपयोग करने और अवैध प्रतिबंधों को समाप्त करने के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत देश की सैद्धांतिक स्थिति के आधार पर विशिष्ट रूपरेखाओं पर चर्चा कर रहा है, जो एक न्यायसंगत, तर्कसंगत और टिकाऊ समझौते को प्राप्त करने के उद्देश्य से परिणाम-उन्मुख वार्ता के प्रति अपनी गंभीरता को प्रदर्शित करता है। इससे पहले दिन में, ओमानी विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद अल बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आधिकारिक तौर पर घोषणा की कि शनिवार को होने वाली ईरान-अमेरिका वार्ता का चौथा दौर लॉजिस्टिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने कहा, पारस्पर तौर पर सहमत होने पर नई तारीखों की घोषणा की जाएगी।

# गाजा को अकालग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आग्रह

**गाजा।** गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने खाद्य की गंभीर संकट को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र से गाजा को अकाल क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया है। मंत्रालय के महानिदेशक मुनीर अल-बुरश ने गुरुवार को कहा कहा कि गाजा में 91 प्रतिशत गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं, जबकि 65 प्रतिशत लोगों को स्वच्छ पेयजल की पहुंच नही है। 92 प्रतिशत बच्चे व स्तनपान कराने वाली माताएं गंभीर खाद्य संकट से पीड़ति हैं, जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। वर्तमान स्थिति संयुक्त राष्ट्र को गाजा पट्टी को अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने की अनुमति देती है। अल-बरश ने कल अनादोलु समाचार एजेंसी से कहा कि गाजा के लगभग 91 प्रतिशत निवासी गंभीर खाद्यान्न की कमी का सामना कर रहे हैं अन्य 65 प्रतिशत के पास स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नही है। लगभग 92 प्रतिशत बच्चे और स्तनपान कराने वाली माताएं खाद्यान्न की कमी से बुरी तरह पीड़ति हैं जो उनके जीवन के लिए सीधा खतरा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र से गाजा पट्टी को आधिकारिक रूप से अकालग्रस्त क्षेत्र के रूप में मान्यता देने का आग्रह किया। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कल चिकित्सा और मानवीय संगठनों के साथ-साथ दुनिया भर के कार्यकर्ताओं से युद्ध क्षेत्र में फिलिस्तीनी बच्चों का समर्थन करने के लिए एक सप्ताह तक चलने वाला अभियान चलाने का आह्वान किया। मंत्रालय ने चिकित्सा संस्थानों से गाजा में आपातकालीन चिकित्सा दल, प्राथमिक चिकित्सा आदि की खेप भेजने और सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों पर एन्क्लेव की नाकाबंदी समाप्त करने के लिए दबाव डालने का भी आग्रह किया।

# हार्वर्ड यूनिः टैक्स फ्री दर्जा खत्म करेंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स फ्री संस्थान का दर्जा खत्म करने जा रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि वे इसी के हकदार हैं। इससे पहले हार्वर्ड की 2.2 अरब डालर फंडिंग पर रोक लगा चुके हैं। दरअसल ट्रम्प प्रशासन ने यूनिवर्सिटी से यह मांग की है कि वह अक्टूबर 2023 के बाद कैंपस में हुई यहूदी विरोधी घटनाओं पर बनी सभी रिपोर्ट और ड्राफ्ट भी सरकार को सौंपे। प्रशासन चाहता है कि इन रिपोर्टों को तैयार करने वाले सभी लोगों के नाम बताए जाएं और उन्हें संघीय अधिकारियों के इंटरव्यू के लिए उपलब्ध कराया जाए। यूनिवर्सिटी ने इस आदेश के खिलाफ कोर्ट में केस भी किया है।

यूनिवर्सिटी का आरोप है कि ट्रम्प सरकार राजनीतिक दबाव बनाकर शैक्षणिक कामकाज पर कंट्रोल करना चाहती है। हार्वर्ड ने इसे यूनिवर्सिटी के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन का आरोप लगाया है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर्स ने भी 12 अप्रैल को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन के खिलाफ मैसाचुसेट्स की फेडरल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट केस दायर किया था। को रोकनी की धमकी के खिलाफ यह केस दर्ज किया था। दरअसल उस दौरान ट्रम्प प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी को मिलने वाले 9 अरब डालर के फंड की समीक्षा कर रहा था। हार्वर्ड के प्रोफेसर्स ने हवाला दिया कि ट्रम्प का यह फैसला अमेरिकी संविधान के फर्स्ट अमेंडमेंट प्रथम संशोधन का उल्लंघन करता है।

## विदेश मंत्रालय ने नेपाली छात्रा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित कलिग इंस्टीट्यूट आफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एक नेपाली छात्रा के आकस्मिक निधन पर शोक एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक बयान में कहा कि हम केआईआईटी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर के एक नेपाली छात्रा के दुखद निधन से बहुत दुखी हैं। हम इस कठिन समय में शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। इस दुखद घटना के बारे में पता चलने के बाद विदेश मंत्रालय ओडिशा राज्य सरकार के साथ लगातार संपर्क में है। ओडिशा राज्य सरकार छात्रा के परिवार को पूरा सहयोग दे रही है। वर्तमान में ओडिशा पुलिस द्वारा गहन जांच की जा रही है। बयान में कहा गया है कि भारत सरकार सभी अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण को बहुत गंभीरता से लेती है।

# नासाः स्फीयरएक्स का विज्ञान संचालन शुरू

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष वेधशाला स्फीयरएक्स ने आधिकारिक तौर पर विज्ञान संचालन शुरू कर दिया है जो ब्रह्मांड की उत्पत्ति, आकाशगंगाओं के विकास और आकाशगंगा में जीवन के निर्माण खंडों में नई अंतर्दृष्टि को उजागर करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। नासा ने गुरुवार को यह घोषणा की। नासा ने बताया कि स्फीयरएक्स अगले दो वर्षों में प्रतिदिन लगभग 3,600 चित्र लेगा एवं पूरे आकाश का व्यवस्थित रूप से सर्वेक्षण करेगा। नासा के अनुसार 11 मार्च को लॉन्च किए गए स्फीयरएक्स ने पिछले छह सप्ताह जांच, अंशांकन और अन्य गतिविधियों से गुजरते हुए बिताए हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह ठीक से काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब विज्ञान संचालन शुरू होने के साथ वेधशाला तीन आयामों में करोड़ों आकाशगंगाओं की स्थिति का चार्ट बनाएगी। इसका लक्ष्य ब्रह्मांड विज्ञान में कुछ सबसे गहन प्रश्नों को संबोधित करना है, जैसे कि ब्रह्मांड कैसे शुरू हुआ और इसकी बड़े पैमाने की संरचना कैसे विकसित हुई। वाशिंगटन में नासा मुख्यालय में खगोल भौतिकी प्रभाग के कार्यवाहक निदेशक शॉन डोमागल-गोल्डमैन ने कहा यह नई वेधशाला अंतरिक्ष आधारित खगोल भौतिकी सर्वेक्षण मिशनों के समूह में शामिल हो रही है जो नासा के नैन्सी ग्रेस रोमन स्पेस टेलीस्कोप के प्रक्षेपण की ओर अग्रसर है। इन अन्य मिशनों के साथ वेधशाला ब्रह्मांड के बारे में उन बड़े सवालों के जवाब देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# इस साल भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता करेंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस शेफकोविक ने वैश्विक व्यापार चुनौतियों के समाधान के लिए एक दूरदर्शी और ठोस वार्ता की और 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता एफटीए संपन्न करने के अपने साझा संकल्प की पुष्टि की। बातचीत में दोनों नेताओं ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन द्वारा फरवरी 2025 में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली की ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षियों के संबंधों को दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गोयल की यूरोप की यात्रा के निष्कर्ष पर शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि उच्च स्तरीय सहभागिता इस बात को रेखांकित करती है कि दोनों साझेदार एक व्यावसायिक रूप से सार्थक, पारस्परिक रूप से लाभकारी, संतुलित और निष्पक्ष व्यापार साझेदारी बनाने के लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं जो आर्थिक सशक्त और समावेशी विकास का समर्थन करती है। गोयल की यूरोपीय संघ के साथ इस बातचीत में एफटीए वार्ता के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया और मासिक बैठकों और निरंतर आभासी सहभागिता के माध्यम से चल रही गति को बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया गया। दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान और व्यावहारिकता की भावना से लंबित मुद्दों को हल करने के अपने उद्देश्य को दोहराया, जिसमें 12-16 मई 2025 को नई दिल्ली में होने वाला अगला दौर भी शामिल है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत ने इस बात पर जोर दिया है कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए प्रशुल्क कटौती चर्चाओं के साथ-साथ गैर- प्रशुल्कीय बाधाओं पर भी समान ध्यान देने की आवश्यकता है और नियामक ढांचे को समावेशी, आनुपातिक होना चाहिए तथा व्यापार को प्रतिबंधित करने से बचना चाहिए। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल संक्रमण का समर्थन करके, विविध और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देकर वैश्विक वाणिज्य की उभरती वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने की आकांक्षा रखता है। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार समझौता हो जाने पर, यह व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक परिवर्तनकारी स्तंभ के रूप में काम करेगा, बाजार में प्रवेश की सुगमता को बढ़ाएगा, नियामक सहयोग का समर्थन करेगा और दोनों पक्षों में नवाचार और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

# भारत के निर्यात में 6.01% की वृद्धि

## 824.9 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छूआः आरबीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मार्च 2025 के लिए सेवा व्यापार पर जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत का कुल निर्यात (वस्तु एवं सेवा निर्यात सहित) 6.01 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2024.25 में 824.9 अरब डालर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया है। रिजर्व बैंक के आंकडों के अनुसार सेवा निर्यात ने विकास की गति को आगे बढ़ाया, जो 2024.25 में 387.5 अरब डॉलर के ऐतिहासिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 341.1 अरब डॉलर से 13.6 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में, सेवा निर्यात 35.6 अरब डॉलर रहा, जो मार्च 2024 में 30.0 अरब डॉलर की तुलना में 18.6 प्रतिशत की साल दर साल वृद्धि दर्शाता है। पिछले वर्ष सकल निर्यात 778.1 अरब डॉलर के बराबर था। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा देश के व्यापार की प्रगति की राह में एक नया मील का पत्थर स्थापित करता है। वर्ष 2024-25 में, पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर व्यापारिक निर्यात बढ़कर रिकॉर्ड 374.1 अरब डॉलर हो गया, जो 2023.24 में 352.9 अरब डॉलर से 6.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है।

## गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में रचा नया कीर्तिमान

**मुंबई।** गिफ्ट निफ्टी ने अप्रैल 2025 में 100-93 अरब डॉलर का अब तक का सबसे उच्च मासिक कारोबार हासिल करके एक नया कीर्तिमान बनाया है। यह उल्लेखनीय यह कीर्तिमान सितंबर 2024 में 100.7 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गई है। यह भारत की विकास कहानी के लिए एक बेंचमार्क के रूप में गिफ्ट निफ्टी में बढ़ती वैश्विक रुचि और विश्वास को दर्शाता है। एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि हमें गिफ्ट निफ्टी की सफलता को देखकर खुशी हुई है।